डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
गुरुवार
08.12.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 15
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-54 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

एक बात हमेशा याद रखना
दीपक हमेशा वहीं मिलेगा
जहां अंधकार होगा, फूल वहां
मिलेगा जहां कांटा होगा ठीक
वैसे ही ज्ञान भी वहीं मिलेगा
जो उसका प्यासा होगा।

## न्यूज गैलरी

### चार प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को नयी जिम्मेदारी

**रांची।** झारखंड सरकार ने चार प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को नयी जिम्मेदारी दी है। साल 2019 बैच के प्रशिक्षु आईपीएस एएसपी हजारीबाग को एसडीपीओ मेदिनीनगर पलामू, एएसपी चाईबासा सुमित कुमार अग्रवाल को एएसपी लॉ एंड ऑर्डर जमशेदपुर बनाया गया है। वहीं, 2020 बैच के प्रशिक्षु एएसपी जमशेदपुर प्रवीण प्रभाकर को एसडीपीओ कोडरमा व एएसपी रांची राजपुरोहित को रांची में एएसपी मुख्यालय-1 के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाएं केवल हिंदी में कराने का सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं

– ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने बुधवार सात दिसम्बर को राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की परीक्षाएं केवल हिंदी में कराने का सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है। केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों व संस्थानों में हिंदी को अनिवार्य करने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि सवाल ही नहीं उठता। अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा या स्थानीय भाषा का उपयोग करते हुए उच्च शिक्षा में अधिक कार्यक्रम प्रदान करने की परिकल्पना की गयी है तथा पहुंच और सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) बढ़ाने के लिए द्विभाषी रूप से कार्यक्रमों की पेशकश की गयी है। सभी भारतीय भाषाओं की शक्ति, उपयोग और जीवंतता को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग केंद्र सरकार में प्रमुख भर्ती एजेंसियां हैं और दोनों आयोगों द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाओं में हिंदी और अंग्रेजी में बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न शामिल हैं। जिसमें उम्मीदवार उपयुक्त उत्तर पर सही का निशान लगाता है। मिश्रा ने कहा कि यूपीएससी विभिन्न ग्रुप 'ए' और ग्रुप 'बी' सेवाओं या पदों के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिए परीक्षा और भर्ती नियमों के आधार पर परीक्षा या भर्ती परीक्षा आयोजित करता है, जैसा कि संबंधित मंत्रालय या विभाग द्वारा भाषा के माध्यम सहित तैयार और अधिसूचित किया गया है। हालांकि, यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा में, उम्मीदवार के पास भाषा और साहित्य पत्रों के मामले को छोड़कर, किसी भी क्षेत्रीय भाषा में अपने उत्तर लिखने का विकल्प होता है। उन्होंने कहा कि एसएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं का माध्यम आम तौर पर हिंदी और अंग्रेजी है। हालांकि, एसएससी की मल्टी-टास्किंग गैर-तकनीकी स्टाफ परीक्षा का पेपर-टू संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में आयोजित किया जाता है।

### श्रम मंत्री के सुपुत्र के वैवाहिक समारोह में चतरा पहुंचे सीएम



**चतरा।** जिले में बुधवार को राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के सुपुत्र मुकेश भोक्ता के वैवाहिक समारोह को लेकर चतरा जिले के कारी गांव में आयोजित प्रीतिभोज कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने नव दंपति को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मंत्री श्री भोक्ता और उनके परिजन के साथ उपायुक्त अब इमरान आदि मौजूद थे। वहीं मुख्यमंत्री के आमन को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था किए गए थे। एसपी राकेश रंजन द्वारा हैलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थाल व आपस में पुलिस पदाधिकारी के साथ सुरक्षाबलों की तैनाती की गई थी।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 'झारखंड की दीदियों का स्नातक समारोह' में हुए सम्मिलित

# राज्य की अर्थव्यवस्था का मजबूत होना जरूरी : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य की मजबूती के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत होना जरूरी है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था तभी मजबूत बनेगी, जब ग्रामीण अपने पैरों पर खड़ा होंगे। इसी मकसद से सरकार योजनाओं को बनाकर धरातल पर उतार रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को दि नज इंस्टिट्यूट की ओर से आयोजित 'झारखंड की दीदियों का स्नातक समारोह' को संबोधित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लोहरदगा, लातेहार और गुमला जिले की आजीविका से आत्मनिर्भर और सक्षम बनी 400 दीदियों को सम्मानित कर और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने अति गरीब परिवारों की इन दीदियों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभानेवाले नज इंस्टिट्यूट के प्रयासों और कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दीदियां विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करते हुए जिस तरह विभिन्न आजीविका से जुड़कर ना सिर्फ खुद स्वावलंबी बनी है बल्कि अपने परिवार का भरण-पोषण बेहतरीन तरीके से कर रही हैं, वह अन्य दीदियों के लिए ऊर्जा स्त्रोत हैं। मुझे उम्मीद है कि आनेवाले दिनों में राज्य की सभी दीदियां और भी मजबूत होंगी।



**घर-घर तक पहुंच रही योजनाएं, लोगों की समस्याओं का हो रहा समाधान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। इस दौरान ना सिर्फ ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हुआ है, बल्कि पूरे मान-सम्मान के साथ उन्हें उनका हक और अधिकार भी देने का काम किया गया। इस अभियान में प्रखंड से लेकर मंत्रालय में पदस्थापित सचिव स्तर के अधिकारियों ने भी गांव- गांव जाकर आपको सरकार की योजनाएं से जोड़ने का का काम किया है। कई कार्यक्रमों में मैं भी शामिल हुआ। इसका उद्देश्य सरकार की योजनाओं से हर घर को जोड़ना है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

**गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में हो रहा कार्य :** नज इंस्टिट्यूट की ओर से बताया गया कि वे राज्य में गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान लोहरदगा, गुमला और लातेहार जिला में अति गरीब परिवार की दीदियों को स्वयं सहायता समूह के जरिये आजीविका से जोड़ा गया है। इसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकार, एनआरएलएम और जेएसएलपीएस की ओर से सहयोग दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि ये दीदियां आज आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। ये दीदियां आज घर-परिवार की आमदनी में बड़ा योगदान कर रही हैं। बचत के प्रति भी इनका रुझान काफी सकारात्मक है। अब गोड्डा, पलामू और पूर्वी सिंहभूम जिले में 'एंड अल्ट्रा पॉवर्टी प्रोग्राम' चलाया जा रहा है। शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री को सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर लगाया फ्लैग



**रांची।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सैनिक कल्याण निदेशालय, रांची के कर्नल एसपी गुप्ता (रि.) ने फ्लैग लगाया। मुख्यमंत्री ने सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान जताते हुए उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों पर हम सभी को गर्व है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सशस्त्र बलों और उनके परिजनों के कल्याण कोष के लिए अंशदान किया। इस मौके पर मेजर रामनारायण सिंह (रि.), जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग (विंग कमांडर) राजेश गुप्ता, विनोद कुमार सिंह और विनय सिंह मौजूद थे।

## एमडीएम के गर्म माड़ में गिरकर झुलसी आंगनबाड़ी केंद्र की दोनों बच्चियों की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड की सेलारी पंचायत क्षेत्र के छेचानी मध्य विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना (एमडीएम) के गर्म माड़ में गिरकर गंभीर रूप से झुलसी आंगनबाड़ी केंद्र की दोनों बच्चियों (आपस में बहन) की मौत हो गयी। दोनों का इलाज रांची रिम्स के बर्न वार्ड में चल रहा था। इसी क्रम में मंगलवार की देर शाम छोटी बहन ब्यूटी कुमारी और बुधवार की सुबह बड़ी बहन शिबू की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

### 12 दिन बाद तोड़ा दम

रांची रिम्स के बर्न वार्ड में इलाज के दौरान 12 दिन बाद छोटी बच्ची ने दम तोड़ दिया, जबकि 13वें दिन बड़ी बहन की मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों में चीख-पुकार मची है। माता-पिता और अन्य लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साव ने संकुल साधन सेवी की रिपोर्ट पर सचिव सह प्रधानाध्यापक उमा देवी से स्पष्टीकरण पूछते हुए उन्हें पद से हटा दिया है। संयोजिका शोभा देवी और रसोइया कालो देवी एवं सविता देवी को कार्यमुक्त कर दिया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साव को भी शोकॉज किया गया है। सेविका अनिता देवी को भी शोकॉज किया गया था, लेकिन हटाने या चयनमुक्त करने की कार्रवाई अबतक नहीं की गयी है।

इसकी पुष्टि तरहसी के शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिलों में विकास कार्यों और योजनाओं की करेंगे समीक्षा

## आज से गढ़वा व पलामू भ्रमण के साथ हो रही शुरुआत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब जिलास्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके लिये मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों का भ्रमण कर वस्तुस्थित से अवगत होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री द्वारा जिला के किसी भी विभाग का औचक निरीक्षण किया जायेगा। मुख्यमंत्री द्वारा जिलास्तर पर कंबल का वितरण गरीबों के बीच होगा। मुख्यमंत्री आठ दिसम्बर यानी आज से गढ़वा और पलामू दौरे से इसकी शुरुआत करेंगे।

**मूलभूत सुविधाओं की होगी समीक्षा :** मुख्यमंत्री जिलास्तरीय समीक्षा के क्रम में उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल स्कूल एवं अन्य सरकारी विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों, छात्रावासों, पेयजल आपूर्ति, सड़क और पुल की स्थिति, सिंचाई, पुलिस स्टेशन, आंगनबाड़ी केंद्र, जनवितरण प्रणाली की दुकान एवं अन्य आम लोगों से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित केंद्रों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री सिर्फ इनकी समीक्षा ही नहीं अपितु स्थल का भ्रमण कर उसकी स्थिति से भी अवगत होंगे।

### योजनाओं की वस्तुस्थिति से होंगे अवगत

अपने जिला भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री सरकार की फोकस्ड स्कीम जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी, कृषि ऋण माफी योजना, मनरेगा, स्कॉलरशिप, पर्यटन, खेल व अन्य गतिविधियों की गहन जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा एक करोड़ से अधिक की राशि से अधिक को स्वीकृत योजना की भी समीक्षा होगी। साथ ही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की भी समीक्षा होगी।

### सचिव और उच्च अधिकारी रहेंगे मौजूद

मुख्यमंत्री ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभाग के सचिव, उच्च अधिकारियों और जिलास्तरीय पदाधिकारियों को उपस्थित रहने का आदेश दिया है ताकि लोगों की समस्याओं का तत्काल निवारण किया जा सके।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में कोई कठिनाई होती है तो बिना संकोच हमसे सम्पर्क करें : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं क्रियान्वयन' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करने के उपरांत राज्य में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति/प्रतिकुलपति /कुलसचिव एवं शिक्षाविदों के साथ बैठक की। इस बैठक में राज्य में स्थापित निजी विश्वविद्यालय के कुलपति भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की दिशा में हो रही प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लागू किये जानेवाले विभिन्न पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए शिक्षकों के लिए कार्यशाला, शिक्षा नीति में क्रेडिट सिस्टम, मातृभाषा, व्यावसायिक पाठ्यक्रम इत्यादि के संबंध में निहित प्रावधानों के संदर्भ में की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली एवं कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने में यदि कोई कठिनाई होती है तो बिना संकोच के उनसे सम्पर्क करें। राज्यपाल ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को गंभीरतापूर्वक आत्मसात करें तथा प्राध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित करते रहना चाहिए ताकि हमारे विद्यार्थी इस शिक्षा नीति की विशेषताओं से पूर्णतः अवगत हो सकें। पूर्व से प्रचलित शिक्षा नीति में बदलाव लाने पर शुरुआत में तकलीफें हों सकती है, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो रास्ते निकलते चले जाते हैं। काम नहीं करने के अनेक बहाने होते हैं, लेकिन शेष पृष्ठ 11 पर




## भारत जल्द ही भीषण गर्म हवा का सामना करनेवाला विश्व का पहला देश होगा

### गर्मी के कारण 3.4 करोड़ जायेंगी नौकरियां

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** विश्व बैंक की 'भारत में शीतलन क्षेत्र में जलवायु निवेश के अवसर' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जल्दी ही ऐसी भीषण गर्म हवा का सामना करनेवाला दुनिया का पहला देश होगा, जो इंसानों की बर्दाश्त की सीमा से बाहर होगी। रिपोर्ट में है कि भारत अपेक्षाकृत ज्यादा गर्मी का सामना कर रहा है, जो जल्द शुरू हो जाती हैं और ज्यादा समय तक टिकती है। अप्रैल 2022 में भारत समय से पहले लू की चपेट में आ गया था। राजधानी नयी दिल्ली में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मार्च का महीना तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि का गवाह बना था। यह इतिहास का सबसे गर्म मार्च महीना बनकर सामने आया था। यह रिपोर्ट तिरुवनंतपुरम में केरल सरकार के साथ साझेदारी में विश्व बैंक द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'भारत जलवायु एवं विकास साझेदारों' की बैठक में जारी की जायेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त 2021 में जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट में चेतावनी दी गयी थी कि भारतीय उपमहाद्वीप में आनेवाले दशक में भीषण लू चलने के अधिक मामले सामने आयेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, जी-20 क्लाइमेट रिस्क एटलस ने भी 2021 में आगाह किया था कि यदि कार्बन उत्सर्जन का स्तर अधिक बना रहता है तो पूरे भारत में 2036 से 2065 के बीच लू 25 गुना अधिक समय तक चलने की आशंका है। भारत में बढ़ती गर्मी आर्थिक उत्पादकता में कमी ला सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का 75 प्रतिशत कार्यबल यानी लगभग 38 करोड़ लोग, ऐसे क्षेत्रों में काम करते हैं, जिनमें उन्हें गर्म वातावरण में रहना पड़ता है। कई बार उन्हें जीवन के लिए संभावित रूप से खतरनाक तापमान में काम करना पड़ता है। 2030 तक गर्मी के तनाव से संबंधित उत्पादकता में गिरावट शेष पृष्ठ 11 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार व आरबीआई को नोटबंदी संबंधी सभी दस्तावेज पेश करने को कहा

## आर्थिक नीति संबंधी फैसला लेने के तरीकों की जांच कर सकता है सुप्रीम कोर्ट

– ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों- जस्टिस एस अब्दुल नजीर, बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामासुब्रमण्यम व बीवी नागरत्ना की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार द्वारा नवम्बर 2016 में नोटबंदी लागू करने के विरुद्ध दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बुधवार सात दिसम्बर 2022 को अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से नोटबंदी लागू करने संबंधी सभी रिकॉर्ड पेश करने को कहा है। पीठ ने पक्षकारों को 10 दिसम्बर तक लिखित दलील पेश करने को कहा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा था कि वह केवल इसलिए हाथ बांधकर नहीं बैठेगी, क्योंकि यह एक आर्थिक नीति का फैसला है। न्यायालय ने कहा कि वह इस संबंधी फैसला लेने के तरीकों की जांच कर सकती है। इस वर्ष 12 अक्टूबर को नोटबंदी को लेकर दायर की गयी याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम की दलीलों के बाद सर्वोच्च न्यायालय की बेंच सुनवाई के लिए सहमति जतायी और अब पीठ ने केंद्र सरकार व भारतीय रिजर्व बैंक को नोटबंदी का फैसला लेने से संबंधित दस्तावेज तथा रिकॉर्ड पेश करने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि नोटबंदी से जुड़े सभी रिकॉर्ड सीलबंद कवर में पेश शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्यसभा में पीएम मोदी ने दी उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बधाई

## सदन की उत्पादकता बढ़े, नये सांसदों को ज्यादा मौका मिले : मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बधाई देते हुए कहा कि वह एक किसान परिवार से आते हैं। उनका सदन में होना सदन की शोभा बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले दुनिया ने भारत को जी-20 समूह की मेजबानी का जिम्मेदारी सौंपी है साथ ही यह समय अमृतकाल के आरंभ का समय है। ये अमृतकाल एक नये विकसित भारत के निर्माण का कालखंड तो होगा ही साथ ही भारत इस दौरान विश्व के भविष्य की दिशा तय करने पर भी बहुत अहम भूमिका निभायेगा। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होने सभी दलों से सदन के दौरान सहयोग की उम्मीद जताते हुए कहा है कि संसद के नये सदस्यों को संसद के दौरान बोलने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने सभी दलों से सत्र को सार्थक बनाने की अपील भी की है। इस सत्र में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के एजेंडे में 16 नये बिल शामिल हैं। संसद का शीतकालीन सत्र आठ दिसम्बर से शुरू होकर 29 दिसम्बर तक चलेगा। गुजरात चुनाव कार्यक्रम के कारण सत्र में भी एक महीने की देरी हुई थी। उन्होंने कहा कि इस सत्र में देश को विकास की नयी ऊचांइयों पर ले जाने और भारत को आगे बढ़ाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किये जायेंगे। यह प्रयास होगा कि सभी दल चर्चा में अपने विचारों से मूल्यवृद्धि करें, निर्णयों को नयी ताकत दें और दिशा को स्पष्टता से उजागर करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि मौजूदा लोकसभा का जितना कार्यकाल शेष पृष्ठ 11 पर



# न्यूज गैलरी

## शहर से बाइक की चोरी

**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य शहर के सोना कॉम्प्लेक्स के पास खड़ी एक बाइक की चोरी हो गई। इस संबंध में कस्तूरी चनकार निवासी अभिमन्यु कुमार ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है, लिखित शिकायत में कहा है की वह अपनी बाइक एच आर 26 ईएम 1551 खड़ी कर कपड़ा खरीद रहे थे जब दुकान से बाहर निकला तो बाइक नहीं थी। अपने स्तर से काफी खोजबीन पर पता नही चला।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में मना रेड डे

**हुसैनाबाद।** आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में जूनियर वर्ग के बच्चों के लिए रेड डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चे लाल परिधान में सजे हुए नजर आये। लाल रंग को महत्व देते हुए इस पर विभिन्न लेख लिखे गये। बच्चे अपने टिफिन के लिए भी ऐसे खाद्य सामग्री लाये थे जो लाल रंग की वस्तु से बनी थी। छात्र छात्राओं को प्रकृति के लाल रंग के महत्व को समझाया गया। शिक्षकों ने लाल रंग के फलों, सब्जियों, फूलों और अन्य सामग्री जो हमें अपने दैनिक जीवन में उपयोग करते हैं, पर आधारित गतिविधियों का संचालन करवाया। लाल रंग को आधार मानते हुए कविताओं और गीतों की लड़ियों से इस दिन को मस्ती से सराबोर कर दिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनुज शर्मा ने कहा कि बच्चे एक्टिविटीज के माध्यम से जल्दी सीखते है एवं याद रख पाते है। उनका कहना है कि बुक्स के साथ-साथ प्रैक्टिकल टीचिंग का होना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उदेश्य को ध्यान में रखते हुए बिद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर तरह-तरह की एक्टिविटीज का आयोजन किया जाता रहता है,ताकि खेल-खेल में बच्चे ज्ञानार्जन भी आसानी से कर सकें। मौके पर गतिविधि प्रभारी दीपिका के साथ शिक्षिका रंजना और ज्योति ने सुनिश्चित किया कि या दिन बच्चों के रचनात्मक प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ ज्ञान और आनंद से भी भरा होना चाहिए। सभी विद्यार्थियों ने इस दिन को पिकनिक का रूप देते हुए बड़े ही आनंद के साथ एक ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किया।

## वीर जवान विष्णुदेव सिंह की मनी दूसरी पुण्यतिथि

**मेदिनीनगर।** प्रखंड की पूर्वडीहा पंचायत के लिधकी गांव में आर्मी के वीर जवान विष्णुदेव सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। 1996 में गरीब परिवार में जन्मे विष्णुदेव सिंह बहुत कम उम्र में ही भारतीय सेना में अपना योगदान दिये थे, परंतु ट्रेनिंग के तुरंत बाद पहली ही पोस्टिंग जम्मू कश्मीर के रजौरी में तैनात हुए और ड्यूटी के दौरान ही अल्पायु में 7 दिसंबर 2020 को परलोक सुधार गये। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जवान विष्णुदेव सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विभिन्न अतिथियों द्वारा उद्बोधन किया गया एवं शहीद जवान के जीवन चरित्र को भी बताया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया द्वारा लिधकी मध्य विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक चौरसिया के अलावा चैनपुर उत्तरी जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, पूर्व जिला परिषद संटू चौरसिया, पूर्वडीहा पंचायत के मुखिया संतोष दूबे, पूर्व मुखिया कुलबुल दूबे, उपमुखिया अमित दूबे, पंसस पति सह समाजसेवी प्रदीप दूबे, समाजसेवी विकास दूबे, मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह, जगन्नाथ प्रसाद सिंह, अभय सिंह चेरो आदि उपस्थित हुए।

## आशी केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** पलामू की विडंबना है कि इमरजेंसी में इलाज के अभाव में हर दिन कई जान चली जाती है। कम से कम रेफर के उपरांत रांची पहुंचने में चार घंटे का समय मरीज के परिजनों के लिए भारी पड़ता है। इसी समय को जीवनदायक बनाने के लिए आशी केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ है। पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर के जनकपुरी स्थित पांकी रोड में सबसे बड़े अस्पताल का उद्घाटन प्रबंधक के माता के करकमलों से संपन्न कराया गया। पार्वती देवी, सुषमा पाण्डेय, सकीला बानो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर आशी केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। मौके पर शहर के समाजिक, राजनीतिक, चिकित्सक, अधिवक्ता समेत अन्य क्षेत्रों के गणमान्य मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्र बना जंगली जानवर का आशियाना

# सुखाड़ का मार झेल रहे किसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** पलामू जहां आम जनता पानी समय पर नहीं गिरने से क्षेत्र में अकाल की स्थिति बनी हुई है। खेती हर किसान कुआं का पानी उपयोग में लाकर छोटी मोटी खेती कर अपने जीवन चलाने में किसी तरह सक्षम हो पा रहे हैं वही नीलगाय एवं बंदर के द्वारा गांव में उत्पात नजारा देखने को मिल रहा है छोटी मोटी किसानों के द्वारा उगाया गया फसल खेत में ही नीलगाय के द्वारा नष्ट हो जा रहा है गांव में आए दिन काफी संख्या में बंदर जो छोटे-मोटे पेड़ पौधे तोड़ मरोड़ कर सुखा दे रहे हैं कुछ लोगों का अभी भी



मकान खपड़ा पोश है जिस पर बंदर के दौड़ने से सारे खपड़े टूट जा रहे हैं लोगों को बार-बार बनवाने में काफी परेशानी हो रही है। अखबार के माध्यम से कई बार नीलगाय की समस्या पत्रकारों के द्वारा जनता हित में अखबारों की सुर्खियां बना। तब पर भी फॉरेस्ट विभाग की कानों तक जू तक नहीं रहेगी। जहां पिपरा तोलरा जर्का सेवरा पजरी भंडार बसना लालगढ़ काफी संख्या में अगल-बगल इलाके के काफी गांव त्रस्त नजर आ रही है सरकार को एवं फॉरेस्ट विभाग को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द विभाग के द्वारा सराहनीय कदम उठनी चाहिए। अगर कोई ठोस कदम नहीं उठता है तो छोटे तबके के किसान अपने गांव से रोजी-रोटी की तलाश में विवश होकर बाहर कमाने जाने के लिए मजबूर दिखते नजर आ रहे हैं।

### बीज वितरण में बरती गई अनियमितता

# जिला परिषद ने उपायुक्त को लिखा पत्र, जांच कराने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सूखे की मार झेल रहे किसानों को रबी की खेती में सहयोग के लिए केंद्र सरकार की और से एनएफएसएम के सरसों तथा राज्य सरकार की और से चना, मंसूर, मूंग, मक्का आदि के बीज किसानों को निःशुल्क वितरण करने के लिए भेजे गये हैं। लेकिन विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों की लापरवाही के कारण किसानों के बीज वितरित नहीं किया जा सका। नावा बाजार प्रखंड के जिप सदस्य रीना देवी ने बीज वितरण में बरती गई अनियमितता को लेकर पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर शिकायत की है। पत्र में लिखा है कि कृषि विभाग द्वारा नवाबाजर प्रखंड को चना, मक्का व सरसो का आवंटन किया गया था। उक्त बीज का वितरण कलस्टर में अवस्थित किसानों के बीच किया जाना था। लेकिन कृषि पदाधिकारी प्रभु राम के द्वारा प्रखंड के पंचायत समिति सदस्य व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के बीच चना वितरण किया गया। इस प्रकार स्पष्ट है कि चना के वितरण में बिचौलिया के द्वारा बंदर बांट करते हुए फर्जी ढंग से रिकॉड मेंटनेंस किया जा रहा है। चना वितरण में प्रखंड कृषि पदाधिकारी के द्वारा बरती गई अनियमितता की जांच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# महिला व दिव्यांग सवारी बोगी से सफर कर रहे ढेड़ दर्जन यात्री धराये, लगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में बुधवार को रेलवे के महिला बोगी तथा विकलांग/दिव्यांग बोगी में अवैध रूप से सफर कर रहे यात्रियों के खिलाफ अभियान चलाकर ढेड़ दर्जन से अधिक यात्रियों को पकड़ा गया। जपला रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 03364 तथा 03311 में अभियान चलाया गया, जिसके तहत दस लोगों को महिला बोगी से तथा छह को दिव्यांग बोगी में अवैध रूप से सफर करते पाये गये। पकड़े गये लोगो को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी डाल्टनगंज के समक्ष पेश किया गया, जहां उन सबों को मजिस्ट्रेट के द्वारा जुर्माना लगाया गया। इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल थाना के उप निरीक्षक निशांत कुमार, सहायक उपनिरीक्षक नील रतन सिंह, हेड कांस्टेबल बीपी सिंह, कांस्टेबल विजय कुमार सिंह ,शहाबुद्दीन अंसारी, कुंदन कुमार सिंह तथा आरक्षी संतोष कुमार आदि शामिल थे। प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन का कहना है कि यात्री गाड़ियों में निर्धारित महिला डब्बे में अवैध रूप से यात्रा करने वाले पुरुषों की वजह से महिलाओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है जिसके मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार ऐसे अभियान चलाये जा रहे हैं, जो भविष्य में भी जारी रहेंगे।




# सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** प्रयागराज प्रेरणा प्रमाण आश्रम की ओर से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जो गढ़वा के फरठिया वनांचल डेंटल कॉलेज परिसर में 24 फरवरी को होगा। इस वर्ष 51 जोड़ों का विवाहित कार्यक्रम संपन्न होगा। जहां वर वधु को दहेज स्वरूप संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे। इस पर आने वाले सभी खर्च आश्रम की ओर से वाहन किया जायेगा। गौरतलब है कि बनानी चल डेंटल कॉलेज के चेयरमैन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अभिभावक अपने वर वधू का चयन कर रजिस्ट्रेशन करा लें। रजिस्ट्रेशन 15 दिसंबर तक रेहला शिवतार ट्रेडर्स व वनांचल डेंटल कॉलेज में होगा।

# गरीबों के बीच किया 500 कंबल का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** पलामू आदि महागुरु भगवान श्री दत्तात्रेय के जयंती के अवसर पर इलाहाबाद प्रेरणा परमार्थ आश्रम की रेहला इकाई की ओर से 500 गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसे लेकर एक समारोह का आयोजन रेहला के शिवतार ट्रेडर्स परिसर में किया गया था। जिसकी अध्यक्षता प्रेरणा प्रमाण आश्रम केरला इकाई प्रमुख रंजीत कुमार सिंह व संचालन शिक्षाविद अरुण सिंह व रेहला ज्ञान निकेतन स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह ने किया। आयोजित कंबल वितरण समारोह की शुरूआत गुरु दत्तात्रेय अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम गुरुपद संभव राम जी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ की गई। मौके प्रयाग प्रेरणा परमार्थ आश्रम के संस्थापक तपस्वी सुधीर भैया जी ने कहा कि मानव सेवा सभी को मोक्ष प्राप्त करने का एक अवसर प्रदान करता है। मोक्ष प्राप्त करने का सबसे सरल रास्ता मानव सेवा ही है। मानव सेवा देव सेवा के बराबर है। छोटे-बड़े सभी मनुष्य के शरीर मे भगवान का वास होता है। जाती पाती वह धर्म से उपर उठकर कार्य करने की जरूरत है।

# जमुआ ने जीता मैच पतरा कलां व पतरिया की फुटबॉल टीम रही बराबरी पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को पहला मुकाबला पतरिया बनाम पतरा कलां के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। लेकिन कोई भी टीम गोल करने में कामयाब नहीं हुई और मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ। वहीं दूसरे मुकाबले में है पतरा खुर्द का सामना जमुआ से हुआ जिसमें जमुआ ने रोमांचक मुकाबले में पतरा खुर्द को 2-1 से हराकर पहली जीत हासिल की। जमुआ के तरफ से लव कुश कुमार ने गोल किया। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया और उन्हें बधाई दी। क्लब के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को अनुशासित ढंग से खेलने के लिए प्रेरित किया। और उन्हें खेल के महत्व के बारे में जानकारी दिया। मैच के दौरान कुंदन पासवान, प. समिति सदस्य प्रदीप पासवान, जमुआ के मुखिया ओम प्रकाश राम, समाज सेवी गुडडू खान, अशोक सिंह, विनोद पासवान, भानू प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार, लड्डू, प्रह्लाद ठाकुर, उपस्थित रहे। टूनार्मेंट में गुरुवार का मैच मोहम्मदाबाद बनाम बिलासपुर तथा पथरा बनाम पतरिया के बीच खेला जायेगा।

झारखण्ड-सरकार
Skill India
श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग
औद्योगिक प्रषिक्षण सस्थान, गढ़वा
प्राचार्य का कार्यालय

प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला सूचना

RDSDE झारखण्ड रांची के माध्यम से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में दिनांक–12.12.2022 (दिन सोमवार) को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 10:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME / Manufacturing Sector / Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/ Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeship india.gov.in पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहुँचकर पंजीयन करा सकते है।

अतः गढ़वा जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक के सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

नोटः–अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा एवं जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
गढ़वा

PR 284403 Labour Employment and Traning (22-23)_D

# मदरसा कमिटी के सदस्यों ने दुकानों को किया सील, दुकानदार पहुंचे थाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी के मुख्य बाजार स्थित मदरसा खैरुल इस्लाम कमिटी के सदस्यों ने मदरसा परिसर में बने कुछ दुकानों को सील कर दिया। कमेटी द्वारा इस फैसले से नाराज दुकानदारों ने थाना में लिखित शिकायत की है। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर मदरसा खैरुल इस्लाम के वर्तमान अध्यक्ष चंगेज सिद्दिकी ने बताया कि कोरोना काल से पहले इस मदरसा में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह बंद हो चुका था, क्योंकि पूर्व की कमेटी द्वारा 12 वर्षो तक कमेटी यह आवाम को मदरसा मार्केट से आने वाले खर्च का ब्यौरा नहीं दे रहे थे। जिसके कारण मदरसा में पढ़ाई बंद हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की राय सुमारी के बाद एक अवामी बैठक मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में हाफिज सगीर साहब की अध्यक्षता में हुई, और नए कमिटी बनाकर मदरसा को नियमित रूप से संचालन करने का निर्णय लिया गया। नई कमेटी के सदस्यों की लगातार मेहनत से मदरसा में दिन प्रतिदिन बच्चों की संख्या बढ़ने लगी और जो अभी करीब 200 बच्चें मदरसा में शिक्षा पा रहे है। वहीं कमेटी के लोगों ने मदरसा परिसर में दुकानदारों को किराये की मांग की। परंतु लोग कमेटी की बातों को अनसुनी कर रहे थे। कमेटी के द्वारा दुकानदारों को नोटिस भेजा गया। जिसमें कई दुकानदार तो नियमित रूप किराया देने की बात भी कही। वहीं कुछ मदरसा व यतीमखाने की किराया नहीं देने के साथ दुकानदार मदरसा की दुकान को अपनी मालिकान हक जताते हुए थाना पुलिस, कोर्ट में जाने की बात कहकर किराया देने से इंकार कर रहे थे। इससे नाराज आवाम व कमेटी के लोगों ने वैसे दुकानदारों की दुकान को सील कर दिया है। उधर कमेटी किराया चुकता करने के बाद दुकान खोलने की बात कही है।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION DIVISION,
MEDININAGAR

E-Procurement Notice
(1th Call)
Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-24/2022-23
Dated : 07-12-2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | 10.01.2023 / 12.30 P.M. |
| 3 | Date of Pre-bid Meeting | 17.01.2023 / 12.30 P.M. Office of the Engineer-In-Chief, D.W.S.D, Nepal House, Ranchi |
| 4 | Last date / Time for receipt of Bid | 31.01.2023 / 05.00 P.M. |
| 5 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | 01.02.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 6 | Date & time of Opening of Tender | 02.02.2023 / 04.00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 11 | Detailed survey, designing and drawing, construction of 17434 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23. | |

| SL. No. | Group No. | Name of Block | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | SVS/CLUSTER-27 | Panki | 2 | 13 | 80 | 757.58970 | 7.58 | 10000.00 | 9 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-29 | Panki | 2 | 14 | 82 | 837.14113 | 8.38 | 10000.00 | 9 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-63 | Pandu | 1 | 5 | 51 | 537.95836 | 5.38 | 10000.00 | 9 Months |
| 4 | SVS/CLUSTER-64 | Pandu | 2 | 4 | 64 | 696.48676 | 6.97 | 10000.00 | 9 Months |
| 5 | SVS/CLUSTER-65 | Pandu | 2 | 6 | 49 | 518.48082 | 5.19 | 10000.00 | 9 Months |
| 6 | SVS/CLUSTER-66 | Pandu | 2 | 4 | 58 | 595.83792 | 5.96 | 10000.00 | 9 Months |
| 7 | SVS/CLUSTER-67 | Pandu | 3 | 8 | 62 | 662.35599 | 6.63 | 10000.00 | 9 Months |
| 8 | SVS/CLUSTER-83 | Pandu | 4 | 14 | 60 | 632.66118 | 6.33 | 10000.00 | 9 Months |
| 9 | SVS/CLUSTER-84 | Pandu | 3 | 6 | 58 | 616.58939 | 6.17 | 10000.00 | 9 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS

Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar

PR.NO.284502 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

आम सूचना

सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक– SUDA/SBM/SWM-SLMC/18/2019/1010, दिनांक– 04.06.2019 द्वारा माननीय राष्ट्रीय अधिकरण के वाद संख्या– 606/2018 के आलोक में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम– 2021 को कड़ाई से लागू करने का निर्णय लिया गया।

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम–2021 के अन्तर्गत यह स्पष्ट किया गया है कि प्लास्टिक से बने कैरी बैग या उत्पाद जिनकी मोटाई 75 माईक्रोन से कम है एवं गैर–बुना हुआ प्लास्टिक कैरी बैग जो 60 ग्राम प्रति वर्ग मीटर (GSM) से कम है के उपयोग 30 सितम्बर 2021 से प्रतिबंधित है साथ ही 31 दिसम्बर 2022 से 120 माइक्रोन की मोटाई से कम से प्लास्टिक से बने कैरी बैग या उत्पाद प्रति बंधित होंगे।

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम– 2021 के नियम 4 (उपनियम–2) के द्वारा 1 जुलाई 2022 की तारीख से पोली स्टाइरीन और विस्तारित पोली स्टाइरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल–प्रयोग–प्लास्टिक (Single Use Plastic) वस्तुओं की विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग का निषेध किया गया है :–

(क) प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैंडीस्टिक, आई स्क्रीम की डंडिया पोलीस्टाईरीन (थर्मोकॉल) की सजावटी सामग्री।

(ख) प्लेटें, कप, गिलास, कांटे चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के इर्द–गिर्दल पेटने या पैक करने वाली फिल्में निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पी0वी0सी0 बैनर, स्ट्रिर।

अतः सभी को निदेशित किया जाता है कि 31 दिसम्बर 2022 तक आमदिनों के साथ–साथ किसी भी उत्सव, सामुदायिक आयोजन/कार्यक्रम इत्यादि में 75 Microns से कम मोटाई के प्लास्टिक के उत्पादों का आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय एवं उपयोग दण्डनीय अपराध है। 31 दिसम्बर 2022 के उपरान्त 120 Microns से कम मोटाई के प्लास्टिक के उत्पादों का आयात, भंडारण, वितरण विक्रय एवं उपयोग दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा।

जुर्माना राशि का निर्धारण झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम– 2021 द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जुर्माना राशि का निर्धारण निम्न प्रकार से किया गया है :–

A. Retailer: Seizure of plastic bags/sheets: Minimum fine
Rs. 2000/- (I violation) Rs. 5000/- (II violation)
Rs. 10,000/- (Third incident : seizure of trade documents thereafter.)

B. Street vendor: Seizure of plastic bags/sheets : Minimum fine
Rs. 200/- (I violation) Rs. 500/- (II violation)
Rs. 1000/- (Third incident : seizure of trade documents for violation thereafter.)

Penalty imposed will be the sum of minimum fine (as mentioned in subsection A and B) (as applicable) and the fine calculated against the amount of banned plastic seized.

| Sl. No. | Amount of Banned Plastic seized | Penalty Amount |
|---|---|---|
| 1 | Up to 1 kg | Rs. 100.00/100gm |
| 2 | Form 1 kg to 5 kg | Rs. 1000.00 + Rs. 200.00/ kg |
| 3 | Above 5 kg | Rs. 2000.00 + Rs. 100.00/kg |

Additional Penalty as per Section 15 (1) of EPA 1986 Section 15 (1) in The Environment (Protection) Act, 1986 can be imposed.

झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 455 के अधीन सरकार द्वारा अधिसूचित Revised Jharkhand Municipal Trade License Regulation-2017 के अधीन व्यापार करने हेतु निकाय से Municipal Trade License लिया जाना अनिवार्य है। यह License निर्धारित माप दण्ड शर्त एवं बन्धेज के अधीन निर्गत किया जाता है। यदि किसी भी प्रतिष्ठान के द्वारा Plastic Carry bag का उपयोग किया जाता है, तो यह सरकार के आदेश एवं Trade License के शर्त एवं बन्धेज के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। जो भी प्रतिष्ठान इस Plastic Carry Bag का उपयोग करते पाये जाते है, तो उन पर उल्लेखित जुर्माना राशि अधिरोपित करते हुए निर्गत Trade License को रद्द करने हेतु स्पष्ट अनुशंसा के साथ अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित किया जाएगा एवं बिना Trade License के भवनों के गैर आवासीय उपयोग के जुर्म में झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा 466 (1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए Seal करने की कार्रवाई की जायेगी।

नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 284458 (District) 22-23 (D)

# पलामू में शीत लहर का असर, कनकनी शुरू



## गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी

जैसे–जैसे पलामू में ठंड में वृद्धि होते जा रही है वैसे–वैसे गर्म कपड़ों की दुकानों में लोगों की भीड़ भी बढ़ती जा रही है। स्थानीय दुकानदार अंकित लाठ ने बताया कि अक्टूबर और नवंबर माह में गर्म कपड़ों का स्टॉक मंगाया गया है लेकिन दिसंबर शुरू होते ही गर्म कपड़ों की डिमांड बढ़ गई है। दिसंबर में ठंड में वृद्धि होती जाएगी तो लोगों को गर्म कपड़े खरीदने के लिए दुकानो में दिखेंगे।वही, ठंड के मौसम में सड़क के किनारे बिकने वाले सूप,चाऊमीन अंडे और मांसाहारी खाने की भी डिमांड बढ़ गई है। शाम ढलते ही सड़क के किनारे लोगों की भीड़ इन ठेलों पर देखी जा सकती है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में शीत लहर का असर दिखने लगा है। कनकनी भी शुरू हो गया है। शीत लहर शाम के वक़्त लोगो का घरो के अंदर जल्दी जाने पर मजबूर कर दिया गया है। शीत लहर का कारण निचली बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना जताई जा रही है। जिसका असर झारखंड में भी देखने को मिलेगा। रांची मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटों में मौसम शुष्क रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान डाल्टनगंज पलामू में 8. 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वर्तमान में पलामू में सबसे कम न्यूनतम तापमान रहा। न्यूनतम तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिन में पलामू में मौसम शुष्क रहेगा। बारिश की कोई संभावना नहीं है। न्यूनतम तापमान सबसे महत्वपूर्ण होगा, अभी न्यूनतम तापमान में कोई बढ़ने की संभावना नहीं है। इसके बाद 8,9 और 10 दिसंबर को न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। निचली बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में एक निम्न दबाव का चित्र बना हुआ है। इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। इसके 8 दिसंबर की सुबह उतरी तमिलनाडु और पुडुचेरी तट से टकराने की संभावना है। इस कारण झारखंड की हवा के पैटर्न में बदलाव देखने को मिलेगा।

**ठंड से बचने की जरूरत :** पलामू में शीतलहर के कारण कनकनी में वृद्धि हुई है। जिससे बच्चे ,बुजुर्ग ,और मरीज को ठंड से बचने की जरूरत है ।स्थानीय अस्पतालों में भी ठंड से प्रभावित होने वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। लोगों को गर्म कपड़े और गर्म खान-पान करने की सलाह दी जा रही है। घर से बाहर निकलने पर शरीर को पूरी तरह से ढक कर निकलने से ठंड से बचाव किया जा सकता है। वहीं ठंड से बचने के लिए सुबह शाम घरों में भी चाय पीने और रूम हीटर के सामने लोगों को रहने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति योजना, डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ बैंक को भी सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में जिला के विकास से संबंधित सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड, महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिंकेज, पीएमइजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना जैसे कार्यों की समीक्षा की गयी। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जारी वित्तीय वर्ष में डेयरी, मत्स्य पालन, बकरी पालन, सूअर पालन, पशुपालन आदि पर जोर देने की बात कही। उपायुक्त श्री दोड्डे ने सभी बैंकर्स को जीएम, जिला उद्योग केंद्र से समन्वय स्थापित कर पीएमजीइपी के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा वार्षिक ऋण योजना सितंबर 2022 तिमाही की समीक्षा की गयी तथा उपायुक्त द्वारा सभी बैंकों को लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के अलावा डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम, सांसद प्रतिनिधि, विभिन्न विधायक प्रतिनिधि, उपस्थित थे।

## श्री राम सेना के प्रमुख ने किया जनसंपर्क



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री राम सेना के प्रमुख सह भावी मेयर प्रत्याशी पंकज कुमार जायसवाल का जनसंपर्क अभियान जनता ही जनार्दन है का 26 वां दिन का नगर निगम क्षेत्र में किया गया। जिसमें श्रीराम सेना के वरीय पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। इस जनसंपर्क के क्रम में शाहपुर की कई समस्याओं से भी अवगत हुए एवं उनका समाधान करने का भी संकल्प लिया। ज्ञात हो कि शाहपुर और अन्य जो नए क्षेत्र जो निगम से जोड़े गए हैं उनका मूलभूत विकास किए बिना ही होल्डिंग टैक्स लिया जा रहा है। पेयजल की भी समस्या काफी विकराल है। स्ट्रीट लाइट की भारी कमी है। इसके कारण रात में बुजुर्ग एवं बच्चों को विशेष तौर पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जल निकासी की भी काफी दिक्कत है। बरसात के दिनों में कई क्षेत्रों में लोगों का घरों से बाहर निकलना कठिनाई से परिपूर्ण हो जाता है। इस दैनिक जनसंपर्क महा अभियान में मुख्य रूप से भूमिका निभाने वाले श्रीराम सेना के उप राज्य प्रमुख जितेंद्र प्रसाद जायसवाल, अनिल कुमार रवि, विनोद जायसवाल, विनय जायसवाल, पंकज प्रसाद जायसवाल, राजेंद्र पासवान, विनय कुमार जायसवाल, धीरज जायसवाल, बड़े भाई संजय केसरी बिट्टू लाठ, चिंटू गुप्ता, मनीष गोस्वामी, धीरज जायसवाल, सतीश जायसवाल, पंकज जयसवाल, चंदन जायसवाल, विनय शंकर जयसवाल, दिनेश कुमार पासवान, सुनील गुप्ता, अनिल कुमार एवं कई श्रीराम सैनिक बंधु उपस्थित थे।

## अस्पताल का सीसीटीवी कैमरा खराब, सुरक्षा व्यवस्था फेल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अस्पताल में सीसीटीवी बंद रहने की वजह से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है दिन के उजाले में चोर बाइक सहित अन्य सामानों की चोरी कर आसानी से फरार हो रहे हैं। बताते चले कि सदर अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ो मरीज अपना इलाज के लिए आते है। लेकिन सबसे बड़ी बात तो यह है कि अस्पताल परिसर भगवान भरोसे चल रहा है। अस्पताल में मरीजों का इलाज तो दूर सुरक्षा व्यवस्था तक नहीं है। चोर उचक्के अस्पताल में हमेशा घूमते रहते हैं। पलक झपकते ही मरीज व उनके परिजनों का मोबाइल, बाइक सहित अन्य सामानों की चोरी हो जाती है। इतना ही नहीं पोस्टमार्टम हाउस के पास हमेशा नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। पोस्टमार्टम हाउस के सुपर पोस्टमार्टम हाउस में हर तरह के कर्म करते हैं।मंगलवार को एक व्यक्ति अपना इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल पहुंचा था। वह अपना बाइक पार्किंग में लगाकर अस्पताल के अंदर इलाज के लिए गया था। जब वह बाहर निकल कर देखा तो उसका बाइक की चोरी हो गई थी। ऐसी कई घटनाएं सदर अस्पताल में घट चुकी है पहले भी सदर अस्पताल से मोटरसाइकिल मोबाइल सहित अन्य सामानों की चोरी हो चुकी है। जिसके वजह से दूर दराज से पहुंचे मरीज के परिजन काफी चिंतित और परेशान रहते है। मरीज के परिजन रात को आराम से सोते तक नहीं है उन्हें भय सताता रहता है कि कहीं कोई सामान की चोरी ना हो जाए। अस्पताल परिसर में निगरानी के लिए चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुवे हैं। लेकिन यहाँ के सीसीटीवी कैमरे कुछ दिनों से काम नहीं कर रहे है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब ममगलवार को पार्किंग से एक बाइक की चोरी हो गयी। बाइक चोरी होने के बाद जब पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने आए तो कैमरे बंद पाया गया। यहां तक कि वार्डों की सुरक्षा के लिए आउटसोर्सिंग के द्वारा सुरक्षा गार्ड भी रखा गया है। फिर भी अस्पताल सुरक्षित नहीं है। वही कई लोगो ने बताया कि अस्पताल में टेम्पो चालको का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है। टेंपो पर बैठकर लोग अड्डा बाजी करते हैं, जिसका कोई काम नहीं रहता वह भी अस्पताल में दिन भर रह कर दलाली का काम करते हैं। अस्पताल में इन सभी कमियों को देखते हुए मरीज के परिजनों ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से अस्पताल परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने का आग्रह किया है।

## हाई स्कूल शिक्षक मामले में मूल याचिकाकर्ताओं की प्रमाण पत्रों की जांच शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सर्वोच्च न्यायालय आदेश पर हाई स्कूलों में स्नातक शिक्षक नियुक्ति मामले मूल याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति प्रक्रिया के लिए प्रमाणपत्रो की जांच करने का तिथि जारी की गई। जेएसएससी ने सिविल अपील संख्या-4044/2022 से संबद्ध से संबद्ध अवमाननावाद संख्या -612/2022 ( सोनी कुमारी बनाम के. रवि एवं अन्य ) मामले में पारित अंतरिम न्यायादेश के आलोक में याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति के लिए की जांच का कार्यक्रम को घोषित कर दिया। आयोग ने सोनी कुमारी एवं अन्य के अलावा चार अन्य याचिकाओं से संबंधित कुल 245 की सूची जारी करते उन्हें प्रमाणपत्रों की जांच के लिए बुलाया है। इनके प्रमाणपत्रों की जांच 14-15 दिसंबर को आयोग में होगी। प्रमाणपत्रों की जांच को लेकर आयोग ने विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी कर दिया है। वहीं अन्य विषयों के याचिकाकर्ताओं की सूची आयोग के अनुसार, अन्य विषयों के अल्प सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की सूची एवं प्रमाणपत्र सत्यापन का कार्यक्रम शीघ्र प्रकाशित होगा। जिनका पूर्व में सत्यापन हो चुका, उन्हें प्रमाणपत्रों की जांच कराने की आवश्यकता नहीं है। आयोग के अनुसार प्रमाणपत्रों की जांच के लिए आमंत्रित किया जाना उम्मीदवार का अंतिम चयन नहीं है। आयोग आवश्यकतानुसार रिक्ति के विरुद्ध वर्तमान सूची में अंकित क्रमांक से भिन्न अन्य अभ्यर्थियों को भी प्रमाणपत्रों की प्रारंभिक जांच हेतु आमंत्रित कर सकता है।

**37 याचिकाकर्ताओं का नहीं है जानकरी :** आयोग ने 37 अन्य मूल याचिकाकर्ताओं की भी सूची जारी की है जिनके क्रमांक एवं उनके द्वारा आवेदित विषय उपलब्ध न होने के कारण राज्य स्तरीय मेधा सूची में उनका सत्यापन संभव नहीं हो पा रहा है। इन सभी याचिकाकर्ताओं को 13 दिसंबर तक हस्तक्षेप याचिका की सत्यापित प्रति के साथ अपने प्रवेश पत्र की प्रति आयोग कार्यालय में जमा करने को कहा गया है। इनके दावे का सत्यापन होने के बाद उनकी नियुक्ति को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने दो दिसंबर को जारी अपने अंतरिम आदेश में सबसे पहले झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर करनेवाले अभ्यर्थियों की मेधा सूची तैयार कर नियुक्त करने को कहा है।

## पंडवा में मुखिया संघ की बैठक

**मेदिनीनगर।** प्रखंड में जन समस्याओं को लेकर मुखिया संघ पंडवा की बैठक बुधवार को गाड़ी खास पंचायत सचिवालय में की गई। बैठक की अध्यक्षता छेछौरी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने किया। बैठक में पंचायत में चल रहे सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इस पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित मुखिया को संबोधित करते हुए संघ के सचिव सह लोहड़ा मुखिया सुमित्रा देवी ने कहा कि हम सभी का लक्ष्य अपने पंचायत का संपूर्ण विकास है। पंचायत के जनता को अपने कार्यों को ले भटकना नहीं पड़े इसका विशेष ध्यान रहें। इस मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष सह गाड़ी खास मुखिया शंकर साव, पंडवा मुखिया सिंधु देवी, मझिगांव पंचायत मुखिया आशा प्रसाद, युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, अनुज सिंह, अशोक प्रसाद, रामपति मेहता, अखिलेश्वर प्रसाद उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज मनातू मे आम आदमी पार्टी का प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र जी के नेतृत्व मे एमडीसी दिल्ली मे प्रचंड बहुमत आने पर मनातू के पदाधिकारीयो ने लोगो को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। जिस तरह से आम आदमी पार्टी ने दिल्ली एमडीसी मे अपनी सरकार बनाई है। उस तरह लग रहा है कि आने वाले समय में पूरे भारत में आम आदमी पार्टी का प्रचम लहरेगा। प्रखंड प्रवक्ता जाहिद हुसैन ने कहा की मात्र आम आदमी पार्टी का गठन हुए 10 वर्ष ही हुआ है और पंजाब, दिल्ली में सरकार है और आज दिल्ली के एमडीसी में भी सरकार बनाया और कल राष्ट्रीय पार्टी बनने का उमीद है। जिस तरह से आम आदमी पार्टी के संयोजक का सपना है जो गरीबो को बिजली पानी स्वास्थ्य और स्कूल की बात करती है। इसलिए सभी भारत के लोग हर राज्य में आम आदमी पार्टी को चाहने लगे हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में पूरे भारत में आम आदमी का परचम लहरेगा। अरविंद केजरीवाल आने वाले प्रधानमन्त्री बनेंगे। उपस्तिथ हुए लोगों में छोटू कुमार, प्रवेज अख्तर और अन्य लोग थे।

## पुराने मामले में कई दिनों से फरार चल रहे वारंटी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन वारंटीयो को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए वारंटियो में सदर थाना क्षेत्र के चियांकी निवाशी आदित्य साव के पुत्र संजय साव, नारायन सिंह पिता स्व. बिगन सिंह चियाकी, जंतु सिंह उर्फ प्रमोद सिंह पिता बिगन सिंह जोरकट शामिल है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि ये तीनो लोग पुराने मामले में बहुत दिनों से फरार चल रहे थे।

## स्वस्थ व सुरक्षित जीवन के लिए जरूरी है पौधरोपण : कौशल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसेनाबाद के लोटनिया गांव के एक शादी और यूपी सोनभद्र के ओबरा के तिलक समरोहन में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने वर बधू को थाईलैंड का बारहमासी आम और हिमाचल के कपूर का पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जीवन के हरेक महत्वपूर्ण मौके पर पौधरोपण कर उसे यादगार बनाना चाहिए। इससे जीवन और पर्यावरण दोनों की रक्षा होती है। उन्होंने लखनऊ के मनोज गुप्ता की पुत्री रीया और यूपी के बीपीएसए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल के पुत्र चंद्र गोपाल की सगाई और पलामू, जिले के हुसैनाबाद लोटनीया के भाजपा नेता नागेंद्र उपाध्याय की पुत्री रानी के विवाह के साथ बिहार आरा के पीरो निवासी जयप्रकाश उपाध्याय के पुत्र विकास उपाध्याय के शादी समारोह में शामिल होकर वर वधु को पौधों के साथ आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और समृद्ध जीवन की कामना की। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म के आठ मूल्य ज्ञान मंत्रों के तहत पहला मूल मंत्र में कोई भी शुभ कार्यों पर पौधा को लगाना एवं दान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि घर में सदस्यों की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए व प्रकृति के संरक्षण और सम्वर्द्धन के लिए वृक्षों की संख्या भी बढ़नी चाहिए। क्योंकि पेड़ पौधा को हमारे भारतीय संस्कृति में भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है। वहीं पौधों की संख्या बढ़ने से आये दिन लोगों को ऑक्सीजन की सिलेंडर लेकर चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कोरोना की कहर और प्रदूषण की जहर ने सभी लोगों को बता दिया है कि ऑक्सीजन की सिलेंडर का कितना महत्व है। मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद हम दोनों निजी खर्चों पर आज 56 वर्षों से केवल बरसात ही नहीं बल्कि अन्य मौसमों में भी पौधे लगाने और बांटने का काम को अविराम चलाते आ रहे हैं। उक्त कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में लखनऊ के विजय गुप्ता, अनुज गुप्ता, रेखा देवी, अनिल गुप्ता रामभरो प्रसाद, रीता देवी अनुराधा देवी, शानू देवी, रितिका सोनभद्र के नंद गोपाल, वर्षा रानी, अंजनी देवी, डॉ, पदमा जायसवाल, डॉ,अभिषेक कुमार, सुभाष प्रसाद एवं पलामू के सचिन पांडे, सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, प्रदीप प्रसाद, कार्तिक प्रसाद,शिल्पा जायसवाल, गीता देवी, कल्पना देवी, पंकज कुमार, पूर्णिमा कुमारी चिंता उपाध्याय, ममता पांडे भी शामिल थे।

## देश की खुशहाली के लिए भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो पदयात्रा लगातार किया जा रहा है। बुधवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा का अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने किया। यात्रा का नेतृत्व विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह ने किया एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष विष्णूदेव यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पदमा पंचायत से, चक पंचायत तक किया गया। पांकी विधानसभा में लगातार पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में लेस्लीगंज पांकी तरहसी मनातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा की राहुल गांधी के नेतृत्व में देश की खुशहाली के लिए भारत जोड़ो यात्रा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की महंगाई बेरोजगारी और नफरत वाली नीति से देश के हित नहीं है और ना इसे किसी देश वासियों का भला होने वाला है। जबकि भारत जोड़ो यात्रा देश हित में है। इसके यात्रियों में देशभक्ति का जज्बा तथा देशवासियों की समस्याओं का निदान है। पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा देश की जनता की आवाज बनते जा रही है। देश में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार देश में नफरत फैलाने वाली राजनीतिक के खिलाफ भारत वासियों के कल्याण के लिए भारत जोड़ो यात्रा किया जा रहा है। यात्रा में प्रमुख रूप से जिला के वरीय उपाध्यक्ष तालकेश्वर पासवान, अजय साहू, उमेश प्रसाद, सीना यादव, मनोज सिंह, खुर्शीद आलम, सच्चिदानंद पांडे नंदकिशोर मिश्रा, नंदकिशोर सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, एजाज अहमद खान, अजिताब दुबे उपस्थित थे।

# न्यूज गैलरी

## प्रशासन ने शहर के चौक चौराहे व ट्रैफिक व्यवस्था का लिया जायजा



**मेदिनीनगर।** शहर में 9 दिसम्बर को मुख्यमंत्री का पलामू आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। इसी क्रम में पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर बुधवार को डीएसपी सुरजीत कुमार, टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा, ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिह और टीओपी टू प्रभारी रुद्रानंद शरस ने शहर के सभी चौक चौराहे और ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया गया। ताकि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो।

## ऐतिहासिक होगी मुख्यमंत्री की खतियानी जोहार यात्रा



**मेदिनीनगर।** लोकतंत्र में जनता मालिक है और मालिक से मिलने के लिए हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खातियानी जोहार यात्रा पर 09 दिसम्बर को दोपहर पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय डाल्टनगंज में पहुंच रहे हैं। यात्रा के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा समीक्षा बैठक किया गया। साथ ही मंत्री ने कहा कि खातियानी जोहर यात्रा को यादगार व ऐतिहासिक बनाना है।

## भव्य रामदरबार मंदिर का होगा शिलान्यास

**मेदिनीनगर।** आज स्थानीय साहित्य समाज चौक के पास ब्राह्मण स्कूल के सामने रामदरबार के लिए शिलान्यास किया जाएगा। रामचरितमानस मानस नवाह्न समिति के द्वारा रामदरबार का निर्माण किया जा रहा है। समिति के सचिव शिवनाथ अग्रवाल ने बताया कि शुभ मुहूर्त में शिलान्यास का कार्य किया जाना है। जिसके लिए पलामू आयुक्त को निमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि पलामू जिले में भव्य राम दरबार मंदिर का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाना है। जिसमे जनमानस के सहयोग से निर्माण कार्य किया जाना है।

## वार्ड आयुक्त ने किया कंबल का वितरण



**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 27 के वार्ड आयुक्त कमर यास्मीन ने मंगलवार की बीती रात वार्ड के वैसे जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिनके पास ठंड से बचाव के लिए कोई साधन नहीं थे। इस क्रम में उन्होंने निगम द्वारा प्राप्त कंबल के साथ–साथ अपने निजी खर्चे से भी कुछ कंबलों का वितरण किया। उन्होंने बताया कि पलामू में अन्य जिलों से अधिक ठंड पड़ती है। ऐसे में उनके वार्ड में कई जरूरतमंद परिवार ऐसे हैं जिनके पास आर्थिक अभाव होने के कारण गर्म कपड़े नहीं ले पाते हैं। उन्हें अपने निजी खर्चे से भी कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में उनके वार्ड में कोई भी परिवार ऐसा नहीं होगा जिन्हें ठंड में किसी प्रकार की कोई परेशानी होगी।

## नीतीश कुमार के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड अंतर्गत सुडी पंचायत के ग्राम बांद बार निवासी राशन डीलर ईश्वरी सिंह का पोता 18 वर्षीय नीतीश कुमार का आकस्मिक निधन हो गया। इनके पिता का नाम अशोक सिंह है। मालूम हो कि मंगलवार की शाम सलगस के पास ऑटो एवं बाईक में टक्कर होने के कारण यह चोटिल हुआ था। चोटिल होने के बाद इन्हें मेदिनीनगर भर्ती कराया गया था। वहां से बेहतर ईलाज के लिये रांची ले जाया जा रहा था, पर रास्ते में ही अंतिम सांस ली। नीतीश कुमार इंटर का छात्र था बहुत ही होनहार व सुशील स्वभाव का लड़का था। इकलौता होने के कारण परिवार में लाड़ प्यार था । इनके आकस्मिक निधन से परिवार में दुखों का पहाड़ गिर गया। पूरे परिवार के साथ साथ पुरे गांव में शोक की लहर छा गई। इधर समाजसेवी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि नितिन कुमार बहुत ही मिलनसार, हंसमुख प्रतिभा के धनी थे। उनके बारे मे जितना भी बोलू वो बहुत ही कम है। उनका आकस्मिक निधन की दुखद समाचार सुनकर मन व्यथित हो गया है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की कामना करता हूँ। इस दुख के क्षण में उनके परिवार के साथ हूँ।

## अपनी समस्याओं से मुझे बेझिझक अवगत करायें : विधायक

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि तरहसी प्रखंड के ग्राम मटरही के ग्रामीणों को हो रही पेयजल की समस्या की सूचना मिलते ही गांव में अविलंब चापानल स्थापित किया। ड्राई जोन होने के कारण इस क्षेत्र के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता था । श्री मेहता ने बताया कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या को देखते हुए मैंने विभाग से यहां जलमीनार स्थापित कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु अनुशंसा की है, जिसे बहुत जल्द बनाया जायेगा। पांकी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास व जनता की समस्याओं के निवारण हेतु दिन–रात कार्य कर रहा हूँ। विधायक ने क्षेत्र की जनता से आग्रह है कि आप अपनी समस्याओं से मुझे बेझिझक अवगत करायें। समस्याओं को निवारण मेरे द्वारा यथाशीघ्र किया जायेगा।

## न्यूज गैलरी

### बांसडीह गांव के मुसहर परिवारों के बीच बीडीओ ने बांटे कम्बल



**केतार।** उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को बांसडीह गांव एवं पाचाडुमर गांव के बी मोड़ के समीप बीडीओ मुकेश मछुआ ने 22 मुसहर परिवारों के बीच गर्म कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि बढ़ती ठंड के मध्येनजर बांसडीह गांव एवं बीम मोड़ स्थित मुसहर परिवारों के बीच कम्बल वितरण किया गया है साथ ही इन्हें मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराया जायेगा। इसको लेकर आगामी 9 दिसम्बर को बांसडीह गांव में कैंप लगाकर मुसहर परिवारों को शत प्रतिशत मुख्यमंत्री सूखा फसल राहत योजना का लाभ दिलाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा साथ ही राशन कार्ड और आधार कार्ड का लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाया जायेगा। जिसमे मुसहर परिवार को सरकारी स्तर पर मिलने वाली हर सुविधाओं का लाभ दिलाया जाएगा। गौरतलब है की बांसडीह गांव में मुसहर परिवार जर्जर भवन और खुले आसमान के नीचे तंबू लगाकर रहते है। बीडीओ द्वारा दिये गये कम्बल पाकर उत्साहित हुये। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, भोला मुसहर, पुटु मुसहर, माला मुसहर, सुदामा मुसहर , बजरंगी मुसहर, रीता मुसहर, सुनीता मुसहर, मुनी देवी, तेतरी देवी, पिंकी देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अध्यक्ष ने सीएम को पत्र लिखकर नगर पंचायत की समस्याओं से कराया अवगत

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर नगर पंचायत की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुये समस्याओं का निदान शीघ्र कराने की मांग किया है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डो में विकास की योजनाएं स्वीकृति के बाद भी धरातल पर नही उतर पा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 17 वार्ड है .जिसमे सोलरयुक्त लाइट,सुरक्षा के दृष्टिकोण से चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा, ट्रॉमा सेंटर को सुचारू रूप से संचालित कराना,बस स्टैंड निर्माण कराना, शुद्ध पेयजल के लिए वाटर टंकी का निर्माण, पर्यटन के दृष्टिकोण से बाबा बंशीधर मंदिर प्रांगण में आधुनिक सुविधा से लैस अतिथि भवन का निर्माण,नगर पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण, राजा पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में पार्क का निर्माण,बभनी खांड डैम का सुंदरीकरण, सभी वार्डो में वार्ड विकास केंद्र भवन का निर्माण, सब्जी मार्केट को सुपर मार्केट बनाने,नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य श्मशान घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह बनाने जैसे कई कार्य लंबित है। उक्त कार्यो को पूर्ण कराने के लिये आपके विशेष सहयोग की आवश्यकता है।

### कबाड़ी लदा ऑटो जब्त



**भंडरिया।** रेफरल अस्पताल से एक टेंपु कबाड़ा की चोरी कर बेचते डॉक्टर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया है। कबाड़ी लदी टेंपू को थाना में जब्त कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार रेफरल अस्पताल में भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। तोड़े गए पुराने भवन से छड़ आदि कबाड़ा को जमा किया गया था। उक्त कबाड़ी को अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी राम आशीष चौधरी द्वारा चोरी छुपे बिक्री की जा रही थी। जैसे ही कबाड़ी लदी टेंपु भंडरिया इंदिरा चौक में पहुंची ग्रामीणों ने घेर लिया। इसकी सूचना भंडरिया थाना को दी। उक्त टेंपु में बिजली विभाग की इंगल लोहा भी लदी थी। बिजली विभाग के कर्मियों ने भी उक्त डॉक्टर पर कार्रवाई करने की बात कही है। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की ने कहा कि अस्पताल के तोड़े गए भवन से पांच लाख रुपए का कबाड़ी जमा किया गया था। सभी काबाड़ा को चोरी-छिपे अस्पताल के डॉक्टर द्वारा बिक्री कर दिया गया है। कबाड़ी लदी टेंपु को थाना में जब्त कर लिया गया है । मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### दुर्घटना में महिला घायल

**गढ़वा।** मांझियांव सड़क पर हरणदूब पहाड़ के समीप बाइक से गिरने से मजा थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी राज कुमार चौधरी की पत्नी सरिता देवी 36 वर्ष घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह घर से बाइक से गढ़वा आ रही थी। उसी दौरान हरनदुब पहाड़ के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गई। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया उसका इलाज चल रहा है।

## गढ़वा से खतियानी जोहार यात्रा का आज शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री, बोले मंत्री

# ऐतिहासिक होगी गढ़वा की खतियानी जोहार यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा ऐतिहासिक होगी। इस यात्रा के माध्यम से आम जनों को झारखंड सरकार द्वारा उनके लिए किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनता को खतियानी जोहार करेंगे। जबकि जनता झारखंड सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों के लिए उन्हें आभार व्यक्त करेगी। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उक्त बातें कही।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से लगातार गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड की तस्वीर बदल रही है। पूरे राज्य की जनता काफी उत्साहित है। इसी को लेकर आठ दिसंबर को गढ़वा से ही खतियानी जोहार यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री कर रहे हैं। इस मौके पर जिले के कोने कोने से काफी संख्या में लोग शामिल होंगे। आम लोगों के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने एवं मुख्यमंत्री द्वारा सभी को खतियान जोहार करने के साथ ही कार्यक्रम प्रारंभ होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह झारखंडी जनमानस की सरकार झारखंड व झारखंड वासियों के लिए पूरी तरह से समर्पित है। खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम एवं श्रम मंत्री सत्यनारायण भोक्ता सहित कई अन्य नेता भी शामिल होंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने संपूर्ण गढ़वा जिला वासियों से इस जोहार यात्रा में भाग लेने की अपील किया है।



**12:00 बजे होगा मुख्यमंत्री का आगमन :** गढ़वा में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गढ़वा में 12:00 बजे आगमन होगा। वे 12:00 हेलीपैड पर पहुंचेंगे। वहां से रंका मोड़ स्थित घंटाघर इंदिरा गांधी पार्क में इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उसके बाद सहीजना मोड़ पर देशरत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। रास्ते में कई जगह स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात साढ़े बारह बजे गोविंद विद्यालय के मैदान में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

### नीलांबर-पीतांबर की आदमकद प्रतिमा का मुख्यमंत्री करेंगे भूमि पूजन

गढ़वा। खतियानी जोहार यात्रा के दौरान गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन टाउन हॉल परिसर में नीलांबर, पीतांबर की प्रतिमा आदम कद प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि पूजन करेंगे। महान स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर, पीतांबर के नाम पर निर्मित बहुद्देशीय नगर भवन (टाउन हॉल) परिसर में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जानकारी देते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर, पीतांबर के नाम पर यहां सिर्फ राजनीति ही होती रही है। आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने जिले भर में कहीं भी उनकी पहचान के लिए कोई प्रतिमा भी स्थापित नहीं की। परंतु झामुमो आम जनता के साथ महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान का भी कार्य कर रही है।

## विधायक प्रतिनिधि ने विद्यालय का किया निरीक्षण

# बिना युनिफॉर्म में स्कूल आ रहे छात्र, मध्याह्न भोजन में विवाद



नवीन मेल संवाददाता


**खरौंधी(गढ़वा)।** बुधवार को विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने मध्य विद्यालय खरौंधी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मध्य विद्यालय मे भारी अनियमितता पाया। विद्यालय मे लगातार दो माह से मध्याह्न भोजन बंद होने से बच्चों की उपस्थिति लगातार प्रभावित हो रहा है। विद्यालय मे नामांकित 616 छात्र में से 234 छात्र छात्रा उपस्थिति थे। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष फुलवंती देवी एवं संयोजिका सुनीता देवी के बीच मध्याहन भोजन का हिसाब को लेकर अकसर विवाद होता रहता है। जिस वजह से मध्याहन भोजन अधिकांश बंद रहता है। हालांकि बुधवार को अध्यक्ष ने संयोजिका को मध्याहन भोजन बनाने की पूरी जिम्मेदारी दी है। वही विद्यालय के भवन, फर्श, शौचालय आदि की स्थिति जीर्ण शीर्ण अवस्था मे है। विद्यालय के कई कक्षाओं मे फर्श टूटा हुआ है। विद्यालय के छात्र छात्राएं के बीच पोषाक का वितरण नहीं हो सका हैं। विद्यालय मे छात्र छात्राएं बगैर युनीफार्म के ही विद्यालय मे आ रहे है। विद्यालय मे भवनों को दो वर्षों से रंगरोगन नहीं किया गया है। प्रधानाध्यापक राजनंदन राम ने बताया दो वर्ष पूर्व विद्यालय के आगे वाले दीवार का रंग रोगन किया गया था। राशि के अभाव में पीछे के हिस्से का रंग रोगन नही हो पाया था।

**शौचालय की स्थिति बद से बदतर-** इस विद्यालय मे शौचालय की स्थिति काफी बदतर है। विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं बाहर शौच के लिए जाते हैं। इस विद्यालय मे दो दो शौचालय हैं परंतु एक भी शौचालय चालू नहीं है। इस संबंध में जेई अनूप कुमार दुबे ने मध्य विद्यालय के दोनो शौचालय चालू होने की जानकारी दी गई। विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने बताया मध्य विद्यालय खरौंधी की स्थिति बदतर है। विभाग के द्वारा विद्यालय का कभी जांच नही किया जाता है। अगर ऐसा रहा तो हमलोग आंदोलन करेंगे।

> दूकान मे दो माह का भुगतान करने के बावजूद संयोजिका मध्याहन भोजन नहीं बना रही हैं। विकास फंड का पैसा नहीं मिलने के कारण विद्यालय की स्थिति बदतर है।
>
> **-फुलवंती देवी, अध्यक्ष।**
>
> पैसे का हिसाब अध्यक्ष रखती हैं। साथ ही मध्याहन भोजन अध्यक्ष ही बनवाना चाहती हैं। मैं हमेशा मध्यान भोजन चालू रखने का प्रयास करती हूं। लेकिन प्रधानाध्यापक का भी मुझे सहयोग नही मिलता है।
>
> **-सुनीता देवी, संयोजिका।**
>
> वितीय वर्ष 2021- 22 मे आठ हजार रुपया का काम किया गया था। जिसमें एक रुपया का भी भुगतान नहीं किया गया। वितीय वर्ष 2022- 23 का राशि बीआरसी मे आया है। परंतु अभी तक विद्यालय को मिला नहीं है। साथ ही बताया विद्यालय का लगभग पांच एकड़ जमीन है जिसमें लोगों के द्वारा लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। इसमें तत्काल चहारदीवारी की जरुरत है।
>
> **-राजनन्दन राम, प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय खरौंधी।**

# जेई प्रेमचंद गुप्ता से परेशान लाभुक ने बीडीओ को दिया आवेदन, जांच करने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखण्ड के जेई प्रेमचंद गुप्ता से परेशान लाभुक ने बीडीओ को आवेदन दे कर करवाई की मांग किया। बुका निवासी रामशंकर मेहता बीडीओ को आवेदन देकर जेई के द्वारा परेशान करने को लेकर आवेदन दिया है। दिए आवेदन में कहा है कि जेई के द्वारा बुका के हरिजन टोला में निर्माण हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद पीलिंथ लेबल होने के बाद एमबी बुक करने के एवज में 20 हजार रुपये घुस मांगा गया था। जिस पर मैन आप से शिकायत किया था उसके बाद से ही जेई लगातार मुझे परेशान कर रहा है। अभी ढलाई कार्य पूर्ण हो चुका है। एमबी करने के लिए बोला तो कहा गया कि तुम मुझे बिना जानकारी दिये ढ़लाई कराए हो। काम का गुणवत्ता सही नही है एमबी नही करेंगे । जबकि जेई के द्वारा ही बोला गया था कि 3 तारीख के बाद 4 तारिक को ढ़लवाईगा। 29 नवम्बर को सेटरिंग के कार्य होने के दौरान कार्य स्थल पर गया था, जिसके बाद 5 तारीख को ढलाई के बाद योजना स्थल पर गया। ढ़लाई के दिन मैंने फोन से सम्पर्क करने का प्रयास किया। नही होने पर मैं काम का फोटो भेज व्हाट्सएप पर भी संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन दोनों जगह ब्लॉक होने से संपर्क नही हो पाया।

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि कल मुझे लाभुक मौखित बोला था जिस पर हम जेई से पूछे तो मानक के अनुसार काम नही होने की बात कही है। जिस पर हम एई को जांच करने को निर्देशित किए हैं। कल सीएम का प्रोग्राम है परसो एई जांच करेंगे। आवेदन ऑफिस में मिला होगा मेरे पास नही पहुंचा है।

### वन विभाग ने लकड़ी बोटा लदा टर्बो ट्रक किया जब्त

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के नेहालुकपाड़िया गांव के लाठिया टोली जंगल से मंगलवार की रात्रि में वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक टर्बो ट्रक बिना नंबर गाड़ी से 45 पीस साल लकड़ी का बोटा लदा बरामद किया। इसे लेकर वन आरक्षी सुभाष प्रमाणिक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग बेड़ो के गस्ती दल के द्वारा पकड़ा गया। वही सूचना के आधार पर जैसे ही वन कर्मी वहां पहुंचे टर्बो ट्रक गाड़ी का चालक व खलासी वंरक्षी कर्मियों को देख कर रात्रि के अंधेरे में जंगल झाड़ी का फायदा उठाकर भाग निकले। वनकर्मियों के द्वारा लकड़ी लदा हुआ गाड़ी को जब्त कर वन क्षेत्र कार्यालय परिसर लाया गया। इधय अज्ञात लकड़ी तस्करों के विरुद्ध वन विभाग के द्वारा कानूनी करवाई किया जा रहा है।

### सदर अस्पताल के ड्रेसर का पैसा लेते वीडियो वायरल, उपाधीक्षक ने किया कार्यमुक्त

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रहा है। सदर अस्पताल में प्लास्टर के नाम पर मरीजों से उगाही किया जा रहा है। इसी तरह का मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जहां एक सदर अस्पताल के ड्रेसर के द्वारा एक मरीज से प्लास्टर के नाम पर पैसा की मांग किया जा रहा है। और मरीज के द्वारा पैसा दिए जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि अस्पताल का यह कोई नया नहीं है। कभी सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड में नर्स सफाई कर्मी सुरक्षा गार्ड के द्वारा बख्शीश के नाम पर मरीज के परिजनों से तो कभी ड्रेसिंग रूम में प्लास्टर के नाम पर मरीजों से पैसा लिया जाता है। उधर उक्त मामले में अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। उक्त मामले में कर्मचारी के द्वारा पैसा लेते वीडियो वायरल हुआ है। उस कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कार्य मुक्त कर दिया गया है। और उसके जगह पर दूसरे कर्मचारी को रखने के लिए आउटसोर्सिंग एनजीओ को लिखा गया है।

## टीबी मुक्त भारत अभियान बन रहा मरीजों के लिए वरदान : बीरेंद्र प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को गोद लेकर अपने खर्च से अतिरिक्त पोषक आहार देने के लिए स्वास्थ्य विभाग के लोग अग्रणी भूमिका नभा रहे हैं। टीबी मरीजों को स्वास्थ्य विभाग के कर्मी अपने खर्च से अतिरिक्त पोषक आहार का फूड बास्केट प्रदान कर रहे हैं। बुधवार को जिला यक्ष्मा केंद्र में कार्यरत चिकित्सा पर्यवेक्षक बीरेंद्र प्रसाद ने एक टीबी मरीज को गोद लेकर उसे पोषक आहार का फूड बास्केट प्रदान किया। मौके पर बीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि वे उक्त टीबी मरीज का इलाज चलने तक प्रतिमाह पोषक आहार देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मदद करने वालों की कमी नहीं है। इसके लिए लोगों को जागरुक करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह अभियान टीबी मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। बीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि उन्हें सफाईकर्मी राजकुमारी देवी से प्रेरणा मिली। राजकुमारी देवी ने एक टीबी मरीज को गोद लेकर उसे फूड बास्केट प्रदान किया है तथा इलाज चलने तक उसे पोषक आहार देते रहने का वादा किया है। मौके पर यक्ष्मा प्रभाग के डीपीसी डा.पुरुषेश्वर मिश्र, लिपिक रौशन कुमार, लेखापाल निशांत कुमार सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

**-: आवश्यक सूचना :-**

लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ थाना कांड सं0-111/17, दिनांक-04.08.2017, धारा-302/201 / 34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त भैंरो गंझू उर्फ भैरव उर्फ सेठा गंझू उर्फ भैंरव जी, पे0 जगेश्वर गंझू सा0 सरजमातु, थाना कुन्दा, जिला चतरा के विरूद्व अनुसंधान के क्रम में उक्त काण्ड के अप्राथमिकी अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अप्राथमिकी अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार-प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | भैंरो गंझू उर्फ भैरव उर्फ सेठा गंझू उर्फ भैंरव जी, पे0 जगेश्वर गंझू सा0 सरजमातु, थाना कुन्दा, जिला चतरा। |

ह0/-
पुलिस अधीक्षक,लातेहार

PR 284472 (Police)22-23*D



### Office of The Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division Latehar

**E-procurement Very Short Tender Notice(SBD)**

Tender Referance No- DWSD/LTR/SVS/CLTR-17/21-22 (11th Call) Dt- 07.12.2022

| Sl No | Particular | Detail of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Work | Detailed Survey Desigening and Drawing Construction of 2020 nos FHTC in Different Block of Latehar Comprising of Suitable R.C.C Frame, Structure ESR, Distribution Lines, Source (as Required) & 05 Year Oereation & Maintenance all Complete Job "on Turn Key Basis" under D. W & S Division Latehar For The Year 2021 -22 under (JJM) | | | | | |
| | Group No | No of Panchayat | No Of FHTC | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost Of BOQ (In Rs) | Time of Comletion |
| 1 | BRD/SVS/CLTR/07(A)(ii) | 3 | 2020 | 755.94 | 7.60 | 10000.00 | 09 month |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 08.12.2022 at 04.00 P.M | | | | | |
| 3 | Date of Starting Submission of Bid | 08.12.2022 at 04.00 P.M | | | | | |
| 4 | Last Date of Submission of Bid | 14.12.2022 upto 05.00 P.M | | | | | |
| 5 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 15.12.2022 upto 05.00 P.M 1. Superitending Engineer D W & S Circle Medininagar. 2. Regional Chief Engineer D W & S Dept Jharkhand Ranchi. 3. Executive Engineer D W & S Div Latehar. | | | | | |
| 6 | Date of Opening Tender | 16.12.2022 at 04.00 P.M | | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Opening Officer | Executive Engineer , D . W & S Division Latehar | | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, D . W & S Division Latehar | | | | | |
| 9 | Contact No of Procurment Office | 9430725642, 6201242103 | | | | | |
| 10 | Contact No of Procurement cell | 0651-2480342 | | | | | |

- Estimated Cost & EMD Cost May Be Changed.
- Further Details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
D. W & S Division Latehar

PR284430 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D


# बिशुनपुर के सिविल इंजीनियर जुनैद खान की दुबई में हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के विशुनपुर ग्राम निवासी मुस्ताक खान के 25 वर्षीय पुत्र सिविल इंजीनियर जुनैद खान की मौत विगत 25 नवम्बर को दुबई में हो गई। जुनैद का शव 12 दिनों बाद मंगलवार की शाम उसके पैतृक निवास विशुनपुर लाया गया तथा देर रात विशुनपुर स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया.जानकारी के अनुसार जुनैद विगत आठ माह पूर्व दुबई काम करने गया था। मृतक के पिता मुस्ताक खान ने बताया कि कैपिटल प्रिकॉस्ट कॉन्टेक्ट एल एल सी कम्पनी के माध्यम से वह दुबई में सिविल इंजीनियर पद पर कार्य करने गया था। 24 नवम्बर की रात अचानक उसकी तबियत खराब हुई। आनन-फानन में वहां के लोगो ने उसे इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया ,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को सब एरोप्लेन से वाराणसी लाया गया। वाराणसी से परिजनों ने उसके शव को पैतृक आवास एम्बुलेंस से लाये.शव पहुंचते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया.सुपुर्दे खाक में अंजुमन कमिटी के सदर तौहीद खान, रियासत खान, कोलेन खान, भगडू खान,नसरुल्लाह खान, सोबराती खान, वाहिद खान, सराफत खान, जाहिद खान,आबिद खान, अकलिम खान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वेक्टर जनित रोग को लेकर सीएचओ को मिला प्रशिक्षण, बोले डीएमओ

# सामान्य बुखार भी हो सकता है मलेरिया डेंगू व चिकुनगुनियां, करें समुचित इलाज

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में बुधवार को वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सीएचओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बतौर प्रशिक्षक जिला यक्ष्मा सह मलेरिया पदाधिकारी डा.कमलेश कुमार एवं जिला मलेरिया सलाहकार अरविंद कुमार द्विवेदी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में वेक्टर जनित रोगों मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनियां व जापानीज इंसेफेलाइटिस के कारण, बचाव व रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मौके पर डा. कमलेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्टर जनित रोग के बारे में लोगों को जागरुक करें। सरकारी अस्पतालों में आने वाले बुखार पीड़ितों को समुचित इलाज में कोताही नहीं करें। इसके लिए किसी भी बुखार को हल्के में नहीं लेना है। यदि आपके पास बुखार पीड़ित आए तो उसकी जांच व इलाज की त्वरित व्यवस्था करें। लोगों को यह जानकारी दें कि सरकारी केंद्रों में जांच व इलाज की निश्शुल्क व्यवस्था है। साथ ही लोगों को अपने घरों के आसपास जल जमाव को रोकने को लेकर भी जागरुक करें। जलजमाव के कारण मच्छरों के पनपने व उनके काटने से वेक्टर जनित रोगों के होने का खतरा रहता है। प्रशिक्षण में सीएचओ नैमी कुजूर, अमिता बेग, आशीष कमल मिंज, संगीता टोप्पो, अनूपा कुजूर, सुधा कच्छप, सोनिया कुमारी, दिनेश कुमार मीना, इंद्र किशोर विश्वकर्मा, डा. रजनीश आदि उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### चंदवा पुलिस ने लोहा ढ़ोते नौ वाहनों को किया जब्त

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला बाना स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से लोहा चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में बुधवार सुबह चंदवा पुलिस ने चकला क्षेत्र से अवैध रूप से लोहा ढोते नौ दो पहिया वाहनों को जब्त करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।वहीं लोहा चोर मौके से भागने में सफल रहे।पुलिस सभी वाहनों को जब्त कर थाना ले आई।इस संबंध में पुलिस ने वाहन मालिकों के खिलाफ कांड संख्या 143/22 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।ज्ञात हो कि अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट लिक्विडेशन में चला गया है प्लांट से स्क्रैप निकालने का कार्य जोर शोर से चल रहा है। प्लांट से स्क्रैप निकलने के बीच लोहा चोर भी प्लांट एरिया में सक्रिय हो गए हैं।

### जिला संयोजक श्याम अग्रवाल ने अपने जीवन का 36 वां रक्तदान किया

**लातेहार।** वोलेंटरी ब्लड डोनर एसोसियेशन के जिला संयोजक श्याम अग्रवाल ने ब्लड बैंक लातेहार मे आज अपने जीवन का 36 वा रक्तदान पलामू जिला निवासी रीता देवी के लिए दुर्लभ ओ नेगेटिव रक्तदान किया। रक्तदान करने पर रीता के परिजनों ने रक्तदाता श्याम अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया है। इसके अलावा एसोसियेशन के पदाधिकारी व सदस्यो ने भी रक्तदाता के प्रति आभार जताया है।

### जिला पार्षद कार्यालय का अध्यक्ष ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**बालूमाथ।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को जिला पार्षद कार्यालय का जीप अध्यक्ष पूनम देवी एवं जीप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काट और नारियल फोड़कर विधिवत कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन में मुख्य रूप से बालूमाथ जिला पार्षद सदस्य प्रियंका कुमारी, संतोषी शेखर कन्हाई सिंह, सरोज देवी, विनोद उरांव, चंचला देवी, रमेश राम, लातेहार प्रमुख प्रसूराम, बालूमाथ प्रमुख ममता देवी, उप प्रमुख कामेश्वर राम और पंचायत समिति सदस्य के अलावे भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, रामकुमार गुप्ता, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान जीप अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि जिला पार्षद कार्यालय खुलने से क्षेत्र में विकास पर गति आएगी। क्षेत्र का जनता की समस्या का समाधान इस कार्यालय से करने का अथक प्रयास किया जाएगा। वही उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि क्षेत्र की जनता अपनी क्षेत्र का समस्या अवश्य बताएं। ताकि इस कार्यालय के माध्यम से उसका निदान करने का प्रयास किया जा सके। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे पंचायत समिति सदस्य ममता देवी, पिंटू नायक, सुनीता देवी, खतीजा खातून, सूबेदार उरांव, बीरबल उरांव, मुखिया नीलिमा तिर्की ,विमला देवी, वासुदेव उरांव, उप मुखिया अमित गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### पिडीलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी ने सेमिनार का किया आयोजन

**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत स्थित कार्मेल हॉस्पिटल के समीप बाला जी के नए शोरूम में संदीप हार्डवेयर एंड ममता फर्नीचर व पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी के द्वारा दिन बुधवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें फेवीकोल से संबंधित जानकारी विक्रेता व इससे संबंधित कारपेंटर मिस्त्री को दिया गया। विक्रेताओं को फेवीकोल के बिक्री को लेकर कई दिशा-निर्देश भी दी गई। मौके पर टी एस आई ओम प्रकाश , टीएसआई अंजन कुमार, ने कहा कि एक पिडिलाइट ऐसा कंपनी है। जिसमें घर का सभी तरह की फर्नीचर संबंधित सुलेशन एंड वॉटर पुरफिंग उपलब्ध है। और सभी के घर में 60 साल से लगाते आ रहे हैं। लोग इस से काफी खुश हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फेवीकोल विक्रेता, डीलर सतीश कुमार गुप्ता, तैबरेज, सतेंद्र, सिंटू, नसुरला, तैफूल, गुलू, सरफराज, सलीम, राहुला, समेत दर्जन मिस्त्री गण मौजूद थे।

### मीनाक्षी ट्रेडर्स ने मिस्त्री मीटिंग का किया आयोजन

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित मिनाक्षी ट्रेडर्स में नीलकमल टीएमटी मिस्त्री मीटिंग किया गया। जिसमे मिनाक्षी ट्रेडर्स के प्रोपराइटर अनूप अग्रवाल ने उपस्थित मिस्त्री को नीलकमल टीएमटी रड की अच्छी गुणवत्ता के बारे में बताया। झारखंड के सेल्स मैनेजर अमित कुमार राणा ने बताया की नीलकमल छड़ बेहतर गुणवत्ता से भरा है जो घर बनाने के लिए अति महत्वपूर्ण स्थान रखता है। ग्राहक थोड़ी सी लालच के चलते गुणवत्तावहींन सरिया खरीद कर अपने घर में लगा लेते हैं जो छड़ सीमेंट के साथ भी अपना गुणवत्ता नहीं रख पाता है। जिसके कारण वह जल्द जंग छोड़ने लगता है, जिससे सीमेंट भी खराब होने लगता है और समय से पहले ही खराब हो जाता है। इसलिए नीलकमल छड़ का प्रयोग करें। मीटिंग में सम्भु साव, पिंटू दास, ननकू पासवान, बसंत सिंह भोक्ता, बसंत यादव, समोध भारती, सतेंद्र महतो, समेत दर्जनों मिस्त्रीयो को नीलकमल छड़ को ओर से गिफ़्ट प्रदान किया गया।

---

डीआरडीए से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, उपायुक्त ने कहा-

# योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी

नवनी मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीआरडीए से संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा मनरेगा, पीएम आवास, समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई एवं वर्तमान प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रखंड में सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा बिंदुवार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण 2016-17 से 2020-21 में प्राप्त लक्ष्य, बाबा साहेब



भीमराव अंबेडकर आवास योजना, शहीद ग्राम विकास योजना सहित अन्य कार्यों की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। इस क्रम में सभी बीडीओ और बीपीओ को लंबित योजनाओं में प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया गया।

समीक्षा बैठक में सभी पदाधिकारीयों/कर्मचारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना बद्ध तरीके से काम करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने मनरेगा के तहत सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत योजनाओं को पंचायत एवं गांव स्तर पर संचालित करते हुए सभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी पंचायत एवं गांव में निरन्तर योजनाओं को संचालित करते हुए मानव दिवस सृजित कर रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर आदि उपस्थित थे।

---

## प्रेम प्रसंग में विवाहिता ने लगायी फांसी, प्रेमी से अनबन की आशंका

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा
- गांव के एक युवक के साथ विवाहिता का प्रेम प्रसंग चल रहा था

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के डोंकी गांव निवासी कृष्णा सिंह की पत्नी मुन्नी देवी (30 वर्ष) ने मंगलवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने पर रात में ग्रामीणों ने घर का दरवाजा तोड़ा। जबतक दरवाजा तोड़कर ग्रामीण घर के अंदर जाते तबतक महिला की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राणा भानू प्रताप सिंह ने एसआई राजकुमार तिग्गा, एएसआई इंद्रजीत पासवान को दल बल के साथ घटना स्थल पर भेजा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया।

घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि महिला का शव उसके घर से बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिली है कि गांव के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंगलवार की रात उक्त युवक ने मुन्नी देवी के साथ मारपीट भी किया था।

थाना प्रभारी ने बताया कि महिला ने अपने घर का दरबाजा बंद कर नायलॉन की रस्सी को फंदा बनाकर फांसी पर झूल गयी। उन्होंने कहा कि मामले में अभी तक परिजनों ने एफआईआर दर्ज नहीं करायी है। मृतका का पति सूरत गुजरात कमाने गया है। मृतका अपने पीछे एक पुत्र और तीन पुत्रियों को छोड़ गयी। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि एफआईआर होने और पोस्टमार्टम के पश्चात पुलिस सभी बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है।

---

## परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनी बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के छेचा पंचायत सचिवालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के मौके पर महापरिनिर्वाण सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री रमेश उरांव, जिप सदस्य संतोषी शेखर उपस्थित थे। मौके पर मौजूद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदस्य और पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि समेत ग्रामीणों के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुई शेखर ने कहा कि बाबा साहब की देन है कि हमारे समाज में किसी भी तरह की उच्च नीच वाली प्रथा को खत्म करते हुए सभी जातियों को बराबरी का अधिकार तो दिलवाया ही साथ ही



साथ समाज में महिलाओं को भी बराबरी में खड़ा होने का अधिकार दिलाने का काम किया। वही प्रदेश मंत्री रमेश ने कहा कि बाबा साहब ने पूरे समाज को शिक्षित और संगठित बनने का नारा दिया था। हमे अपने समाज को शिक्षित और संगठित बनाने के लिए कार्य करना होगा। मौके पर नगर मंत्री अतुल सिंह, उप मुखिया राणा प्रताप सिंह, वार्ड सदस्य रूपाली सिंह, अल्ती देवी, संतोष विश्वकर्मा, कमलेश पासवान, आनंद सिंह समेत काफी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

---

चंदवा सीएचसी में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, बोले डॉ शोभना टोप्पो

## जनसहयोग से टीवी व कुष्ठरोग से मिलेगी मुक्ति

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य साभागार में टीवी व कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका संचालन देवाशीष पांडे कर रहे थे। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा है कि इस रोग से मुक्ति के लिए सभी का प्रयास आवश्यक है तभी इस रोग से छुटकारा मिल सकता है। टीवी व कुष्ठ रोग बहुत ही कम संक्रामक रोग है यह रोगाणु से फैलता है दोनो का उपचार संभव है कुष्ठ त्वचा व तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है संक्रमण के तीन वर्ष बाद यह प्रत्यक्ष रूप से दिखने लगता है यह किसी भी आयु वर्ग के लोगों को हो सकता है। समय पर उपचार ही इसका उपाय है।उन्होंने उपस्थित



सहियाओं को गांव टोले में इससे संबंधित जानकारी साझा करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, डॉ अखिलेश्वर प्रसाद, सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नंद कुमार पांडेय, डॉ प्रकाश बड़ाईक, डॉ तरूण जोश लकड़ा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामयश पाठक, डॉ रोहित कुमार, डॉ सौरव, बीस सूत्री सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार डे, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मजदूर संघ के सत्येंद्र प्रसाद यादव, मुकेश कुमार सिंह ने भी शिविर को संबोधित किया।

इस अवसर पर मोफिल खान, रोहित यादव, राजेश शाही, प्रभु कुमार, राजेन्द्र यादव, संजीव आजाद पप्पू, प्रवीण कुमार भोला, सुमित कुमार, मीरा केशरी, रवि मिश्रा, विनीता, मनोज कुमार पप्पू, सौरभ मिश्रा, प्रवीण मिंज, सीताराम कुमार सहित बड़ी संख्या में सहिया दीदी उपस्थित थे।

---

### इटखोरी में थाना दिवस का आयोजन

**इटखोरी(चतरा)।** बुधवार को इटखोरी थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अंचलाधिकारी राम विनय कुमार शर्मा व थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। थाना दिवस पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से दर्जनों आवेदन आए। जिसमें चार मामलो का निष्पादन किया गया। धनखेरि पंचायत के कल्याणपुर में सरकारी योजना से नाली निर्माण को लेकर हुए विवाद का निष्पादन एवं अन्य 3 तीन और मामला का निष्पादन किया गया। मौके भाजपा नेता रामकुमार सिंह, एसआई गौतम दास एवं संबंधित उपस्थित थे।

### सिमरिया में चार पीडीएस के दुकानों की हुई जांच



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के 4 जन वितरण प्रणाली के दुकानों की जांच बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ नीतू सिंह के द्वारा की गई। बीडीओ ने जांगी पंचायत में मुनिया देवी, मोहनी देवी तथा बानासाड़ी पंचायत के मानो देवी एवं राम लखन सिंह के जन वितरण प्रणाली के दुकानों की जांच की। इस दौरान कार्डधारियों से राशन वितरण संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। जांच के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जांच निष्पक्ष तरीके से किया जा रहा है तथा इसका प्रतिवेदन जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भेजा जाएगा।

---

एनटीपीसी के जीजीएम तजिंदर गुप्ता ने प्रेस वार्ता कर कहा

## दिसंबर से एनटीपीसी से विद्युत उत्पादन होगा शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को नार्थ करनपुरा टंडवा ईकाई द्वारा विद्युत उत्पादन को लेकर किए गए कार्य प्रगति पर प्रबंधन की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जहां मुख्य महाप्रबंधक तजिंदर गुप्ता ने बताया कि दिसंबर के अंत तक चालू वित्तीय वर्ष में हीं पहली यूनिट से विद्युत उत्पादन प्रारंभ कर दिया जाएगा। बताया कि पहली यूनिट से परीक्षण के दौरान 500 मेगावाट बिजली उत्पादन का सफल परीक्षण हो चुका है। जिसे निर्धारित क्षमता 660 मेगावाट का लक्ष्य हासिल कर दिसंबर के अंत तक नियमित कर लिया जाएगा। वहीं शेष दो यूनिटों से विद्युत उत्पादन क्रमशः नवंबर 23 एवं जून 24 निर्धारित किया गया है। आगे कहा कि यूं तो बिजली का मूल्य संसाधनों के लागत पर निर्भर करता है



पर यहां कोयले की सुलभता से प्रति यूनिट लगभग 3.70 रुपये के लगभग आएगा। वहीं जीएम दिप्तेंदु मंडल ने कहा कि परियोजना में बेहतरीन सुरक्षा व प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली डेवलप की गई है। साथ हीं, परियोजना प्रबंधन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प है। प्रबंधन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि स्थापित तीनों संयंत्रों में प्रति दिन 30 हजार टन कोयले की खपत होगी जो फिलहाल मगध कोल परियोजना से आपूर्ति होगी। गहरी जलाशय के लिए अधिग्रहित किए गए 26 एकड़ जमीन के बदले लंबित मुआवजा भुगतान के संदर्भ में पूछे जाने पर बताया गया कि 24.5 एकड़ की मुआवजा राशि भू-अर्जन कार्यालय में जमा कर दी गई है तथा शेष के लिए डब्ल्यूआरडी विभाग से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। पीसी में जीएम परियोजना लाडू किशोर बेहरा, जीएम अनुरक्षण अंजना रंजन दास, महाप्रबंधक ईंधन सोमनाथ बेरा, अपर महाप्रबंधक तकनीकी बृजराज प्रसून, एजीएम मानव संसाधन अनिल चावला, एजीएम पीएंडएस जुनैद जावेद, एजीएम मानव संसाधन धीरज गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक लोकेश कुमार एवं सीनियर जीएम मानव संसाधन अभिषेक आनंद मौजूद थे।

---

## परोका गांव में विधि-विधान के साथ दो दिवसीय राह पूजा संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के परोका गांव में पासवान समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय राह पूजा बित देर शाम पारंपरिक तरीके से विधिवि विधान के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन भगत जगदीश पासवान और पुजारी राजेंद्र पासवान समेत गांव के कई लोगों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ जलते अंगारों पर खाली पांव चले। इस दौरान भगवान राहु की पासवान समाज के लोगों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा की। इसके बाद भगत ने तलवार पर चढ़कर नंगे पांव नृत्य भी किया। फिर भगत ने ऊंचे खूंटे गहबर पर चढ़कर प्रसाद में बने चावल के लड्डू श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान,



चौपारण के बैजू गहलोत, सुनील पासवान और रामशंकर पासवान आदि को पगड़ी पहना और गमछा ओढ़ा कर सम्मानित किया। पासवान समाज के लोगों का कहना है कि यहां कई दशकों से राह पूजन का आयोजन होते आ रहा है। पूजा को सफल बनाने में बसंत पासवान, अरुण पासवान, रामस्वरूप पासवान, आदित्य पासवान, इंद्रदेव पासवान, रोहित पासवान, अजय पासवान और रामानंद पासवान ने अहम भूमिका निभाई।

---

## नक्सलियों के विरुद्ध मामला दर्ज, छापामारी अभियान जारी

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा(चतरा)।** मंगलवार देर शाम कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत गारो गांव में सड़क निर्माण कार्य में लगे दो जेसीबी को नक्सलियों द्वारा आग लगाने के मामल में मुंशी ने थाने में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस ने मुंशी के लिखित आवेदन पर अज्ञात नक्सलियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उग्रवादियों के धर पकड़ के लिए एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चला रहा है। मुंशी ने बताया है कि काले वर्दी में पहुंचे नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे मुंशी, हेल्पर व जेसीबी ड्राइवर के साथ मारपीट करते हुए जेसीबी को आग के हवाले कर दिया है। वही आगे धमकी देते हुए नक्सलियों ने कहा है की बिना हमलोगों के आदेश के यदी आगे काम किया तो अंजाम इससे भी बुरा होगा। ज्ञात हो की जेसीबी मोहम्मद



असजद व दूसरी जेसीबी वासुदेव प्रजापति के नाम से पंजीकृत है। वहीं सिमरिया एसडीपीओ ने बताया कि घटना का सत्यापन करते हुए लगातार क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाई जा रही है। बहुत जल्द ही घटना में शामिल उग्रवादियों की पड़ताल की जाएगी।

---

डीएलएसए के तत्वावधान में बाल विवाह प्रतिषेध पर जागरुक्ता कार्यक्रम का आयोजन

## बाल विवाह-बाल श्रम कानूनन अपराध: सचिव




नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/सिमरिया/गिद्धौर/मयूरहंड।** बुधवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपेई के नेतृत्व में गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरब गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को लेकर जागरुक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्डेन रेनू कुमारी एवं सहायक अध्यापिका नीतू कुमारी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय की बालिकाओं ने घर-घर शिक्षा का दीप जलाएं, बाल विवाह बंद कराएं नारा लगाते हुए तथा लगभग 100 प्ले कार्ड हाथ में लेकर प्रभात फेरी निकाल कर नगर भ्रमण कर लोगों को जागरुक किया। इसके उपरांत बालिकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह की कुरीतियों को दिखाया गया।

### शादी के लिए उम्र निर्धारित: बाजपेई

सचिव श्रीमती वाजपेई ने इस अवसर पर कहा कि कम उम्र में बच्चों की शादी से उनके स्वास्थ्य, मानसिक विकास और खुशहाल जीवन पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए लड़के व लड़कियों की शादी के लिए उम्र निर्धारित की गई है। इससे पूर्व बच्चों की शादी दंडनीय अपराध है। जिसमें पंडित, माता-पिता, दोस्त, रिश्तेदार जो भी शादी में शामिल होंगे। उन्हें 2 साल के कठोर कारावास एवं एक लाख तक का जुमार्ना या दोनों से दंडीत किया जा सकता है। सचिव ने कहा कि ऐसे में हम सब की सामाजिक दायित्व है कि बाल विवाह जैसी कुरीति का अंत करें। कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता एवं पीएलभी शारदा भारती, शंभू कुमार राणा एवं प्रभु कुमार यादव शामिल थे। वहीं सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित कानूनी सहायता केंद्र के विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा के द्वारा बुनियादी विद्यालय सिमरिया में, उमेश प्रसाद द्वारा उमवि दुंदवा में एवं रंजन कुमार मिश्रा के द्वारा बाल विवाह को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सिद्धेश्वर कुमार सिंह, मदन कुमार पाठक, मदन कुमार सिंह एवं अध्यक्ष अर्जुन कुमार पांडेय ने भी बाल विवाह पर अपने विचार रखे।

---

## नक्सली तांडव के बाद ग्रामीणों के बीच पहुंची सीआरपीएफ, बांटी कई सामग्री

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा(चतरा)।** बुधवार को सीआरपीएफ 190वीं बटालियन ने कुंदा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित गारो गांव में माओवादियों द्वारा तांडव करने के महत 24 घंटे के अंदर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत शिविर का आयोजन कर सैकड़ों ग्रामीणों के बीच कंबल, साड़ी, मच्छरदानी, छाता समेत अन्य दैनिक उपयोग में आने वाले सामग्री का वितरण किया। वहीं बच्चों के बीच कॉपी, कलम, फुटबॉल, वॉलीबॉल आदि सामग्री का वितरण किया। ज्ञात हो कि इसी गांव में मंगलवार देर शाम भाकपा माओवादियों द्वारा सड़क निर्माण कार्य में लगे दो जेसीबी को आग के हवाले कर दिया गया था। जिससे एक ओर जहां ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त था वहीं दूसरी ओर नक्सली तांडव के चौबीस घंटे के अंदर गांव पहुंचकर सीआरपीएफ



ने राहत सामग्री पहुंचा कर ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की। सीआरपीएफ कर्मियों ने कहा लोगों को सुरक्षा देने के साथ-साथ जनता के हर सुख-दुख में सीआरपीएफ की टीम साथ निभाने को तत्पर है। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट कलीमल्लाह, सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, कुंदा थाना प्रभारी परमानंद मेहरा, मरगड्डा मुखिया उपेंद्र पासवान, एसआई मोतीराम देवगन, मदन मोहन सिंह, लक्ष्मण यादव समेत अन्य शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### सोना में 35 रुपये की गिरावट, चांदी 251 रुपये फिसली



**नयी दिल्ली।** विदेशों में कीमतों में नरमी के बीच बुधवार को दिल्ली सरार्फा बाजार में सोना 35 रुपये और टूटकर 54,054 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले, कारोबारी सत्र में सोना 54,089 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 251 रुपये के नुकसान से 65,928 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, "मंदी की आशंकाओं के कारण जोखिम लेने से बचने से सोने की कीमत थोड़ी घटी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नुकसान के साथ 1,772.8 डॉलर प्रति औंस पर था। चांदी भी नुकसान के साथ 22.30 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस बाजार अनुसंधान) नवनीत दमानी ने कहा, "निवेशकों की अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की होने वाली बैठक पर नजर है। उससे नीतिगत दर में वृद्धि की गति को लेकर रुख साफ होगा। इससे एशियाई कारोबार में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

### कवित्री सह साहित्यकार सरिका भुषण का रेडियो खांची शोक 10 को होगा परसारित

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो खांची 90.4 एफएम के शो रूबरू में बुधवार को कवित्री, साहित्यकार सरिका भुषण का साक्षात्कार आरजे वैभवी ने लिया। साक्षात्कार के दौरान सारिका ने अपनी कई सारी रचनाएं श्रोताओं के सामने पेश की और साहित्य के क्षेत्र में अपनी जर्नी के बारे में बताया। सरिता भूषण ने अपनी पुस्तक मौन को मुखर होने दो के कुछ कविताएं श्रोताओं को सुनाएं और बताया कि उनकी कविताएं जो होती हैं वह स्त्रियों को समर्पित होती हैं जिसकी कुछ लाइन इस प्रकार है। अलगनी पर मेरे कुछ सपने टंगे हैं। देखो तुम संभल कर चलना कहीं तुम्हें चोट ना लग जाए। क्योंकि मेरे सपने बहुत मजबूत होते हैं। और इसके साथ ही सारिका भूषण ने युवा लेखकों मशहूर साहित्यकारों की पुस्तकें पढ़ने का मशवरा दिया साथ हीं संयम और ईमानदारी के साथ लिखने का सलाह दिया।

### किसान सम्मान निधि के लाभ से 1.86 करोड़ किसान हुआ बाहर, आधार लिंक हुआ तो पता चला अपात्र थे

# अब लाभार्थियों की संख्या 8.58 करोड़



नवीन मेल संवाददाता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसानों के खाते में हर साल 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। लेकिन, सरकार ने 12वीं किस्त जारी करने से पहले किसानों के डेटा को क्लीन करने के लिए जैसे ही आधार लिंक करने वाला चौथा डिजिटल फिल्टर आजमाया तो लाभार्थी किसानों की संख्या पिछले 6 महीनों में 1.86 करोड़ कम हो गई। 11वीं किस्त में इस योजना का लाभ 10.45 करोड़ से अधिक किसानों को मिला, जो 12वीं किस्त में घटकर 8.58 करोड़ रह गए। यूपी में इस चौथे फिल्टर के चलते 58 लाख किसान कम हो गए, जबकि पंजाब में यह संख्या 17 लाख से घटकर 2 लाख रह गई। 5 राज्य ऐसे हैं, जहां यह संख्या 10-15 लाख घटी है, जबकि इतने ही राज्यों में लाभार्थी बढ़े हैं। दरअसल, कृषि मंत्रालय ने किसानों के डेटा को पारदर्शी बनाने के लिए तीन फिल्टर पहले से लगाए थे। फिर आधार लिंक्ड पेमेंट के रूप में चौथा फिल्टर लगाया तो लाभार्थियों की संख्या घटते गई। योजना में पारदर्शिता और अपात्रों की पहचान करने के लिए किसानों का ई-केवाईसी लागू कर दिया है और आधार पेमेंट ब्रिज के जरिए भुगतान किया जा रहा है। किसानों की संख्या कम होते देख केंद्र ने राज्यों के साथ मिलकर गांव-गांव में टीम भेजने को कहा है, ताकि असली हकदार स्कीम से बाहर न हों।

**ये 4 संस्थाएं कर रहीं पहचान :** पीएफएमएस, यूआईडीएआई, आईटी, एनपीसीआई हैं। किसानों का डेटा राज्य सरकार देती है। ढट किसान पोर्टल पर लिस्ट अपडेट होती है।

### फर्जी लाभार्थी पहचानने वाले ये हैं चार फिल्टर

जमीन के रिकॉर्ड का आधार से मिलान किया जा रहा। डेटा को यूआईडीए कसर्वर पर भेजकर की जा रही पहचान। लाभार्थी के बैंक खाते का प्रमाणीकरण, किसान का डेटा और बैंक खाता दोनों सही है। बैंक एकाउंट प्रमाणित होने के बाद एनपीसीआई से आधार लिंक्ड भुगतान किया जा रहा।

ये किसान निधि योजना के पात्र नहीं माने गए : संवैधानिक पद पर काम कर रहे या कर चुके। पूर्व, मौजूदा मंत्री, सांसद, विधायक, मेयर, पंचायत प्रमुख। केंद्र-राज्य सरकार के मौजूदा या अवकाश प्राप्त कर्मचारी वे सभी अवकाश प्राप्त पेंशनभोगी जिनकी मासिक पेंशन 10 हजार रुपए या इससे अधिक है।

## रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के आर्थिक विकास अनुमान को घटाया

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने घरेलू और वैश्विक चुनौतियों का हवाला देते हुए चालू वित्त वर्ष के आर्थिक विकास अनुमान को अपने पहले के सात प्रतिशत से कम कर 6.8 प्रतिशत करते हुए बुधवार को कहा कि इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ेगी क्योंकि इसकी नींव मजबूत है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुये यह अनुमान जताया। उन्होंने कहा कि रबी की बेहतर बुवाई हुई है। शहरी क्षेत्रों में मांग बढ़ रही है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी सुस्ती बनी हुयी है। ऋण उठाव में तेजी आ रही है और सरकारी पूंजी व्यय में बढोतरी से निवेश में सुधार हो रहा है। रिजर्व बैंक के सर्वक्षण में उपभोक्ता धारणा में सुधार हुआ है। हालांकि भूराजनैतिक तनाव, वैश्विक वित्तीय स्थिति में आ रही संकुचन और बाहरी मांग में नरमी जैसी चुनौतियां आ रही है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुये चालू वित्त वर्ष के विकास अनुमान को पहले के साथ 7.0 प्रतिशत से कम कर 6.8 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी आधार पर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर 4.4 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट का रुख है। लगातार तीसरे सत्र में ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर साल के न्यूनतम स्तर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। इसके बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल का भाव 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर बनी हुई है। इसी तरह, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 92.76 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।

### आवश्यक सूचना
### लापता
### कामिल अंसारी



नगरउंटारी थाना सनहा सं0–16/22, दिनांक–31.03.2022 में लापता लड़का कामिल अंसारी (गुँगा है) उम्र–19 वर्ष, पे0–सुकरुदीन अंसारी, सा0–कोइन्दी, थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, का रहने वाला है। जो दिनांक–30.03.2022 से लापता है। लापता लड़का कामिल अंसारी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का कामिल अंसारी के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**
रंग–सांवला, लम्बाई–05 फीट 05 इंच,
पहनावा– हाफ टी शर्ट हल्का काला रंग का,
तथा फुल पैंट–काला रंग का।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 284404 (Police) 22-23 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.- 02 गढ़वा

ई–निविदा सूचना सं0–RWD/SD/GARHWA/05/2022-23

CORRIGENDUM (शुद्धिपत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RWD/SD/GARHWA/05/2022-23, PR 282991 Rural Development (22-23).D द्वारा प्रकाशित निविदा कंडिकाओं में अपरिहार्य कारण वश कंडिका 03, 04, एवं 06 में आंशिक संशोधन करते हुए निविदा आमंत्रित किया जाता है। आमंत्रित निविदा की शेष सभी कंडिकाएँ पूर्वत: बनी रहेंगी। जो निम्नवत् है :–

3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 19.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 20.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.12.2022 पूर्वाहन 02:00 अपराहन बजे।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02
गढ़वा।

PR 284421 (Rural Development) 22-23 (D)



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

### आवश्यक सूचना
### (नोटिस)

नाम–इरफान अली पे0–इस्लाम अली, सा0–उँचरी, नियर करबला, थाना एवं जिला–गढ़वा, झारखण्ड, आपको सूचित किया जाता है कि आप डंडई थाना कांड संख्या–67/2022, दिनांक–17.08.2022 परिवर्तित धारा–406/409/420/120(बी) भा0द0वि0 एवं 66(डी) आई0टी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त है, और उक्त कांड में अबतक फिरार है। माननीय न्यायालय श्री हर्षित तिवारी न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा द्वारा आपके विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थायी पता से भी फिरार हैं। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर आत्मसमर्पण करें अन्यथा आपकी चल/अचल संपति कुर्की करने का आदेश न्यायालय से प्राप्त किया जायेगा।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 284408 Police(22-23).D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना
### (नोटिस)

नाम–महताब आलम, पिता–कुतुबुद्दीन अंसारी, सा0–शाहपुर, हुसैनी मुहल्ला, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू, झारखण्ड, आपको सूचित किया जाता है कि आप डंडई थाना कांड संख्या–75/2021, दिनांक–09.09.2021 परिवर्तित धारा–406/409/420/120(बी) भा0द0वि0 एवं 66(डी) आई0टी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त है, और उक्त कांड में अबतक फिरार है। माननीय न्यायालय श्री हर्षित तिवारी न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा द्वारा आपके विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थायी पता से भी फिरार हैं। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर आत्मसमर्पण करें अन्यथा आपकी चल/अचल संपति कुर्की करने का आदेश न्यायालय से प्राप्त किया जायेगा।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 284405 Police(22-23)#D



## Office of the Executive Engineer-cum-Member Secretary Drinking Water and Sanitation Committee, Medininagar, Palamu

### Invitation for Tender

On behalf of the Government of Jharkhand, **the Drinking Water and Sanitation Department** invites sealed tender offers (Eligibility and Price) for **"Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in District Water & Sanitation Committee Medininagar Palamu, Jharkhand ".**

*The summary of tender details is as below:-*

| Sr. No | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | SBMG Phase II /DWSD/Gobardhan/o1/2022-23 |
| 2 | Tender Fee | Rs. 5,000/- (Rupees Five thousand only) |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 1,00,000/- (Rupees One Lakh only) |
| 4 | Pre-Bid Conference (Address) | OFFICE OF THE Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Committee Medininagar Palamu, Jharkhand Phone: - 9835068475 Email: - eedwsd.medininagar@gmail.com |
| 5 | Address of Communication | OFFICE OF THE Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Committee Medininagar Palamu, Jharkhand Phone: - 9835068475 Email: - eedwsd.medininagar@gmail.com |
| 6 | Telephone Number | 9835068475 |
| 7 | Contact Person | Executive Engineer |
| 8 | Email Contact | eedwsd.medininagar@gmail.com |

**1.Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Date of commencement of availability of the tender document. | 06/12/2022 |
| Last date to send requests for clarifications on the Tender. | 19/12/2022 |
| Project briefing & Pre-bid meeting. | 22/12/2022 at 01:00PM |
| Last date and time for submission of bids. | 28/12/2022 at 04:00PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids. | 30/12/2022 at 03:00PM |

Note: - Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date. Notice of any changes will be notified on the official website of DWSD. Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date.

The Executive Engineer Drinking Water and Sanitation Committee Medininagar, Palamu the right to accept, reject any tender offer or cancel the entire process without assigning any reason thereof. **All the EOI/Tender related document can be seen on https://palamu.nic.in**

**Executive Engineer –cum-Member Secretary**
**Drinking Water & Sanitation Committee**
**Medininagar, Palamu Government of Jharkhand**
**Email:eedwsd.medininagar@gmail.com**

PR 284491 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा

**ई–निविदा सूचना सं0–**RWD/SD/GARHWA/07/2022-23

CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RWD/SD/GARHWA/07/2022-23, PR 282989 (Rural Development) 22-23*D द्वारा प्रकाशित निविदा कंडिकाओं में अपरिहार्य कारण वश कंडिका 03, 04, एवं 06 में आंशिक संशोधन करते हुए निविदा आमंत्रित किया जाता है। आमंत्रित निविदा की शेष सभी कंडिकाएँ पूर्वत: बनी रहेंगी। जो निम्नवत् है :–

3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 19.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 20.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.12.2022 पूर्वाहन 02:00 अपराहन बजे।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
सं.–02, गढ़वा

PR 284423 Rural Development(22-23)#D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

### *VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER*

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/18/2022-23**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 15.12.2022 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 16.12.2022 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 16.12.2022 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Ghaghua), Panchyat- Gurha kala Under Block Bishrampur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Urduwar), Panchyat- Ketatkala Under Block Bishrampur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Tolra-2), Panchyat- Tolra Under Block Bishrampur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Lohardaga), Panchyat- Sigsigi Under Block Bishrampur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Chanokhar), Panchyat- Fuliya Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kajrukala-3), Panchyat- Kajrukala Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Khuri), Panchyat- Sildili Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 8. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Rajhara-1), Panchyat- Rajhara Under Block Nawabazar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 9. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Mushikhap-3), Panchyat- Mushikhap Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 10. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Dalakala-2), Panchyat- Dalakala Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 11. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Tukbera-4), Panchyat- Tukbera Under Block Nawabazar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 12. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Mahuganwa-4), Panchyat- Mahuganwa Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 13. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Basdiha), Panchyat- Mahuganwa Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 14. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Murmakala-2), Panchyat- Murma Kala Under Block Untari Road, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 15. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Pandeypur-2), Panchyat- Murma Khurd Under Block Untari Road, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 16. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Mushikhap-2), Panchyat- Mushikhap Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 17. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- KajruKhurd-3), Panchyat- Mushikhap Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 18. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Pandu-4), Panchyat- Pandu Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 19. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Pandu-2), Panchyat- Pandu Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 20. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Asnainaliya), Panchyat- Pandu Under Block Pandu, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 21. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Barwaya), Panchyat- Dhub Under Block Panki, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 22. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Ukasu), Panchyat- Dhub Under Block Panki, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 23. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Jotang), Panchyat- Kekargarh Under Block Panki, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 24 | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Tayeya-2), Panchyat- Pakariya Under Block Panki, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 25. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Bihar Utri Tola), Panchyat - Ratnupur Under Block Panki, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 26. | Laying of Paver Block in Back of C Block, Officer Colony Campus at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 246500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 27. | E/R of Aluminum Slider in Windows and Wooden Cup Board in Executive Magistrate Quarter at Nawatoli, Daltonganj, Palamu. | 248500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 29. | E/R of Civil S.D.O Sadar Court Room, Daltonganj Palamu. | 245300.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 30. | Repair and Construction of Boundary Wall, P.C.C Pathway of Ministerial Quarter No.- 12,13,14 and 15 in Daltonganj, Palamu. | 1310400.00 | 26500.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 31. | Construction of Boundary Wall and Gate of Registry Officer Quarter Daltonganj, Palamu. | 1697200.00 | 34000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 32. | Renovation of the A Type Quarter Unit-12 (Block-1) Outer Portion (A.C Colony) at Sadik Chowk Daltonganj, Palamu. | 1352100.00 | 27500.00 | 2500.00 | 02 Months |

नोट:–

1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0/विविध–06–33/2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security* उपलब्ध करायें।
3. *2000 Liter Capacity Tank Over Head (Syntex, 3 Layers) allowed.*
4. ***Supply Pipe (Astral, Ashirwad, Supreme, Prince, finolex, ISI approved) allowed.***
5. ***Solar Submersible D.C Water Motor Pump Specification :-***

***(i) Prefer by indigenous of PMSM/BLDC/SRM (Brushless) Solar Pump only 1HP***
***(ii) Only water cooled motor will be allowed.***
***(iii) Motor of only Solartive & Grundfos Company will be acceptable.***
***(iv) In solar panel capability 900 WP will be minimum.***
***(v) MNRE Circular No. F.No. 41/3/2018-SPV Division Dated 17.07.2019*** के उपरान्त ***MNRE Test Report*** देना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 284455 (Building) 22-23 (D)

सम्पादक की कलम से...

# सुरक्षित रखेगी विदेश नीति

**सरकार** ने भारत की विदेश नीति को राष्ट्रीय हितों एवं समाज की जरूरतों के लिए समर्पित बताते हुए कहा है कि कठिन वैश्विक हालात में चुनौतियों के बावजूद देश ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा जैसे मसलों पर देशवासियों पर इसका असर नहीं पड़ने दिया जायेगा। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने बुधवार को संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन लोकसभा में भारत की विदेशी नीति पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के बयान को पढ़ते हुए यह बात कही। उन्होंने विश्व के आर्थिक रूप से शक्तिशाली बीस देशों के समूह जी-20 की मेजबानी भारत को मिलने को प्रत्येक देशवासी के लिए गौरव बताते हुए कहा कि देश में एक साल में जी-20 से संबंधित 200 से अधिक आयोजन किये जायेंगे। भारत की अध्यक्षता में अगले वर्ष होनेवाले जी-20 शिखर सम्मेलन न सिर्फ हाई प्रोफाइल बैठक होगी बल्कि इसमें वैश्विक चुनौतियों वाली प्रमुख मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्ष के जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ने जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि भारत में जी-20 की बैठकें शुरू हो चुकी हैं। सरकार का प्रयास इनमें से 200 बैठकों को भारत में विभिन्न स्थानों पर आयोजित करने का है जहां देश के विभिन्न उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान करने की कोशिश होगी। इसमें एक जिला एक उत्पाद पर भी जोर दिया जायेगा। विदेशी राज्य मंत्री ने कहा कि 17वां प्रवासी भारतीय दिवस 8 से 10 जनवरी 2023 में इंदौर में आयोजित किया जायेगा। दो वर्ष के अंतराल के बाद प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जायेगा। गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली इसमें मुख्य अतिथि होंगें। देश के विकास में भारतवंशियों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रवासी भारतीय दिवस प्रत्येक वर्ष 9 जनवरी को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1915 में महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौटे थे। इधर, इस वर्ष गणतंत्र दिवस के मौके पर मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सिसी ने मुख्य अतिथि बनने के भारत के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। श्रीमती लेखी के अनुसार, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) द्वारा काशी को 2022-23 के लिए पहली एससीओ सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी के रूप में नामित किया गया है। जहां सदियों पुरानी ज्ञान विरासत और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि विदेश नीति केवल सरकार या एक मंत्रालय का कार्यकलाप भर नहीं रह गया है। इसका सभी भारतीयों के दैनिक जीवन पर प्रत्यक्ष प्रभाव है। यह हमारे उत्पादों के बाजार में पहुंच सुनिश्चित करने का मामला हो या प्रतिभाओं को वैश्विक कार्यस्थलों पर जगह दिलाने का। यह प्रौद्योगिकी, सर्वश्रेष्ठ अनुभव एवं पूंजी के प्रवाह को भारत में लाने का मुद्दा भी है। हमारा प्रयास है कि इस कठिन वैश्विक परिस्थितियों में चुनौतियों से घिरे होने के बावजूद भारत के लोगों का कल्याण कैसे सुनिश्चित हो। यूक्रेन से आपरेशन गंगा हो या ऊर्जा एवं खाद की किफायती दरों पर खरीद हो या आवाजाही एवं आव्रजन का मामला हो जैसे हमने अभी जर्मनी के साथ साझीदारी का करार किया। उन्होंने कहा कि भारतीय विदेश नीति भारत के लोगों की सेवा के लिए है और हम इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए यथासंभव सब कुछ करेंगे।

## आज का इतिहास

1581 : ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
1681 : महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
1901 : भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
1943 : इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
1947 : विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
1955 : पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
1769 : कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
2006 : समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।
1938 : प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
1995 : जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
2013 : इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
1556 : स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
1966 : भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
1989 : मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।
1989 : सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
2003 : भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।

# सिस्टम को हटाने के बजाय सुधारने का प्रयास ज्यादा कारगर

> आज की तारीख में ऐसा कोई मानदंड सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है जिससे यह तय किया जा सके कि प्रत्याशियों का मूल्यांकन किस आधार पर हो। ऐसे में कलीजियम से बाहर के लोगों के लिए यह समझना अक्सर मुश्किल हो जाता है कि फलां को क्यों चुन लिया गया और ढिकां को क्यों नहीं चुना गया। उदाहरण के लिए यही तथ्य लिया जाए कि विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों जैसे अनुसूचित जाति (5/256), जनजाति (1/256), महिला, एलजीबीटीक्यू समुदाय, ओबीसी, दिव्यांग, धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय आदि से जजों की नियुक्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट का रेकॉर्ड बडा कमजोर रहा है।

देश की संवैधानिक अदालतों में जजों की नियुक्ति की मौजूदा प्रक्रिया से जुड़ी कोई भी बहस शुरू करने से पहले यह समझ लेना जरूरी है कि इसके इर्द-गिर्द चलने वाली सारी बातचीत इस एक सवाल तक सीमित है कि कलीजियम सिस्टम को काम कैसे करना चाहिए। हम चाहे इस मुद्दे पर किसी भी तरफ खड़े हों, यह उस समय एक सचाई बन गई जब सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की एक बेंच ने 2015 में नैशनल जुडिशल अपॉइंटमेंट्स कमिशन (एनजेएसी) एक्ट पर फैसला देते हुए कह दिया कि संविधान में संशोधन करके कलीजिम सिस्टम को समाप्त करने का कोई भी प्रयास संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ होगा। **अनिश्चितता से नुकसान :** यह मान भी लिया जाए कि इस फैसले को ज्यादा जजों की बेंच पलट सकती है, तो ऐसा होने में बरसों, बल्कि दशकों लग जायेंगे। ऐसे में आज की तारीख में जजों की नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी तरह के सुधार का तरीका यही हो सकता है कि मौजूदा कलीजियम सिस्टम में सुधार की गुंजाइश तलाशी जाए। चूंकि कलीजियम के जरिए सुप्रीम कोर्ट के जज खुद अपने उत्तराधिकारी तय करें, यह अवधारणा मूल संविधान से नहीं आई है, (यह 1993 में सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की बेंच के फैसले से सामने आई), इसलिए कलीजियम के कामकाज से जुड़े नियम कहीं संहिताबद्ध नहीं किये गये हैं। ये समय-समय पर आए सुप्रीम कोर्ट के संबंधित फैसलों के व्यापक अध्ययन के जरिये ही समझे जा सकते हैं। मगर जिन कुछेक कानून के जानकारों ने यह अध्ययन किया है, उनमें भी अक्सर इस बात को लेकर मतभेद हो जाता है कि किसी प्रावधान का किन्हीं खास स्थितियों में वास्तव में अर्थ क्या होता है। स्वार्थी तत्व इन अनिश्चितताओं का अपने हिसाब से फायदा उठाने की कोशिश में लगे रहते हैं। इन अनिश्चितताओं को मुख्यतः दो श्रेणियों में डाला जा सकता है : पहली, जिनसे न्यायपालिका में लोगों का भरोसा प्रभावित होता है- तथ्य यही है कि जजों की नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित सब्जेक्टिव फैसले आते रहे हैं और भविष्य में भी आते रहेंगे। ऐसे में यह बात दिन के उजाले की तरह साफ है कि अगर नियुक्त होने वाले इन जजों के प्रति लोगों का भरोसा बनाये रखना है तो इन नियुक्तियों में अधिक से अधिक पारदर्शिता लानी होगी। दुर्भाग्यवश कलीजियम सिस्टम अपने मौजूदा रूप में इस मोर्चे पर कई विसंगतियों से ग्रस्त है। आज की तारीख में ऐसा कोई मानदंड सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है जिससे यह तय किया जा सके कि प्रत्याशियों का मूल्यांकन किस आधार पर हो। ऐसे में कलीजियम से बाहर के लोगों के लिए यह समझना अक्सर मुश्किल हो जाता है कि फलां को क्यों चुन लिया गया और ढिकां को क्यों नहीं चुना गया। यह स्थिति अक्सर कुछ नियुक्तियों के इर्दगिर्द अफवाहों और अटकलों का कारण बनती है। उदाहरण के लिए यही तथ्य लिया जाए कि विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों जैसे अनुसूचित जाति (5/256), जनजाति (1/256), महिला, एलजीबीटीक्यू समुदाय, ओबीसी, दिव्यांग, धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय आदि से जजों की नियुक्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट का रेकॉर्ड बडा कमजोर रहा है। इसे हमारी राष्ट्रीय सामाजिक वास्तविकता के रूप में लेने के बजाय अक्सर कलीजियम के सदस्यों के जानबूझकर लिए जाने वाले फैसलों का परिणाम बताया जाता है। इससे इस पूरे संस्थान की आम लोगों के बीच छवि को खासा नुकसान होता है और इसके बारे में आम समझ ऐसी बनती है कि न्यायपालिका स्वार्थी लोगों का अड्डा बन गई है। दूसरी, जिनसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता प्रभावित होती है- कलीजियम सिस्टम के संपूर्ण और स्पष्ट रूप से संहिताबद्ध न होने की वजह से उपजी अनिश्चितताओं ने भी सरकार को न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया तय करने की ओर बढ़ने का आधार प्रदान किया। **कानून में छेद :** सिद्धांत रूप में भले ही कलीजियम को यह तय करने का संपूर्ण अधिकार हो कि किसे जज बनाना है, पर व्यवहार में ऐसा नहीं है। इस संबंध में कानून यह कहता है कि सरकार कलीजियम की सिफारिशों को पुनर्विचार के लिए एक बार लौटा सकती है लेकिन अगर कलीजियम दोबारा उन्हीं सिफारिशों की पुष्टि कर देता है।

■ प्रतीक चड्ढा

# ऐसा मत कर यार

दक्षिण के किसी चर्चित फिल्म अभिनेता के निधन पर दो 'पहुंचे' हुए अभिनेता आपस में फोन पर बातचीत कर रहे हैं- 'हेलो! सुना क्या? साउथ का कोई हीरो मर गया है। अभी-अभी टीवी पर समाचार देखा। सुनकर बड़ा दुख हुआ।' 'हां-हां मैंने भी देखा। वह तो बड़ा सुपरस्टार था। लोगों में उसकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है।' 'होगी भी क्यों न? बंदे ने काम ही ऐसे किये थे। अनाथाश्रम, पाठशालाएँ, गौशालाएँ, मुफ्त भोजन व्यवस्था, जरूरतमंदों की सहायता जो करता था। हमेशा जनसेवा का भूत उसके सिर पर सवार रहता था।' 'यह तो बहुत बुरा हुआ। क्यों न हम भी उसके दुख में शामिल हो जाएँ। एक कंडोलेंस वाला ट्वीट तो कर ही सकते हैं। वरना दुनिया क्या सोचेगी?' 'अरे! कहीं तू पागल तो नहीं हो गया? ट्वीट करने के चक्कर में कहीं ट्रोल-व्रोल हो गया तो लेने के देने पड़ जायेंगे। ऊपर से बेइज्जती अलग होगी।' 'अरे भाई! तू दो-चार गुटखों के विज्ञापन में है और मैं दो-चार शराब वाले में। अगर ऐसे में कोई ट्वीट कर देते हैं तो लोग हमारी खूब खिंचाई करेंगे। जनसेवा तो दूर हमने बिना मतलब के आज तक किसी को घांस तक नहीं डाली है। यह सोचकर ही मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।' 'हां यार! तू सही कहता है। भूल गया क्या लॉकडाउन में ऐसे ही किसी अभिनेता ने हमारी पतलून ढीली कर दी थी। उस पर जनसेवा का ऐसा भूत सवार हुआ कि हमारा घर से निकलना दुश्वार हो गया था। ऊपर से मीडिया वालों की किच-किच अलग से।' 'सही कहता है तू! सबसे अच्छा चुपचाप बैठो। दुनिया से कन्नी काट लो। दो-चार दिन बाद मामला ठंडा पड़ जायेगा। क्यों फालतू मे मुसीबत मोल लें। जैसा चल रहा है वैसा चलने दो। मानवता को मारो गोली। चुपचाप पड़े रहो एक कोने में।' इतना कहते हैं दोनों ने फोन रख दिया।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

# दुनिया तुम्हारी है

एक फिल्मी गाने की पंक्ति है- दुनिया के मजे ले लो, दुनिया तुम्हारी है। हालांकि फिल्मों में गीत-संगीत रखने के पीछे फिल्म निर्माताओं का मूल मकसद अपने दर्शकों का मनोरंजन करना होता है। वे कोई जीवन दर्शन डाल कर फिल्म को बोझिल नहीं बनाना चाहते। मगर फिल्में भी हमारे जीवन का अक्स होती हैं, इसलिए उनमें सहज रूप से जीवन दर्शन उतर ही आता है। इस गाने में भी जीवन का महत्त्वपूर्ण दर्शन है। इस दुनिया, इस जगत को अगर समझ लें, अगर अपना मान लें, तो जीवन समरस हो जाए। शास्त्र भी तो कहते आए हैं- वसुधैव कुटुंबकम। पूरी धरती को अपने परिवार की तरह समझने की बात। इस बात को सुनते और जानते तो सभी हैं, मगर समझते कम ही हैं। समझना चाहते ही नहीं, इसलिए समझ पाते नहीं। जब हम किसी चीज को अपना मान लेते हैं, तो उससे हमारा जुड़ाव, हमारा लगाव हो जाता है। उसे ठीक से बरतना सीख जाते हैं। उसे हिफाजत से रखना शुरू कर देते हैं, उसमें किसी तरह की टूट-फूट, किसी तरह की खराबी हमें पसंद नहीं आती। तुरंत उसे सुधारने का प्रयास करते हैं। बहुत सारे लोगों को अपनी गाड़ी से इतना लगाव हो जाता है कि उतना परिवार से भी नहीं होता। वे उस पर जरा-सा दाग-धब्बा भी बर्दाश्त नहीं करते, जरा-सी आवाज कहीं से आने लगे, तो तुरंत मिस्त्री के पास ले जाते हैं। मगर जिस दुनिया में रहते हैं, उससे लगाव नहीं हो पाता। इसी दुनिया में हमारा घर है, उसे तो हम खूब सजाते हैं, होड़ लगाये रहते हैं कि हमारा घर सबसे सुंदर घर हो। मगर इस दुनिया को सुंदर बनाने के बारे में कितने लोग सोच पाते हैं। इसलिए कि इस दुनिया से वैसा लगाव नहीं पैदा हो पाया, जैसा अपने घर, अपनी गाड़ी से पैदा हो गया। बहुत सारे लोगों ने इस गाने की पंक्ति का अर्थ अपने जीवन में 'मजे ले लो' से जोड़ लिया है। मजे यानी भरपूर उपभोग। दुनिया का दोहन। दुह लो दुनिया को। दुनिया की सारी संपत्ति पर अपना नाम अंकित कर दो। इसके मजे ले लो यानी शारीरिक और मानसिक सुख ले लो, जितना ले सकते हो। संपत्ति का विकृत रूप ही 'मजे' के भाव को भी विकृत करता गया है। इसे ऐशो-आराम के रूप में रूढ़ कर दिया गया है। कोई नहीं सोचता कि यह भी कोई मजा है क्या। मजा यानी आनंद, तो बहुत ऊंचा भाव है, मगर हम उसे पाना कब चाहते हैं। अंग्रेजी के 'प्लेजर' को ही आनंद के रूप में रूढ़ कर दिया है। उसी को मजा मान बैठे हैं। 'प्लेजर' तो शरीर का, मन का क्षणिक सुख है। फिर वही सुख पाने की भूख फिर पैदा हो जाती है। बार-बार भागते हैं उसी 'मजे' की तरफ, निरंतर भागते रहते हैं 'और प्लेजर' के लिए। अनंत भागमभाग है इसके पीछे, पर कभी संतुष्टि नहीं मिल पाती। हमने इस दुनिया को कभी अपना माना ही नहीं। हमारे भीतर यह बोध बैठा हुआ है कि इस दुनिया के बहुत सारे मालिक हैं। इसलिए कि हम इस दुनिया को एक भूखंड, एक जमीन के रूप में देखते हैं। इस जमीन को ही देखते हैं हम। स्वाभाविक ही तब लगता है कि इसके बहुत सारे मालिक हैं। जो हमसे अधिक जमीन हथियाए हुए है, उससे होड़ में लग जाते हैं। उससे ईर्ष्या करने लगते हैं। उसे पछाड़ने में लग जाते हैं। फिर दुनिया के मजे ले कैसे पाएं। मजे लेने, आनंद पाने के लिए तो पहले लगाव और जुड़ाव पैदा करना जरूरी है। वह लगाव कैसे पैदा हो, यही तो सोचना है। यही भाव तो पैदा करना है। कुछ लोग पेड़-पौधे लगा कर, नदियों की सफाई करके, कूड़ा-कचरा साफ करके सोच लेते हैं कि उन्हें दुनिया से लगाव पैदा हो गया, उन्हें दुनिया के मजे मिलने लगे हैं। मगर यह भी एक झूठा अहंकार है। इसलिए कि भीतर कहीं यह भाव बैठा हुआ है कि दुनिया को सुंदर बनाने में उनका भी नाम कहीं अंकित हो रहा है। सच्चा लगाव वही है, जिसमें निरासक्ति का भाव भी हो। जैसे ही हम किसी चीज पर अपना नाम अंकित कर देते हैं, वह लगाव उस चीज से नहीं, अपने नाम से जुड़ जाता है। इसलिए दुनिया को अपना मानने में उससे निरासक्ति भी जरूरी है। अपना मानने का यह अर्थ नहीं कि उसकी मिल्कियत अपने नाम कर लो। जब हम कहीं जाते हैं, किसी आलीशान होटल में ठहरते हैं, तो उस होटल की सुविधाएं हमें मोहती हैं। उसमें रह कर हमें अच्छा लगता है। मगर इसका यह अर्थ तो नहीं कि उस होटल को अपने नाम कराने का सोचने लगते हैं। उस होटल की चीजों का इसी भाव से उपभोग करते हैं कि एक दिन उन सबको छोड़ कर चले जाना है। हालांकि मन में यह भाव जरूर कहीं बना रहता है कि फिर कभी इस शहर में आयेंगे, तो इस होटल में ठहरेंगे। दुनिया के प्रति, दुनिया की चीजों के प्रति भी अगर यही भाव पैदा हो जाए, तो हम इसे नाहक नोचना-खसोटना, इसकी चीजों को बेवजह दुहना बंद कर दें। जितने की जरूरत है, उतने का ही उपभोग करना सीख जाएं। दुनिया के मजे इसी में हैं कि इसे वैसे ही रहने दें, जैसे यह है, जैसा इसका स्वभाव है। हम इसके साथ जीना सीख लें, इस दुनिया को अपने ढंग से बनाना बंद कर दें। हममें से हर कोई दुनिया को अपने ढंग से बनाना-चलाना चाहता है। हम यह भूल गये हैं कि जैसे ही हम किसी को भी अपने ढंग से चलाने की कोशिश करते हैं, तो उसकी प्रतिकूल प्रतिक्रिया आनी शुरू हो जाती है। इससे जीवन का आनंद जाता रहता है। हर चीज अपने स्वभाव में रहना चाहती है।

■ रूपा

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे महाभाग ! उन पतिव्रताको दुःखित जानकर मैं उनके पास गया। वहाँ मैंने तथा महात्मा भीष्मने उन्हें बहुत सान्त्वना दी ॥ 25 ॥

तब स्त्री तथा राज्यसे विमुख भीष्मने अपने दूसरे भाई पराक्रमी विचित्रवीर्यको राजा बना दिया ॥ 26 ॥

तत्पश्चात भीष्मने अपने बलसे राजाओंको जीतकर काशिराजकी दो सुन्दर पुत्रियोंको लाकर माता सत्यवतीको समर्पित कर दिया। पुनः शुभ मुहूर्तमें जब भाई विचित्रवीर्यका विवाह सम्पन्न हो गया तब मैं बहुत प्रसन्न हुआ ॥ 27-28 ॥

कुछ ही समयमें मेरे धनुर्धर भाई विचित्रवीर्य भी यक्ष्मा रोगसे ग्रस्त होकर युवावस्थामें ही निःसन्तान मर गये, जिससे मेरी माता दुःखित हुई ॥ 29 ॥

इधर जब काशिराजकी दोनों पुत्रियोंने अपने पतिको मृत देखा तब वे दोनों बहनें पातिव्रत्य धर्मके पालनके लिये तत्पर हुईं ॥ 30 ॥

वे दारुण दुःखके कारण रोती हुई अपनी साध्वी साससे कहने लगीं- हे श्वश्रु! हम दोनों चिताग्निमें अपने पतिके साथ ही जायँगी। आपके पुत्रके साथ स्वर्गमें जाकर हम दोनों अपने पतिसे युक्त होकर नन्दनवनमें सुखपूर्वक विहार करेंगी ॥ 31-32 ॥

तब स्नेहभावका आश्रय लेकर मेरी माताने भीष्मके परामर्शसे उन दोनों वधुओंको महान् चेष्टा करनेसे रोक दिया ॥ 33 ॥

विचित्रवीर्यकी सभी और्ध्वदैहिक क्रिया सम्पन्न करके गंगातनय भीष्म तथा मेरी माताने आपसमें मन्त्रणा करके मुझे हस्तिनापुर आनेके लिये मेरा स्मरण किया ॥ 34 ॥

इस प्रकार माताके स्मरण करते ही उनके मनोगत भाको जानकर शीघ्र ही में हस्तिनापुरम आ गया। सिर झुकाकर माताको प्रणाम करके में हाथ जोड़कर उनके समक्ष खड़ा हो गया और पुत्रशाक के कारण अत्यन्त दुर्बल तथा तप्त अंगोंवाली उन मातासे मैंने कहा- ॥ 35-36 ॥

हे माता! आपने अपने मनमें स्मरण करके यहाँ मुझे किसलिये बुलाया है ? हे तपस्विनि। बड़े- से- बड़े कार्यके लिये मुझे आदेश दीजिये, मैं दास हूँ, मैं क्या करूँ ? ॥ 37 ॥

हे माता! मेरा परम तीर्थ तथा महान् परम आपका देव आप ही हैं। आपके स्मरण करते ही में यहाँ उपस्थित हो गया हूँ। अब आप अपना प्रिय कार्य बताइये ॥ 38 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# स्वच्छ भारत अभियान

पूरे झारखंड में गांव-गांव में शौचालय का निर्माण हो रहा है। यह एक काफी अच्छी योजना है, जिससे हमारे गांवों को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन, हमारे कई गांवों में गरमी के मौसम में पीने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं हो पाता है, ऐसे में शौचालय में उपयोग के लिए आम ग्रामीण पानी कहां से लायेंगे यह सोचने वाली बात है। हमें शौचालय के साथ-साथ पानी की भी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे कि लोग गरमी के मौसम में भी वहां पर पर्याप्त पानी का उपयोग शौच करने के बाद भी कर सकें। झारखंड के मुख्यमंत्री की यह घोषणा की ओडीएफ गांवों में होगी पेयजलापूर्ति की व्यवस्था एक सराहनीय कदम है। पानी की व्यवस्था से लोगों को भी राहत मिलेगी। साथ ही हाल में रेलवे लाईन पर शौच करते समय तीन महिलाओं की मौत से लगने लगा है कि अभी भी कई गांवों में शौचालय की व्यवस्था पूरी तरह नहीं हो पायी है। वहीं उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को अब जलावन के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। पहले हमें सड़क व जंगलों में ग्रामीण महिलाओं को जलावन व गोईठा के लिए भटकते देखा जाता था। इसमें अब निःसंदेह कमी आयी है। सरकार की यह योजना सचमुच सराहनीय है। साथ ही राशन की दुकानों में एक किलो अनाज मिलने से स्थिति में सुधार भी दिखाई दे रहा है। अगर सही लाभुकों तक योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है तो, इसका व्यक्तिगत भ्रष्टाचार ज्यादा है। इसे रोकने के लिए सही कदम उठाने की आवश्यकता है।

■ नागेन्द्र कुमार, मेदिनीनगर।

# परमाणु महाशक्ति बनाने में जुटे किम जोंग

उत्तर कोरिया कैसे वर्षों से अमेरिकी राष्ट्रपतियों को धोखा देता रहा इसकी एक मिसाल डोनाल्ड ट्रंप भी बने। ट्रंप ने किम जोंग उन को सिंगापुर में वार्ता के लिए आमंत्रित किया और उत्तर कोरियाई अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाने के लिए कई प्रस्ताव दिये। उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने दावा किया है कि उनका देश विश्व की सबसे शक्तिशाली परमाणु शक्ति बनना चाहता है। उनके इस ऐलान को अधिकतर लोगों ने गीदड़ भभकी के रूप में ही लिया है लेकिन इस सनकी शासक की हरकतों पर नजर डालें तो ऐसा लगता है कि इस ऐलान को नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उत्तर कोरिया ने अपना परमाणु कार्यक्रम तीन दशक पहले शुरू किया था। अब एक अनुमान के मुताबिक उसके पास 45 से 55 परमाणु हथियार बनाने के लिए पर्याप्त विखंडनीय सामग्री है। इतनी सामग्री से बनने वाले परमाणु बम की क्षमता लगभग 15 से 20 किलोटन की होगी। यहां आपको हम बताना चाहेंगे कि 1945 में हिरोशिमा को नष्ट करने वाले बम की क्षमता 15 किलोटन की थी। 15 किलोटन के बम से हिरोशिमा को कितना नुकसान पहुँचा था इससे सब वाकिफ हैं इसलिए सोचिये कि 20 किलोटन का बम कितना नुकसान पहुँचा सकता है। हाल ही में इस प्रकार की भी रिपोर्टें आईं कि इस समय उत्तर कोरिया के पास पहले से दस गुना बड़े बम बनाने की क्षमता है। यही नहीं, उत्तर कोरिया की मिसाइल डिलीवरी प्रणाली भी बड़ी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा उत्तर कोरिया जिस तरह सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन करते हुए जापान के ऊपर से मिसाइलों का परीक्षण करता है, आतंक को भड़काता है और आकस्मिक युद्ध का जोखिम पैदा करता है, उसके प्रति दुनिया को सचेत रहने की जरूरत है। उत्तर कोरिया को दुनिया ने उसके लापरवाह और निरंकुश रवैये के कारण भले अलग-थलग कर रखा है लेकिन अब जरूरत है कि उसे हथियार नियंत्रण वार्ताओं और अंतर्राष्ट्रीय संवाद के मंचों पर लाया जाये। यदि ऐसा नहीं किया गया तो उस क्षेत्र में परमाणु हथियारों की दौड़ बढ़ने का अंदेशा बना रहेगा। लेकिन बातचीत के दौरान भी उत्तर कोरिया पर नजर बनाये रखनी होगी क्योंकि इस देश का इतिहास विश्व को धोखा देने का रहा है। हम आपको याद दिला दें कि उत्तर कोरिया ने 1985 में परमाणु हथियार अप्रसार (एनपीटी) संधि पर प्रतिबद्धता जताई थी। गौरतलब है कि इसके तहत सदस्य देशों में स्वतंत्र पर्यवेक्षक संधि के अनुपालन पर नजर रखते हैं साथ ही एनपीटी पर हस्ताक्षर करने वाले देश हथियारों पर नियंत्रण और कटौती के लिए भी प्रतिबद्ध होते हैं। लेकिन उत्तर कोरिया एनपीटी संधि पर सहमत होने के बावजूद दुनिया को धोखा देता रहा। सन 1993 से लेकर अब तक उत्तर कोरिया ने अमेरिकी राष्ट्रपतियों और विश्व समुदाय को गुमराह किया और धोखा दिया। उल्लेखनीय है कि परमाणु क्षमता हासिल करने के बाद उत्तर कोरिया साल 2003 में एनपीटी से बाहर आ गया था और 2006 में उसने पहला परमाणु विस्फोट कर दुनिया को चौंका दिया था। इस कदम के जरिये उत्तर कोरिया ने वैश्विक शक्ति संतुलन तो बिगाड़ा ही साथ ही दुनिया के लिए बड़ा खतरा भी पैदा कर दिया। हैरत की बात यह रही कि उत्तर कोरिया पर लगाम लगाने की विश्व समुदाय की कोई भी पहल कारगर नहीं हुई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने उत्तर कोरिया पर तमाम तरह के प्रतिबंध लगाते हुए फरमान जारी किये कि उत्तर कोरिया को परमाणु हथियार और संबंधित मिसाइल डिलीवरी प्रणाली को विकसित करना बंद करना होगा। लेकिन उत्तर कोरिया नहीं माना। 2006 में परमाणु परीक्षण के बाद से उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों के नौ दौर चले लेकिन उत्तर कोरिया टस से मस नहीं हुआ। उत्तर कोरिया कैसे वर्षों से अमेरिकी राष्ट्रपतियों को धोखा देता रहा इसकी एक मिसाल डोनाल्ड ट्रंप भी बने। ट्रंप ने किम जोंग उन को सिंगापुर में वार्ता के लिए आमंत्रित किया और उत्तर कोरियाई अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाने के लिए कई प्रस्ताव दिये, बदले में किम जोंग उन ने परमाणु कार्यक्रम से हटने का वादा किया लेकिन उल्टा उन्होंने परमाणु कार्यक्रम को और तेज कर दिया।

■ गौतम मोरारका

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# छोटी सी किशमिश से बनी रहेगी खूबसूरत व सेहतमंद



किशमिश की तासीर गर्म होती है इसलिए बहुत से लोग इसका सेवन करने से बचते है, लेकिन क्या आप जानते है किशमिश फाइबर से भरपूर है और यह महिलाओं को बहुत सी बीमारियों से बचाने में सहायक है। यह डाइजेशन को सुधारने के साथ ही मेनोपॉज की बहुत की समस्याओं को दूर करता है। छोटी सी किशमिश बहुत से पोषक तत्वों से भरी हुई होती है। किशमिश में पर्याप्त कैल्शियम और मैग्नीशियम की मात्रा होती है साथ ही आयरन का भी अच्छा सोर्स है। यह एनीमिया को दूर करने में सहायक है। माना जाता है किशमिश की तासीर गर्म होती है इसलिए बहुत से लोग इसका सेवन करने से बचते है खासकर महिलायें, लेकिन क्या आप जानते है किशमिश फाइबर से भरपूर है और यह महिलाओं को बहुत सी बीमारियों से बचाने में सहायक है। यह डाइजेशन को सुधारने के साथ ही मेनोपॉज की बहुत की समस्याओं को दूर करता है।

**एनीमिया दूर करने में सहायक :** अधिकतर महिलायें एनीमिया का शिकार होती हैं। किशमिश का सेवन उनकी इस समस्या को दूर कर सकता है। किशमिश में आयरन भरपूर मात्रा में होता है। आयरन कमी से महिलाओं को हर समय थकान का अनुभव होना, त्वचा की चमक कम होना, बाल गिरना, आसानी से नाखुनो का टूटना जैसी परेशानियां होती है। आयरन की कमी से पीरियड्स भी अनियमित होते हैं और पीरियड्स के दौरान दर्द की भी समस्या होती है। इससे बचने के लिए आप भीगी हुई किशमिश का सेवन कर सकती हैं इससे आयरन की कमी दूर होगी।

**हड्डियों की कमजोरी होगी दूर :** किशमिश में कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है। अगर आप भी बढ़ती उम्र के कारण आर्थराइटिस के दर्द से परेशान हैं तो भीगी हुई किशमिश का सेवन आपकी इस बीमारी को दूर कर सकता है। भीगी हुई किशमिश का सुबह खाली पेट सेवन हर महिला को डेली रूटीन में शामिल करना चाहिए।

**त्वचा बनेगी शाइनी :** किशमिश का सेवन स्किन को रिपेयर करने का काम करता है। इसमें पर्याप्त मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो स्किन पर प्रदुषण और उम्र के असर को कम कर देते हैं। यह स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ ही स्किन कॉम्प्लेक्शन को सही रखता है।

**किशमिश है एनर्जी बूस्टर :** अगर आपको हर समय थकान रहती है तो आपको किशमिश वाले दूध का सेवन करना चाहिए। यह आपको खुशमिजाज भी बनाये रखेगा और आयरन की कमी को भी दूर करेगा।

**कब करें किशमिश का सेवन :** 15-20 किशमिश के दानें रात में भिगो दें। सुबह खाली पेट इनका सेवन आपके लिए बहुत लाभकारी होगा। रोजाना इसका सेवन आपको सेहतमंद रखने के साथ ही खूबसूरत भी बनाये रखेगा।

**कैसे करें किशमिश का सेवन :** अगर आपको त्वचा की परेशानी है एक्ने या डल स्किन की समस्या है तो आप भीगी हुई किशमिश सुबह खाली पेट ले सकती हैं। किसी को यदि कब्ज की दिक्कत है तो उसको भी भीगी हुई किशमिश का सेवन करना चाहिए। आर्थराइटिस से परेशान हैं तो किशमिश को शहद में भिगो कर रख दें। इसका नियमित रूप से सेवन आपको कमजोर हड्डियों की परेशानी से छुटकारा दिलाएगा।



# फिट दिखने के साथ ही रहेंगे सेहतमंद भी, आजमायें ये आसान गुड हैबिट्स

कम कैलोरी के चक्कर में अक्सर हमारे भोजन में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। आपके शरीर में प्रोटीन और बहुत से विटामिन्स की कमी से कई समस्याएं शुरू हो जाती हैं। पतला दिखने के लिए आप बहुत से जरूरी भोज्य पदार्थों को अपनी थाली से निकाल देते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं जिससे आप स्लिम फिट तो होंगे ही साथ ही हेल्दी भी बने रहेंगे। कम कैलोरी के चक्कर में अक्सर हमारे भोजन में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। ऐसी डाइट से वेट तो कम होता लेकिन आप कमजोर हो जाते हैं। आपके शरीर में प्रोटीन और बहुत से विटामिन्स की कमी से कई समस्याएं शुरू हो जाती हैं। पतला दिखने के लिए आप बहुत से जरूरी भोज्य पदार्थों को अपनी थाली से निकाल देते हैं।

**प्रोटीन से भरपूर हो भोजन :** आप साबुत अनाज जैसे मूंग को अंकुरित करके खा सकते हैं। इसके साथ ही आप बाजरा, रागी को भी अपने भोजन का हिस्सा बना सकते हैं। अंडा भी प्रोटीन का अच्छा सोर्स है और यह वजन भी नियंत्रित रखता है। ओट्स हेल्दी होने के साथ ही वजन घटाने में भी सहायक है। यह बहुत से खनिज और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। ओट्स को आप अपने ब्रेकफास्ट में शामिल करना ना भूलें। यह सेहत के लिहाज से भी फायदेमंद होता है।

**खाने के तुरंत बाद पानी ना पीये :** खाना खाने के तुरंत बाद बहुत से लोग खूब सारा पानी पी लेते हैं। यह सेहत के लिहाज से तो खराब है ही इससे वजन भी बढ़ता है।

**खाने की प्लेट छोटी हो :** खाना हमेशा छोटी प्लेट में खाएं। छोटी प्लेट कम भोजन की मात्रा से ही भरी हुई लगती है। इससे आप भूख से कम खाते है।

**भरपूर नींद लें :** रात में देर तक सोना और सुबह जल्दी जागना बढ़ते वेट का सबसे बड़ा कारण है। इससे आपका मेटाबलिज्म प्रभावित होता है खराब मेटाबलिज्म आपका वेट तो बढ़ाता ही है आपको बीमार भी बनाता है।

**फास्ट फूड को कहें ना :** फास्ट फूड ज्यादा तेल मसाले और शुगर से भरपूर होता है। जिसकी वजह से मोटापा बढ़ने का जोखिम होता है। इसमें फाइबर ना के बराबर होता है। फाइबर आपके पाचन को सुधारने के साथ एक्स्ट्रा फैट को भी बर्न करता है। हालांकि, फाइबर सीधे मसल्स ग्रोथ को प्रभावित नहीं करता है पर फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ खाने से आपके मसल्स पावर में सुधार होता है और आप फिट बॉडी के मालिक बनते है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से परहेज सबसे जरुरी है। ऐसे खाद्य पदार्थो में उच्च फ्रुक्टोज कॉर्न सिरप, हाइड्रोजनीकृत तेल, एक्स्ट्रा शुगर इमल्सीफायर और फ्लेवरिंग एजेंट मौजूद होते हैं। यह वजन को बढ़ाने के साथ ही क्रोनिक बीमारियों के जोखिम को बढ़ाते हैं। ऐसे में किसी भी पैकेज्ड फूड का सेवन न करें।

**दिन में कई बार खाएं :** एक बार में बहुत सा खाने की जगह आप थोड़ा-थोड़ा दिन में कई बार खाएं। ऐसे में आप खुद को भूखा भी महसूस नहीं करेंगे और भोजन आसानी से डाइजेस्ट भी हो जायेगा। आप अपने लंच और ब्रेकफास्ट को दो या तीन हिस्सों में बांट दें। यदि आप ऐसा करेगें आप एकदम फिट दिखने के साथ ही सेहतमंद भी रहेंगे।

**घर का खाना :** बाहर खाने की बजाय घर का खाना खाएं। यह कम कैलोरी वाला होता है और आपकी सेहत के लिए हानिकारक नहीं होता है। यह कम तेल मसाले वाला और शुद्ध होता है।

**रहें टेंशन फ्री :** ज्यादा तनाव भी वेट बढ़ने का मुख्य कारण हो सकता है। आप किसी भी तरह के तनाव को खुद से दूर रखें। यह आपको मानसिक रूप से बीमार करने के साथ ही मोटापा भी बढ़ता है।


## सर्द हवाएं

याद दिलाये पी की धड़क धड़क।
मन में ज्योत जलाये पिया मिलन की उमंगे तड़प तड़प।
आज विरह की नहीं कोई रहेगी कहानी।
जवां दिलों की चाहतें कहेगी अपनी जुबानी।
समझ सके तो समझ लें सुर सरिता की खनक खनक।
सर्द हवाएं
याद दिलाये पी की धड़क धड़क।
ऐसे मस्त मौला आलम में साजन की छवि लागे मोहक मोहक।
चैन लेने न देगा, जीने न देगा।
मदमस्त रूत ये सुहानी।
मानों लागे प्यारी सी कोई कहानी।
दम भरते सभी इसके कांप जाता जिया अक्श उनका देखके।
ऐसी पावन बेला में सर्द हवाओं के झोंके संग झूलूं झूला।
बंद नयनों में बसा लूं स्वपन अलबेला। सर्द हवाएं
याद दिलाये पी की धड़क धड़क।
दम भरते सभी इसके
चलूं जिधर जिया ले जाए
भूल के सारे गम मटक मटक।
सर्द हवाएं
याद दिलाये पी की धड़क धड़क।
जले तो जले जमाना देखकर हम तो अपनी धुन में चलें छमक छमक।
सर्द हवाएं
याद दिलाये पी की धड़क धड़क।

❖ ऋतुराज वर्षा

# सुगर लेवल को रखना है बैलेंस या बढ़ाना चाहते हैं वजन तो मीठा आलू करेगा मदद

कैंसर सेल्स के लिए शकरकंद या मीठे आलू खाना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। यह आपको वजन बढ़ाने में भी हेल्प करता है। यह बहुत से विटामिन, प्रोटीन और बीटा कैरोटीन से भरपूर है। यह दो तरह के होते हैं। लाल वाले शकरकंद और सफेद शकरकंद। दोनों ही बहुत से पोषक तत्वों से भरपूर हैं। मीठे आलू जिसे शकरकंद के नाम से जाना है आप में से सभी ने कभी ना कभी खाया होगा। आप क्या इसके फायदे जानते है यह दो तरह होते हैं। लाल वाले शकरकंद और सफेद शकरकंद। दोनों ही बहुत से पोषक तत्वों से भरपूर हैं। लाल वाले शकरकंद बीटा कैरोटीन से भरपूर होता है। ये अपनी सुगंध से जाने जाते हैं। सफेद वाले मीठे आलू स्वाद में कम मीठे होते हैं। लेकिन फायदे इसके भी भरपूर होते हैं। यह फाइबर से भरपूर होता हैं जो हमारी डाइजेशन सिस्टम को स्वस्थ रखने का काम करता है। यह बहुत सी बीमारियों को दूर करने में भी हेल्प करते हैं।



**मीठा आलू करेगा अस्थमा को दूर :** मीठा आलू या शकरकंद दमे की परेशानी को दूर कर सकता है। यह फेफड़े के संक्रमण को कम करने में सहायक है। यह सीने और गले में जमा कफ को बाहर निकाल कर खांसी और सीने में जकड़न की परेशानी को दूर कर देता है। अस्थमा की परेशानी में इसको भून कर खाना फायदेमंद होता है।

**कैंसर सेल्स को रोकने में सहायक :** मीठा आलू कई तरह के कैंसर जैसे आँतों का कैंसर, किडनी का कैंसर, सेस्टेस्ट के कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकने में मदद करता है। इसमें बीटा कैरोटीन और विटामिन सी होता है जो इन बिमारियों की रोकथाम में सहायक है। इसके छिलकों में बीटा कैरोटीन, एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी कोर्सिनोजेनिक पदार्थ पाया जाता है। शकरकंद को छिलके समेत खाने की कोशिश करें।

**पेट के अल्सर को करे दूर :** अगर आपके पेट में अल्सर है आपके पेट में दर्द रहता है तो मीठा आलू आपके लिए फायदेमंद है। यह अल्सर में होने वाले दर्द और सूजन की परेशानी को दूर करने वालों तत्वों से भरपूर होते हैं। इसमें एंटी इंफलेमेट्री गुण पाए जाते हैं जो आपकी अल्सर की समस्या को दूर करते हैं।

**डायबिटीज की परेशानी को कम करने में मददगार मीठा आलू :** स्वाद में मीठा होने की वजह से आप सोचते होंगे कि यह शुगर लेवल की परेशानी को बढ़ाने वाला होगा। लेकिन यह आपकी डायबिटीज की इस परेशानी को कम करता है। यह आपकी बॉडी में ज्यादा इंसुलिन बनने से रोकता है और शुगर लेवल को बैलेंस रखता है। स्वाद में मीठा होने कारण डायबिटिक लोग मीठे की क्रेविंग होने पर इसका सेवन कर सकते हैं।

**वजन बढ़ाने में सहायक :** जिन लोगों का वजन किसी कारण से कम है या किसी बीमारी की वजह से आपको कमजोरी है तो आप शकरकंद को अपने भोजन में शामिल कर सकते हैं। आप स्नेक्स में भी शकरकंद ले सकते हैं। इसमें काफी मात्रा में स्टार्च होता है साथ ही बहुत से विटामिन और प्रोटीन पाए जाते हैं जो आपका वजन बढ़ा सकते हैं। यह डाइजेस्टिव होते हैं और आपको किसी भी तरह से हार्मफुल नहीं होते हैं। यह एनर्जी लेवल को भी बढ़ाते हैं।

**गठिया के दर्द से दिलाये छुटकारा :** अगर आप भी गठिया से होने वाले दर्द से परेशान हैं तो मीठा आलू आपकी इस परेशानी को कम करेगा। इसमें मैग्नीशियम, बीटा कैरोटीन, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स पाया जाता हैं जो आपके गठिया के दर्द से छुटकारा दिला सकता हैं।

❖ सूर्या मिश्रा

# पौष मास में क्यों करनी चाहिए सूर्य देव की पूजा, क्या है पूजा विधि

शास्त्रों के अनुसार पौष मास में सूर्य देव की उपासना बहुत लाभकारी है। पौष मास में सूर्य देव 11 हजार रश्मियों के साथ व्यक्ति को स्वास्थ्य प्रदान करते हैं इसलिए पौष मास में सूर्य की उपासना की जाती है। मान्यता है इस महीने चन्द्रमा पुष्य नक्षत्र में रहता है इसलिए यह पौष मास कहलाता है। हिन्दू पंचांग का दसवां महीना पौष के नाम से जाना जाता है। स्थानीय भाषा में इसको अगहन कहा जाता है। हर महीने का अपना अलग महत्व है और पौष मास की भी हिन्दू पंचांग में अपनी अलग महत्ता है लेकिन पौष मास में शुभ कार्यों की मनाही रहती है। पौष में शादी, विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, जनेऊ संस्कार आदि नहीं किये जाते हैं। हिन्दू पंचांग ग्रहों और नक्षत्रों की गति पर आधारित है। शास्त्रों के अनुसार पौष मास में सूर्य देव की उपासना बहुत लाभकारी है। पौष मास में सूर्य देव 11 हजार रश्मियों के साथ व्यक्ति को स्वास्थ्य प्रदान करते हैं इसलिए पौष मास में सूर्य की उपासना की जाती है। मान्यता है इस महीने चन्द्रमा पुष्य नक्षत्र में रहता है इसलिए यह पौष मास कहलाता है।

**कब से शुरू हो रहा है पौष मास :** हिन्दू पंचांग के अनुसार 2022 पौष मास की शुरूआत 9 दिसम्बर से हो रही है। यह 7 जनवरी 2023 को समाप्त होगा।

**पौष मास में सूर्य की उपासना :** हिन्दू पंचांग के अनुसार हर मास किसी ना किसी देवता को समर्पित है। इसी तरह पौष मास में सूर्य देवता की उपासना का महत्व है। यह सूर्य देव का मास कहलाता है। पौष मास में सूर्य देव की उपासना और अर्ध्य का विधान है। पौष में रविवार के व्रत का भी बहुत महत्व है। कहते हैं पौष में सूर्य की उपासना करने से व्यक्ति साल भर निरोगी और प्रसन्न रहता है।

**पौष माष का महत्व :** पौष मास में सभी शुभ कार्यो को रोक दिया जाता है। इस समय सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करते हैं इसलिए कोई मांगलिक नहीं किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार अगर इस मास में अपने पितरो का पिंड दान किया जाये तो उनकी आत्मा को शांति मिलती है और उनको बैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। इसलिए इसे छोटा पितृपक्ष भी कहा जाता है। मान्यता के अनुसार जो भी व्यक्ति पौष मास में सूर्य की उपासना करता है उसको स्वास्थ्य, बुद्धि, धन, और बल की प्राप्ति होती है।

**पौष मास में करें यह उपाय :** पौष मास में गुड़ का सेवन लाभदायक बताया गया है। इस मास में गर्म वस्त्रो का दान करना चाहिए। पौष मास में रविवार को लाल वस्त्र धारण करने चाहिए। पीले वस्त्र धारण करने से भी पौष में लाभ होता है। इस मास में अदरक और लौंग का सेवन बहुत लाभदायक माना गया है।

### पौष मास में कैसे करें सूर्य की उपासना

- पौष मास में प्रातः जल्दी उठकर स्नान करें।
- एक ताम्बे लोटे में जल लें उसमें लाल फूल और लाल चन्दन या लाल रोली मिलाये और सूर्य देव को अर्ध्य दें।
- अर्ध्य देते समय सूर्य देव के नाम का उच्चारण करें।
- उसके बाद 'ॐ श्री सूर्य देवाय नमः' का जाप करें।
- पौष मास में रविवार को मीठा भोजन करें।
- सूर्य देव को तिल और खिचड़ी का भोग लगाएं।

# सीने में जमा कफ को दूर करने के आसान उपाय

बदलते मौसम में अक्सर लोगों को छाती और गले में कफ जम जाता है। इससे सांस लेने में दिक्कत और हर समय छाती में जकड़न सी महसूस होती है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप बहुत सी दवाइयों का प्रयोग करते हैं। इससे आपको थोड़ी देर के लिए राहत तो मिलती है लेकिन समस्या पूरी तरह से खत्म नहीं होती है। बदलते मौसम में अक्सर लोगों को छाती और गले में कफ जम जाता है। इससे सांस लेने में दिक्कत और हर समय छाती में जकड़न सी महसूस होती है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप बहुत सी दवाइयों का प्रयोग करते हैं। इससे आपको थोड़ी देर के लिए राहत तो मिलती है लेकिन समस्या पूरी तरह से खत्म नहीं होती है।

**नीलगिरी का तेल :** नीलगिरि के तेल से आप गले और छाती का मसाज करें और इस तेल की कुछ बूंदे नाक में डालें। यह नुस्खा बहुत जल्दी असर दिखाता है। पानी में इसकी कुछ बूंदे डालकर सुबह शाम सेवन करें।

**शहद और गरम पानी का सेवन :** एक गिलास गरम पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर सेवन करें। यह जमी हुई कफ को आसानी से बाहर निकाल देगा। शहद छाती की जकड़न दूर करने में सहायक है। पानी गरम करते समय इस एक टुकड़ा अदरक का डालने से जल्दी असर होगा।

**काली मिर्च और शहद :** काली मिर्च हर तरह के संक्रमण को दूर करने में मदगार है। जमी हुई कफ को निकालने के लिए आप एक चुटकी काली मिर्च पाउडर को एक चम्मच शहद में



मिलाकर सेवन करें। यह उपाय आप लगातार एक सप्ताह करके देखें आपको राहत मिलेगी।

**कच्ची हल्दी का सेवन :** कच्ची हल्दी हर तरह के वैक्टीरिया संक्रमण को दूर करने के लिए सहायक है। आप कच्ची हल्दी को पानी में उबाल कर इसका सेवन करें। यह जमा कफ को आराम से दूर करेगा। साथ ही कफ से होने वाली खांसी की समस्या से भी राहत मिलेगी क्योकि हल्दी में एंटी वैक्टीरियल गुण होते हैं।

**तुलसी और अदरक :** तुलसी और अदरक हर तरह के इंफेक्शन को दूर करने में कारगर है। आप अदरक और तुलसी का काढ़ा बनाकर सेवन कर सकते हैं। यह आपकी कफ की परेशानी को दूर करने के साथ ही इम्यून पॉवर को भी इम्प्रूव करेगा।

**नींबू और शहद :** नींबू और शहद का सेवन भी आपको जमी हुई कफ की समस्या से राहत प्रदान करने में सहायक है। एक गिलास गरम पानी में एक चम्मच शहद और कुछ नींबू की मिलाकर सेवन करिये आपको आराम मिलेगा।

**स्टीम लेना होगा लाभदायक :** आप सुबह शाम स्टीम लेना शुरू कर दीजिये। यह जमी हुई कफ की परेशानी को दूर करने का सबसे अचूक उपाय है। इस नुस्खे को आजमाकर आप दो से तीन दिन में ही इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**गरम पानी का सेवन :** छाती और गले में जमा कफ को निकालने के लिए ठन्डे पानी की जगह गरम पानी का सेवन आपके लिए लाभदायक होगा। गरम पानी जमा कफ को आसानी से पिघलाकर बाहर निकालने में सहायता करता है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। मन में स्फूर्ती का अहसास होगा और नये कार्य नई ऊर्जा के साथ शुरू कर सकेंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए शक्तिवर्धक रह सकता है। घर में धार्मिक कार्य हो सकते है। पढ़ाई लिखाई में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। मन में नकारात्मक विचार आ सकते हैं और भविष्य को लेकर चिंता सता सकती है।

**कर्क राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न रह सकते हैं।

**सिंह राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और कामकाज विस्तार की नई योजनाएं शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी।

**तुला राशि :** आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। कारोबार में आकस्मिक धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के सहयोग से सभी कार्य सफल होंगे और आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कड़ी मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिकूलता का माहौल रहेगा। प्रयासों के बाद भी कार्यों में सफलता नहीं मिलने से निराश हो सकते हैं। नौकरी में स्थिति सामान्य रहेगी।

**मकर राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। अटके हुए कार्य बन सकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पुराने मित्रों से मुकालात हो सकती है।

**कुंभ राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को स्थान परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिलेंगे और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**मीन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानी आ सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी, जिससे कार्यों में सफलता मिलेगी और व्यावसायिक लाभ की स्थिति रहेगी।





## न्यूज गैलरी

### पाकिस्तान में टीटीपी आतंकियों का आतंक

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में आतंकवाद अपने चरम पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। आतंकवादी संगठन टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) ने पाकिस्तान में खूनी खेल बढ़ा दिये हैं। अशांत बलूचिस्तान में लगातार हमलों के बीच इस आतंकवादी संगठन ने अफगानिस्तान की सीमा से सटे खैबर पख्तूख्वा में एक पाकिस्तानी सैनिक को गोलियों से भूनकर उसका सिर सरेआम एक बाजार में पेड़ से लटका दिया। वहीं, एक अन्य घटना में पिता-बेटे का भी यह हश्र किया। कहने को पाकिस्तान सरकार और टीटीपी में सीजफायर है, लेकिन जिस तरह से मामले बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए लगता है कि यह खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। लाश के साथ टीटीपी ने एक धमकी भरी चिट्ठी भी छोड़ी। इसमें स्थानीय लोगों को चेतावनी दी गई कि कोई भी मरनेवाले के जनाजे में शामिल न हो, वरना बहुत बुरा होगा। टीटीपी ने जिस पाकिस्तानी फौजी को बेरहमी से मर्डर किया उसका नाम रहमान सागर बताया गया है। अफगानिस्तान के जर्नलिस्ट सुहैब जुबेरी के अलावा कुछ अन्य लोगों ने सोशल मीडिया के जरिये इसकी जानकारी दी। लेकिन इस मामले को लेकर पाकिस्तानी फौज और सरकार का कोई रिएक्शन नहीं मिलने पर लोग हैरान हैं।

### हिंसक प्रदर्शनों के बाद झुका चीन, कोविड नीति में दी ढील

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू प्रतिबंधों में कई ढील देने की घोषणा की है। इसमें लॉकडाउन के नियमों को पूरे जिले या इलाके के बजाय किसी इमारत या उसकी विशेष मंजिल पर लागू किये जाने का नियम शामिल है। नये नियमों के तहत कोरोना वायरस से संक्रमित पाये जानेवाले लोग अस्पतालों में भर्ती होने के बजाय घर पर ही क्वारंटाइन में रह सकेंगे। इसके अलावा जिन स्कूलों में संक्रमण का कोई मामला नहीं मिला है, वहां ऑफलाइन क्लासेज शुरू हो सकेंगी। ये रियायतें सख्त 'जीरो कोविड' नीति को लेकर चीन के विभिन्न शहरों में हुए प्रदर्शनों के मद्देनजर दी गयी हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि देश में तीन साल से लागू इन प्रतिबंधों के चलते आम जनजीवन, यात्रा और रोजगार प्रभावित हुआ है, साथ ही अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है। जीरो कोविड नीति ने दुनिया की दूसरी आर्थिक महाशक्ति चीन में आम जनजीवन को रोक दिया था। ऐतिहासिक प्रदर्शनों की वजह से जिनपिंग पर दबाव बढ़ता ही जा रहा था। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इनका असर नजर आने लगा था। जहां कुछ प्रतिबंध कायम रहेंगे तो कुछ हटा लिये गये हैं। नये ऐलान के बाद रोजाना की गतिविधियों जैसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सफर करना के लिए कोविड-19 के निगेटिव टेस्ट की जरूरत अब नहीं होगी। साथ ही बड़े पैमाने पर टेस्टिंग को भी रोक दिया गया है।

## बहुमत के लिए जरूरी 126 सीटों से आठ ज्यादा 134 सीटें जीती

# दिल्ली नगर निगम चुनाव में आप ने भाजपा को हरा दिया

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव में आप का झाड़ू भाजपा के कमल पर भारी पड़ा। 250 सीटों में 134 सीटें जीत कर निगम पर अपने विजय का झंडा गाड़ दिया। 15 वर्ष से एमसीडी पर चली आ रही भाजपा की सत्ता समाप्त हो गयी। आप को भाजपा से 30 सीटें ज्यादा मिली हैं। भाजपा को 104, कांग्रेस को नौ और अन्य को तीन सीटें मिलीं हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद आप प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तो आप के पार्षदों को खरीदने की कोशिश में लग गयी है।

गुप्ता ने कहा कि भाजपा कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन हमारे दर पर पार्षद बिकाऊ नहीं हैं, का बोर्ड लगा हुआ है और दिल्ली का मेयर आम आदमी पार्टी का ही बनेगा। रीना गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने पहले भी दिल्ली में आप के विधायकों को खरीदने के लिए ऑपरेशन लोटस चलाया, लेकिन सफल नहीं हुई। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने इस चुनाव में 400 सांसदों को लगाया, इसके साथ ही इस चुनाव में पीएम मोदी व गृह मंत्री की फोटो लगायी गयी। उन्होंने कहा कि पूरे चुनाव का प्रभार जेपी नड्डा को सौंपा गया और 17 केंद्रीय मंत्रियों को इस चुनाव में प्रचार के लिए लगाया गया। इसके अलावा आठ राज्यों के मुख्यमंत्री भी मैदान में उतरे, इसके बाद भी दिल्ली की जनता ने दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को जिताया।

### भाजपा को 104 कांग्रेस को नौ अन्य को तीन सीटें मिलीं





## ईरान में स्टूडेंट्स के खिलाफ साजिश

### सरकार विरोधी प्रदर्शन के 24 घंटे पहले 1200 छात्र बीमार, पानी में जहर मिलाने का आरोप

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन के ठीक एक दिन पहले देश की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी के करीब 1200 स्टूडेंट्स गंभीर रूप से बीमार हो गये। खास बात यह है कि बीमार हुए सभी छात्रों को एक जैसी ही परेशानियां हैं। इनमें उल्टी, जबरदस्त बॉडी पेन और दिमागी दिक्कत शामिल है। नेशनल स्टूडेंट यूनियन के मुताबिक, खाराजामी और अर्क यूनवर्सिटी के सभी स्टूडेंट्स इस वक्त हॉस्पिटल में एडमिट हैं। यूनियन का आरोप है कि इन स्टूडेंट्स के हॉस्टल के पानी में जहर मिलाया गया और यह साजिश सरकार और उसकी एजेंसियों ने विरोध प्रदर्शन रोकने के लिए की है। ईरान की पुलिस स्कूल और कॉलेज में छापे भी मार रही है। छात्रों को धमकियां दी जा रही हैं। ईरान की पुलिस स्कूल और कॉलेज में छापे भी मार रही है। छात्रों को धमकियां दी जा रही हैं। स्टूडेंट यूनियन का आरोप है कि हॉस्टल के वॉटर सप्लाई सोर्स में जहर मिलाया गया है। इस आरोप के बाद सरकारी अफसरों ने कहा- हम ये मानते हैं कि स्टूडेंट्स बीमार हुए हैं। इसकी वजह खराब पानी है। पानी में बैक्टीरिया पनपे और



इसको पीने से स्टूडेंट्स बीमार हुए। खास बात यह है कि मंगलवार को भी तेहरान की दो यूनवर्सिटीज में बिल्कुल इसी तरह की घटना हुई थी। तब तेहरान की अल जाहरा और इश्फहान यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के स्टूडेंट्स इसी तरह से बीमार हुए थे। माना जा रहा है कि खराब पानी ऑफिशियल कैंटीन से सप्लाई किया जा रहा था। एक टेलिग्राम चैनल पर यूनियन ने कहा- हमने इश्फहान यूनिवर्सिटी की घटना के बारे में प्रशासन को जानकारी दे दी थी। इसमें कोई दो राय नहीं कि स्टूडेंट मास फूड प्वॉयजनिंग का शिकार हुए हैं।

## ड्रैगन की नापाक हरकत

# भारत कर रहा मिसाइल टेस्टिंग की तैयारी, चीन ने भेजा जासूसी जहाज

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चीन का विवादास्पद जासूसी जहाज 'युआन वांग-5' एक बार फिर हिंद महासागर क्षेत्र में घुस गया है। यह जहाज ऐसे वक्त घुसा है, जब भारत लंबी दूरी की मिसाइल प्रशिक्षण की योजना बना रहा है। बता दें कि पिछले महीने एक और जासूसी जहाज 'युआन वांग-6' चीन ने भेजा था। उस समय भी भारत एक मिसाइल सिस्टम की टेस्टिंग करनेवाला था। समुद्री पोत ट्रैकिंग पोर्टल की मानें तो चीनी जासूसी जहाज युआन वांग ने चार से पांच दिसम्बर की देर शाम इंडोनेशिया सुंडा जलडमरूमध्य के रास्ते से हिंद महासागर क्षेत्र में एंट्री की है।



### श्रीलंका-भारत दोनों ने मिलकर जतायी चिंता

**यही** जहाज अगस्त में श्रीलंका के पानी में भी घुसा था। इसी साल अगस्त में भारत ने हंबनटोटा बंदरगाह पर जासूसी जहाज के डॉकिंग को लेकर राजनयिक स्तर पर श्रीलंका के अधिकारियों के साथ चिंता जतायी थी।

### भारत ने 15-16 दिसम्बर को नो-फ्लाइजोन घोषित किया

**इधर,** ट्विटर पर ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस हैंडल के मुताबिक, भारत ने एक अधिसूचना जारी की है जिसमें 15 से 16 दिसम्बर को बंगाल की खाड़ी के ऊपर नो फ्लाइ जोन घोषित किया गया। करीबन 5400 किमी का दूरी के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। तीन दिसम्बर को एक एनुअल नेवी डे के मौके पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार ने बयान में कहा था कि यहां करीबन 4-6 नेवी के जहाज हैं। इसमें कुछ शोध पोत भी हैं, इसके अलावा मछली पकड़नेवाले जहाज और 60 एक्स्ट्रा रिजन फोर्स के जहाज हैं।

### तूफान से तमिलनाडु में भारी बारिश के आसार

**चेन्नई (एजेंसी)।** बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र गहरे दबाव में बदल गया है और यह बुधवार शाम संयुक्त अरब अमीरात की ओर से दिया गया नाम मैंडूस नामक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया। यह तूफान उत्तरी तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और निकटवर्ती दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों पर गुरुवार की सुबह तक पहुंचेगा जिसके कारण भारी बारिश हो सकता है। तमिलनाडु के उत्तरी तटीय जिलों में अगले तीन दिनों तक बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। राज्य सरकार ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अपनी पूरी मशीनरी को तैयार कर लिया है।

## जर्मनी में चरमपंथी ठिकानों पर हजारों पुलिसकर्मियों का छापा


**बर्लिन (एजेंसी)।** संघीय अभियोजकों ने जानकारी दी है कि करीब 3,000 पुलिस अधिकारियों ने जर्मनी के 11 राज्यों में 130 ठिकानों पर छापे मारे हैं। यह छापे कथित राइष सिटिजन (राइषबुर्गर) अभियान चलानेवालों के ठिकाने पर मारे गये हैं। ये वो लोग हैं जो जर्मनी में युद्ध के बाद बने संविधान को नहीं मानते और सरकार बदलने के लिए अभियान चला रहे हैं। इसी साल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को अगवा करने की तैयारी में जुटे कुछ संदिग्ध लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अभियोजकों के मुताबिक आतंकवादी संगठन



की सदस्यता के संदेह में अब तक 22 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनके अलावा एक रूसी नागरिक समेत तीन और लोग भी हिरासत में हैं जिन पर संगठन को मदद देने का संदेह जताया गया है।

**सेना के बैरक में भी संदिग्ध :** जर्मन साप्ताहिक डेयर श्पीगल ने खबर दी है कि जिन ठिकानों की तलाशी ली गयी है उनमें जर्मनी की स्पेशल फोर्स यूनिट केएसके के दक्षिण पश्चिमी राज्य काल्व के बैरक भी शामिल हैं। यह यूनिट पहले भी धुर दक्षिणपंथी गतिविधियों में कुछ सैनिकों के शामिल होने की जांच में अधिकारियों की नजर में रही है। संघीय अभियोजकों ने बैरक की तलाशी की खबर की पुष्टि करने से मना कर दिया है। इस मामले में जर्मन सेना का एक सक्रिय सैनिक और कई रिजर्व सैनिक संदेह के दायरे में हैं। इस सैनिक के घर और ग्राफ जेपेलिन बैरक में दफ्तर पर छापे मारे गये हैं।

## तूफानों के बीच फ्लोरिडा के तट से निकला 200 साल पुराना समुद्री जहाज



**फ्लोरिडा/अमेरिका (एजेंसी)।** फ्लोरिडा स्थित डेटोना बीच शोर्स पर सितम्बर और नवम्बर के महीने में खतरनाक हरिकेन आया। समुद्र के पानी और तेज हवा से तट से रेत और मिट्टी हट गयी। नतीजा यह हुआ कि तट के नीचे से लकड़ी से बनी एक 80 से 100 फीट लंबी वस्तु बाहर आ गयी। लोगों ने इसे देखा तो हैरान रह गये। उन्होंने पुरातत्वविदों को बुलाया। जांच की गयी तो पता चला कि यह लकड़ी का ढांचा 80 से 100 फीट लंबा है। यह 18वीं या 19वीं सदी का लकड़ी से बना समुद्री जहाज है। फ्लोरिडा में सेंट ऑगस्टीन से आर्कियोलॉजी टीम के सदस्य मैरीटाइम आर्कियोलॉजिस्ट चक मीडे ने कहा कि जब भी आप कोई प्राचीन जहाज के अवशेष पाते हैं, तो वो मौका बेहद खास होता है। आपको उस इलाके का इतिहास पता चलता है।

# मुंबई में कर्नाटक की बसों पर मनसे कार्यकर्ताओं ने पोती कालिख

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद हिंसक होता जा रहा है। बुधवार को नवी मुंबई में मनसे कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक की बसों पर ब्लैक पेंट स्प्रे कर विरोध जताया। वहीं, सोलापुर में भी स्थानीय संगठनों ने कर्नाटक की बस पर

- सीमा विवाद पर मनसे का प्रदर्शन, राज ठाकरे की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ब्लैक पेंट से स्प्रे किया

कर्नाटक सीएम बोम्मई की फोटो लगाकर ब्लैक पेंट स्प्रे किया। उधर, लोकसभा में एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि पिछले 10 दिनों से महाराष्ट्र में एक मुद्दा चल रहा है। हमारे पड़ोसी राज्य कर्नाटक के सीएम नॉनसेंस बोल रहे हैं। वे महाराष्ट्र को अलग करने की बात कर रहे हैं। दोनों ही राज्य भाजपा शासित हैं। महाराष्ट्र के लोगों को कल कर्नाटक में जाने पर पीटा भी गया। यह एक देश है। मैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह करती हूं कि वे अब इस मुद्दे पर बोलें। इधर, शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने राज्य में शासन कर रही एकनाथ शिंदे सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि सीएम शिंदे में दम है तो वे दिल्ली जायें और केंद्र से महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच विवादित क्षेत्र बेलगाम को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने को कहें।

### महाराष्ट्र के लोग कानून हाथ में न लें : फडणवीस

**फडणवीस** ने महाराष्ट्र और कर्नाटक के लोगों से शांति बनाये रखने और कानून-व्यवस्था को हाथ में नहीं लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र कानून-व्यवस्था के लिए जाना जाता है। महाराष्ट्र के लोगों से अनुरोध है कि वे कानून को अपने हाथ में न लें और सीमाओं पर शांति बनाये रखें। यह कर्नाटक की भी जिम्मेदारी है कि वह अपने क्षेत्रों में भी कानून-व्यवस्था बनाये रखे। मैंने उनसे कहा कि इस प्रकार की घटना सही नहीं थी और ऐसा दोबारा नहीं होगा। पथराव और सार्वजनिक बसों पर हमला करना दोनों सिरों के लिए सही नहीं है।






राजधानी
राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार 08 दिसम्बर 2022


## न्यूज गैलरी

### मुख्यमंत्री को ईनाडु ग्रुप के द्वारा 'इम्मोर्टल सागा-इंडियाज स्ट्रगल फॉर फ्रीडम' पुस्तक सप्रेम भेंट की गई




रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बुधवार को ईनाडु ग्रुप के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों के योगदान को सामने लाने के लिए प्रकाशित पुस्तक 'इम्मोर्टल सागा-इंडियाज स्ट्रगल फॉर फ्रीडम' की प्रति ( कॉपी ) रामोजी ग्रुप के चेयरमैन रामोजी राव की तरफ से राजेश कुमार सिंह ने सप्रेम भेंट की। उन्हें बताया गया कि इसमें 'द स्टोरी ऑफ ए प्राउड ट्राइबल और बिरसा मुंडा द गॉड ऑन एर्थ' शीर्षक के साथ भगवान बिरसा मुंडा और जयपाल सिंह मुंडा के संघर्ष का वर्णन पुस्तक में है। मुख्यमंत्री ने ईनाडु ग्रुप के इस पहल की तारीफ की । उन्होंने कहा कि झारखंड वह भूमि है, जहां के वीरों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ तब लड़ाई लड़ी थी, जब उनके खिलाफ आवाज उठाने की कोई हिम्मत नहीं कर पाता था। उन्होंने अमर शहीद तिलका मांझी, सिद्धो-कान्हो, वीर बुधु भगत, भगवान बिरसा मुंडा जैसे नायकों के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है।

### बहुमूल्य है कवि सुरेन्द्रनाथ का काव्य संसार : डॉ. अशोक प्रियदर्शी



रांची। कवि सुरेन्द्र नाथ सक्सेना के तीन प्रबंध काव्य ग्रंथ शांति-दूत, दिव्य लोक, रक्षा-बंधन का लोकार्पण सह पुस्तक परिचर्चा मनरेसा हाउस के काबिल बुल्के भवन में विगत 6 दिसंबर को हुआ। श्री साहित्य कुंज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. माया प्रसाद (मुख्य अतिथि), डॉ. अशोक प्रियदर्शी (अध्यक्ष) प्रमोद झा, बीना श्रीवास्तव एवं पूर्व डीएसपी प्रशांत कर्ण, प्रतिमा त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उनके समाज उपयोगी साहित्य पर समग्र प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समाज की धरोहर है जो उनके अवसान के बाद और लेखन के लगभग सतर वर्ष बाद उनकी संतति द्वारा समाज को दी जा रही है। अभी कवि सुरेन्द्र के साहित्य व पुस्तकों को साहित्य जगत में सही सम्मान मिलना शेष है। हम इसे पढ़े और इससे प्रेरणा भी ले। इस अवसर पर रेणु मिश्रा त्रिवेदी,कामेशवर कुमार, राकेश रमण, रेणु बालाधर, निर्मला करण, रंजना वर्मा, प्रतिभा सिंह,पुष्पा सहाय आदि ने उनकी कविताओं का पाठ किया। सरस्वती वंदना बिंदु प्रसाद ने की। संचालन मनीषा सहाय व गीता चोबे गूंज द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन नीता शेखर ने किया।

### ओबीसी विभाग के तीन पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दिए जाने पर आभार व्यक्त किया

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहु ने कांग्रेस के मनोनीत जिलाध्यक्षों एवं कार्यकारी अध्यक्षों की सूची में ओबीसी विभाग के तीन पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दिए जाने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएलपी लीडर और मंत्री आलमगीर आलम को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहु ने झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में झारखंड कांग्रेस राज्य के सभी वर्ग-समुदाय को जिला में पार्टी का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। इस जारी जिला अध्यक्षों को सूची से ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस पार्टी में ही असली लोकतांत्रिक तरीके से संचालित होता है। बाकी पार्टियां देश व प्रदेश में किसी खास, वर्ग समुदाय, क्षेत्र विशेष के बढ़ावा देने के लिए राजनीतिक करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही सभी धर्म, समुदाय को साथ लेकर चलने पर विश्वास रखती है। कांग्रेस पार्टी देश की एकता, अखंडता, शांति एवं आपसी भाईचारगी को बढ़ावा देती है। श्री साहु ने प्रदेश के सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों एवं कार्यकारी अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

ग्रामीण विकास विभाग सचिव ने सभी उप विकास आयुक्तों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक

# श्रमिकों के दर्द को समझें अधिकारी, ससमय लक्ष्य को पूरा करें




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सचिव ग्रामीण विकास विभाग प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग सभागार में मनरेगा योजना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने विभिन्न जिलों में मनरेगा योजनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी है। सचिव प्रशांत कुमार ने कहा कि मनरेगा योजना नहीं है बल्कि यह ग्रामीणों के रोजगार का सृजन का सशक्त माध्यम है। इस दौरान उन्होंने सभी उप विकास आयुक्तों को मनरेगा कार्य में पूरी तरह से निगरानी करते हुए मनरेगा से संचालित योजनाऐं धरातल पर दिखाई दें, इसे सुनिश्चित करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में मनरेगा से संचालित योजनाओं को लेकर अन्य कई महत्वपूर्ण निर्देश उप विकास आयुक्तों को दिए। सचिव ने रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन की समीक्षा की एवं मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में काम करने वाले श्रमिकों के रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन के कारण होने वाले परेशानी को समझने एवं उनके प्रति संवेदनशील होते हुए अविलंब सुधार करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर रिजेक्टड ट्रांजैक्शन में सुधार लाने एवं मजदूरों को राहत देने की बात कही। प्रशांत कुमार ने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं में उप विकास आयुक्त का महत्वपूर्ण रोल है। आप फ्री हैंड होकर काम करें, लक्ष्य पूरा करने पर ध्यान दें लेकिन शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए, शिकायतें मिलने पर कार्रवाई होगी।

अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 75 तालाबों का जीर्णोद्धार/ निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सचिव ने ससमय कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया। इसके अतिरिक्त रूर्बन मिशन, की भी समीक्षा की गई।

### जेसीबी का इस्तेमाल मनरेगा में न हो, सभी बीडीओ सुनिश्चित करें : मनरेगा आयुक्त

मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी ने सभी डीडीसी को निर्देश दिया है कि जितने भी जेसीबी का संचालन उनके क्षेत्र में हो रहा है उनसे प्रति माह शपथ पत्र प्राप्त करें कि उनके वाहन का उपयोग मनरेगा के कार्यों में नहीं किया जा रहा है। मनरेगा आयुक्त द्वारा मनरेगा के कार्यों में जेसीबी का इस्तेमाल होने पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई तथा जब्ती करने का भी निदेश दिया।

**मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति का निदेश** : बैठक के दौरान मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी ने मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति का भी निदेश दिया। उन्होंने सभी डीडीसी को मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने को कहा।

**लंबित योजनाओं को कार्य योजना बना कर ससमय करें पूर्ण** : मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी के द्वारा वितिय वर्ष 2019-20 की योजनाओं की भी समीक्षा की गई एवं लंबित योजनाओं की जानकारी लेते हुए कार्य योजना बना कर सभी उप विकास आयुक्तों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान राज्य में सबसे खराब स्थिति में रहने वाले जिलों के पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में ये थे शामिल**

मनरेगा योजना की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक को लेकर ग्रामीण विकास विभाग सचिव श्री प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में राज्य के तमाम उप विकास आयुक्त संग संपन्न वीडियो कांफ्रेंसिंग में श्रीमती राजेश्वरी बी मनरेगा आयुक्त, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग श्री अरुण कुमार सिंह व अन्य शामिल थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दीपशिखा के साथ अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दीपशिखा के बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर कई मजेदार गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपशिखा के विशिष्ट बच्चों ने किया और अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात अनेक रोचक खेल हुए, जिसमें दीपशिखा के छात्रों के साथ सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र सम्मिलित हुए। एडल्ट् स्किल ट्रेनिंग यूनिट ने मार्बल प्रिंट काड्र्स, लिफाफे और पेपर बैग बनाने के तरीके सरला बिरला के छात्रों के सम्मुख प्रस्तुत किए। हमारे छात्रों ने भी अपने द्वारा बनाए गए मॉडल और परियोजनाएं प्रदर्शित की। उन्होंने सबको बिना किसी टेप की सहायता से किसी व्यक्ति की ऊंचाई या किसी दूरी को माप कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। छात्रों ने अपनी दूसरी परियोजना के अंतर्गत घर के रद्दी सामान का उपयोग कर ऊर्जा का उत्पादन करना भी प्रदर्शित किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दीपशिखा भ्रमण से छात्रों को समाज के विशिष्ट बच्चों से मिलने और उन्हें समझने का अवसर प्राप्त हुआ। प्राचार्य परमजीत कौर ने छात्रों की परियोजनाओं की प्रशंसा की और कहा कि विशिष्ट बच्चों ने हमारे छात्रों को जीवन के सत्य से परिचित कराया है, जो उन्हें भविष्य में एक बेहतर इंसान बनाने में मदद करेगा।

### बिजली कटौती को लेकर आ रही परेशानी से लोगों में देखा जा रहा आक्रोश

**रांची।** रांची में बढ़ती बिजली समस्या से लोग काफी परेशान हो गये हैं। दिन भर घंटों बिजली गायब रहने से काफी लोगों में विरोध देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब हम बिजली बिल समय पर देते हैं तो बिजली समय पर क्यों नहीं मिलती है। डोरंडा प्रमंडल में राजस्व संग्रह करने व बिजली बिल व अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को बैठक हुई। अध्यक्षता डोरंडा डिविजन के विद्युत कार्यपालक अभियंता विरेंद्र किस्कू ने की। मौके पर अवर विद्युत प्रमंडल के सहायक विद्युत अभियंता अवधेश कुमार लाल, शिवेंद्र कुमार, सौरभ आनंद, कनीय विद्युत अभियंता ज्ञानचंद्र, मो. जिशान, महेश महतो, देवाशीष पात्रा सहित ऊर्जा मित्र मौजूद थे।

भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

## मधुमक्खी पालन व उसके रख-रखाव के बारे में दी गयी पूरी तरह जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। दिनांक 07.12.2022 दिन बुधवार को इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के बारहवें दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया। जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण के बारहवें दिन प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः मधुमक्खी पालक के कर्तव्य, बकछूट व घरछूट को विस्तार पूर्वक बताया गया एवं विभिन्न विषयों को व्यवहारिक व



प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए प्रत्येक दिन की भांति आज प्रशिक्षण के बारहवें दिन भी इनडोर गेम का आयोजन किया गया जिसमें आज के विजेता हेनोलाल मोहली रहे जिन्हें उचित सम्मान राशि देकर पुरस्कृत किया गया ।

### एक्सपीरियंस बोनस भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने दिया धरना

**रांची।** एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ और पारा मेडिकल एसोसिएशन ने एनएचएम कार्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। कर्मचारियों ने 15 प्रतिशत एक्सपीरियंस बोनस की मांग की है। उन्होंने बताया कि 2017 में जो 15 प्रतिशत एक्सपीरियंस बोनस दिया जाना था, उसे 2018 के मूल मानदेय में जोड़कर दिया जाना था, जो अब तक नहीं मिला है। न ही उसके एरियर का भुगतान हुआ है। धरना देने पहुंचे कर्मियों ने बताया कि एनएचएम की प्रोग्राम यूनिट के अधिकारी अपने एक्सपीरियंस राशि का लाभ ले चुके हैं, पर टेक्निकल कर्मचारियों को उसके लाभ से वंचित रखा गया है। झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी की प्रदेश अध्यक्ष मीरा कुमारी ने बताया कि दो साल से लगातार राशि की मांग करने के बाद भी अधिकारी सिर्फ टालमटोल कर रहे हैं। कोविड जैसी महामारी में निष्ठा से काम करने के बाद भी विभाग के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा ऐसी हरकत की जा रही है, जिस कारण हम सभी कर्मचारी रोड पर बैठने के लिए विवश हो गए हैं। 2007 से लगातार हम टेक्निकल एनएचएम कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं, लेकिन हमारा मानदेय एक मजदूर से भी कम है। विभाग हमारे नियमितीकरण पर टालमटोल तो कर ही रहा है, साथ ही हमारा इंक्रीमेंट भी नहीं देना चाहता है।

### सफाईकर्मियों ने चेताया मांगें नहीं पूरी हुई तो 15 से ठप कर देंगे सफाई व्यवस्था

**रांची।** राजधानी में सफाई व्यवस्था 15 दिसंबर से ठप हो सकती है, क्योंकि रांची निगम के सफाई कर्मचारी अब अपनी मांगों को लेकर आर-पार के मूड में हैं। सफाईकर्मियों का कहना है कि कोरोनाकाल में जब लोग घरों से नहीं निकल रहे थे, उस वक्त उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर काम किया। लेकिन अब तक उनको कोरोना काल की प्रोत्साहन राशि नहीं मिली। यही नहीं निगम का मुख्य काम सफाई है। लेकिन सफाईकर्मियों का ही वेतन सबसे कम है। उन्होंने कहा कि महीनों से सफाईकर्मी अर्द्धकुशल का वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं। लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया। इसे लेकर बुधवार को बकरी बाजार में निगम के सफाई कर्मियों, जोनल सुपरवाईजर, चालक, मैकेनिक गार्ड ने बैठक की।

टेडेक्स कांके के टॉक शो में विचारों को साझा करेंगे नामचीन हस्तियां

## 10 दिसंबर को सेल एमटीआई में होगा टॉक शो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टेडेक्स कांके के तत्वाधान में 10 दिसंबर को 10 बजे से श्यामली कॉलोनी स्थित सेल एमटीआई ऑडिटोरियम में टॉक शो का आयोजन किया जाएगा। इस टॉक शो में देश-विदेश की जानी-मानी हस्तियों द्वारा 'द सस्टेनेबल प्लानेट' पर अपनी बात को रखा जाएगा। टेडेक्स कांके के क्यूरेटर राजीव गुप्ता ने बताया कि टॉक शो की तैयारियां पूरी कर ली गई है। टॉक शो में हसिरू डाला इनोवेशन की फाउंडर नलिनी शेखर द्वारा 'अपना दृष्टिकोण बनाएं। शहरी गरीब या पर्यावरणविद्' विषय पर अपनी बात रखी जायेगी। स्कूबा स्कूल इंटरनेशनल की स्कूबा इंस्ट्रक्टर शौर्या तारिणी 'संरक्षण- प्रेम के




कारण, भय के कारण नहीं' पर चर्चा करेंगी। तजना शिलेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर रोशन लाल शर्मा 'वन : एक महान आशीर्वाद', सेल के एचआरडी ईडी संजीव कुमार 'स्थिरता के लिए डिजिटल परिवर्तन', फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रिसर्च एसोसिएट हिमाद्रि विश्वास 'सामुदायिक जागरूकता और भागीदारी द्वारा सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना, स्ट्रेटेजिक एलायंसेस एंड सेल्स सिबरोस के वाईस प्रेसिडेंट शिवालिक प्रसाद 'कनेक्टेड और सस्टेनबल मोबिलिटी', विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। इसके अलाव लंदन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर वेनर मेंसकी, मल्टी इंस्ट्रुमेंटलिस्ट मार्टिन ब्रूनो डेनियल भी टॉक शो को संबोधित करेंगे।टॉक शो का संचालन प्रसिद्ध रेडियो जॉकी 92.7 बिग एफएम रांची की आरजे राशि करेंगी।

### झारखंड में बढ़ती दिल की बीमारियों का खतरा: कोरोना से ज्यादा मौत दिल की बीमारी से

**रांची।** झारखंड में दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इस खतरे के साथ- साथ हृदय से संबंधित बीमारियों (डिजीज आफ सकुर्लेटरी सिस्टम) के कारण ज्यादा मौत भी हो रही है। राज्य में पहले कुपोषण, डायरिया, टीबी, मलेरिया से ज्यादा मौत होती थी लेकिन अब इसकी जगह दिल की बीमारियों ने ले ली है। साल 2020 में जब कोरोना संक्रमण का खतरा सबसे ज्यादा था। कोरोना के वक्त भी ज्यादातर मौत दिल की बीमारियों से ही हुई थी। मेडिकल सर्टिफिकेशन ऑफ कॉज आफ डेथ (एमसीसीडी) की रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गयी है।

### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वेटनरी स्नातक पाठ्यक्रम में नामांकन पर रोक हटी

## वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया ने एक वर्ष की सशर्त मान्यता दी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा विगत 4 दिसंबर को हो चुकी है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित इस परीक्षा में वेटनरी स्नातक पाठ्यक्रम को छोड़ अन्य कृषि, वानिकी, उद्यान, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, डेयरी टेक्नोलॉजी एवं फिशरीज साइंस विषयों में नामांकन की प्रवेश परीक्षा पुरी कर ली गयी है। वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया (भीसीआई), नई दिल्ली ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित राज्य के एकमात्र रांची वेटनरी कॉलेज के सत्र 2022-23 के स्नातक पाठ्यक्रम में लगी प्रतिबंध को हटा लिया है। भीसीआई ने राज्य सरकार के अनुरोध पर सशर्त एक वर्ष के लिए कॉलेज को मान्यता दे दी है। अब इस सुनहरे अवसर का झारखण्ड राज्य के निवासी एवं प्लस टु जीव विज्ञान विषय से पास आउट छात्र इस मौके का लाभ ले सकते है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड ने बैचलर ऑफ वेटनरी साइंस एंड एनिमल हसबंडरी कोर्स झ 2022 में नामांकन प्रक्रिया की अधिसूचना जारी कर दी। इस कोर्स में नामांकन के लिए अभ्यर्थी का उम्र 31.12.2022 को न्यूनतम 17 वर्ष तथा अधिकतम 25 वर्ष होगी। एसटी/एससी/अन्य ओबीसी अभ्यर्थी को अधिकतम 5 वर्ष की शिथिलता मिलेगी। मान्यता प्राप्त बोर्ड/यूनिवर्सिटी से इंटर इन साइंस (10+2) फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलोजी तथा इंलिश कोर विषय में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए।

### इस पाठ्यक्रम में राज्य कोटे से कुल सीटों की संख्या 64 होगी

सभी सीटों पर झारखंड आरक्षण नियमावली लागु होगी। बाकि 11 सीटो पर भीसीआई की अनुशंसा पर नामांकन होगा। इस प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को बोर्ड द्वारा 18 दिसंबर, 2022 को ऑफलाइन मोड में रांची मुख्यालय में आयोजित की जायेगी। डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार के अनुरोध एवं बीएयू कुलपति के अथक प्रयास से राज्य के योग्य अभ्यर्थियों को यह अवसर मिला है। बोर्ड द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम 31 दिसंबर तक निकलने की संभावना है। सरकारी क्षेत्र में वेटनरी डॉक्टर की काफी कमी है। कॉलेज से पास आउट छात्रों के लिए सरकारी क्षेत्र के अलावा पोल्ट्री, डेयरी, फीड, बकरी सबंधी प्राईवेट क्षेत्र में अवसर है। फार्म एवं स्टार्टअप भी स्थापित कर उद्यमिता अपनायी जा सकती है।

## पेज एक के शेष

**आत्मनिर्भर बन चुकी दीदियां...**

इसके जरिये चार हजार अति गरीब महिलाओं को आजीविका से जोड़ने का काम हो रहा है। इस समारोह में मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, दि नज इंस्टीट्यूट के फाउंडर और सीईओ अतुल सतीजा, केपीएमजी के रितेश चोपड़ा, लक्ष्मी लिंगम और बड़ी संख्या में दीदियां मौजूद थीं।

**एमडीएम के गर्म माड़ में गिरकर...**

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो ने की है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि तमाम प्रयास के बावजूद उक्त बच्चियों की जान बचाने में हम कामयाब नहीं हो पाये। बता दें कि गत 24 नवम्बर को छेचानी मध्य विद्यालय में मध्याहन भोजन के लिए बनाये गये चावल का गर्म माड़ खुले में रख दिया गया था। मध्य विद्यालय के पुराने भवन में गांव का आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होता है। यहां परमेश्वर साहू की दो पुत्री शिबू कुमारी एवं ब्यूटी कुमारी आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई करने आयी थी। खेलने के क्रम में दोनों बहन गर्म माड़ से भरे टब में गिर गयीं थी। आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया था। दो दिनों के बाद दोनों को मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स ले जाने का निर्णय लिया गया था। 27 नवम्बर की देर रात तरहसी के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो ने अपनी देख-रेख में दोनों बच्चियों को इलाज के लिए रांची रिम्स के बर्न वार्ड में भर्ती कराया था। साथ ही जिला प्रशासन से निर्गत 50 हजार रुपये का चेक दिया था।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू...**

काम करनेवाले जैसे-तैसे रास्ता निकाल ही लेते हैं। नयी शिक्षा नीति छात्र और देश हित में है। देश का भविष्य अच्छा हो, इसलिए हमें इस राह में आगे बढ़ना ही होगा, इसका कोई विकल्प नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि देश स्वतंत्र हो गया, लेकिन मैकाले की शिक्षा पद्धति के कारण मानसिक गुलामी बनी रही। नयी शिक्षा पद्धति से यह दूर होगी।

**भारत जल्द ही भीषण गर्म हवा का...**

के कारण वैश्विक स्तर पर जो आठ करोड़ नौकरियां जाने का अनुमान जताया गया है, उनमें से 3.4 करोड़ नौकरियां भारत में जायेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण एशियाई देशों में भारी श्रम पर गर्मी का सबसे ज्यादा असर भारत में देखा गया है, जहां सालभर में 101 अरब घंटे गर्मी के कारण बर्बाद होते हैं।

**आर्थिक नीति संबंधी फैसला लेने के...**

किये जायें। संविधान पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई हो गयी और फैसला सुरक्षित रखा गया है। कोर्ट द्वारा रिकॉर्ड पेश करने पर अटॉर्नी जनरल ने पीठ के सामने कहा कि वह सभी दस्तावेजों को सीलबंद लिफाफे में अदालत में जमा करेंगे। इसके पहले पांच दिसम्बर को भारतीय रिजर्व बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय को जानकारी दी थी कि देश में नोटबंदी लागू करने के दौरान सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। आरबीआई ने कहा था कि नवम्बर, 2016 में नोटबंदी की प्रक्रिया के दौरान एक हजार और पांच सौ रुपये के नोटों को बैन करने के फैसले में आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 26 (2) में जो निर्धारित प्रक्रिया है, उसका पूरी तरह से पालन किया गया था।

**सदन की उत्पादकता बढ़े...**

बचा है। उसके लिए वह सभी दलों के सदन के नेताओं से आग्रह है कि वे नये सांसदों को उनके उज्ज्वल भविष्य और भावी पीढ़ी को तैयार करने के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करें। सदन में हल्ला-गुल्ला होने के कारण कार्यवाही स्थगित होती है तो उससे सांसदों का नुकसान होता है। ऐसे सांसदों ने उनसे मिल कर शिकायत की है कि इस प्रकार शोर-शराबे एवं स्थगन से उन सांसदों का बहुत नुकसान होता है। वे जो सीखना समझना चाहते हैं, वह नहीं हो पाता है। विपक्ष के सांसदों का भी कहना है कि उन्हें बोलने का अवसर नहीं मिल पाता है जिससे उनका बहुत नुकसान होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सदन में सभी पार्टी नेताओं से बहुत आग्रह से कहना चाहते हैं कि सत्र को बहुत उत्पादक बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इस सत्र की यह विशेषता है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पहली बार राज्यसभा के सभापति के रूप में कार्य आरंभ करेंगे। उनका यह पहला सत्र होगा। जिस प्रकार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आदिवासी समाज के लिए आदर्श एवं प्रेरणा स्थापित की है, उसी प्रकार से श्री धनखड़ किसान पुत्र हैं और उनके उप राष्ट्रपति बनने से देश का गौरव बढ़ा है।

## न्यूज गैलरी

### ओडिशा के सुंदरगढ़ में हॉकी विश्व कप का जश्न शुरू

**राउरकेला (एजेंसी)।** एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप के आयोजन में अब जब लगभग एक महीने का समय बचा है तब दुनिया के सबसे बड़े हॉकी टूर्नामेंट के सहमेजबान सुंदरगढ़ जिले में उत्सव का माहौल है। जश्न की शुरुआत मंगलवार को भारतीय हॉकी में बहुमूल्य योगदान देने वाले बालिशंकरा ब्लॉक के सोनामारा गांव में जिला स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के उद्घाटन के साथ हुई। किक ऑफ सेरेमनी के बाद जिले के 17 ब्लॉक की 279 ग्राम पंचायत में हॉकी और फुटबॉल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए 800 से अधिक टीम ने पंजीकरण कराया है। सुंदरगढ़ को ओडिशा में हॉकी का गढ़ माना जाता है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पद्मश्री से सम्मानित दिलीप टिर्की इस मौके पर मुख्य आकर्षण थे। भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी टिर्की की बेटी सुभद्रा प्रधान को इस मौके पर सम्मानित किया गया। सोनामारा की सराहना करते हुए टिर्की ने समारोह के दौरान कहा कि इस गांव के मैदान पर खेलकर मैने अपने खेल को निखारा और राष्ट्रीय टीम में जगह बनायी। सोनामारा सहित जिले के गांवों के कई खिलाड़ियों ने सुंदरगढ़ को गौरवान्वित किया है।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मिली वीजा की अनुमति

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में होने जा रहे ब्लाइंड टीम टी-20 विश्व कप 2022 को लेकर बड़ी खबर सामने आयी है। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारत में होने वाले विश्व कप के लिए पाकिस्तान ब्लाइंड क्रिकेट टीम के 34 खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा जारी करने की मंजूरी दे दी है। जी हां इसी के साथ अब विदेश मंत्रालय टीम को वीजा जारी किया जायेगा। इससे पहले इस मामले पर ब्लाइंड क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कहा था कि 'पाकिस्तान का वीजा खारिज हो गया है। वे विश्व कप में भाग लेने नहीं आ रहे हैं। वहीं, इसके बाद पाकिस्तान ने इसको लेकर सवाल उठाये थे। पाकिस्तान ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल ने कहा था कि खेल को क्षेत्रीय राजनीति से ऊपर होना चाहिए और खास तौर पर दिव्यांग व्यक्तियों के मेगा खेल आयोजनों में उचित व्यवहार किया जाना चाहिए। वहीं, अब इसे लेकर गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के 34 सदस्यीय खिलाड़ियों के दल को वीजा जारी करने की अनुमति दे दी गयी है। वीजा जारी करने का काम गृह मंत्रालय का नहीं है। अब संबंधित विभाग वीजा जारी कर सकेगा।

### स्लेजिंग पर उतरे सिराज, थर्राया बल्लेबाज

**मीरपुर (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे इंटरनेशनल में भारतीय पेसर्स का आक्रामक तेवर देखने को मिला। मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक जैसे युवा खिलाड़ियों ने मिलकर माहौल बनाया। बांग्लादेशी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। लगातार शॉर्ट और बॉडी लाइन बॉल फेंकते रहे। इस दौरान सिराज ने विरोधी बल्लेबाज शंटो को स्लेज भी किया। दोनों के बीच कुछ बातचीत भी हुई। आवाज स्पष्ट नहीं थी, लेकिन कैमरा में सबकुछ कैद हो गया। बाएं हाथ के बल्लेबाज नजमुल हुसैन शंटो पहला विकेट गिरने के बाद आए थे। क्रीज पर आते ही मोहम्मद सिराज ने उन पर अटैक किया। फुल लैंथ पर आउट साइड ऑफ स्टंप गेंद डाल रहे थे। बार-बार उन्हें कवर ड्राइव खेलने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। आठवें ओवर में दोनों आपस में भिड़ गए। ओवर की पहली गेंद पर नजमुल हुसैन शंटो ने चौका लगाया। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने दो डॉट गेंद फेंकी। चौथी डिलीवरी पर बवाल हुआ। बाउंसर फेंकने के बाद सिराज आगे गए और कुछ कहा।

# 16 साल बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचा पुर्तगाल

## स्विट्जरलैंड को 6-1 से हराया, गोंजालो रामोस ने किये तीन गोल



**दोहा (एजेंसी)।** कतर में खेले जा रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप के प्री क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल ने गोंजालो रामोस की हैट्रिक की बदौलत स्विटजरलैंड को 6-1 से हराया। इसके साथ ही पुर्तगाल की टीम 16 साल बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। इससे पहले पुर्तगाल 2006 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। रामोस को पहली बार शुरूआती एकादश में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की जगह शामिल किया गया था। इस मैच में क्रिस्टियानो को रिप्लेसमेंट के तौर पर उतारा गया था। रोनाल्डो इस मैच में एक भी गोल नहीं कर पाए। पुर्तगाल की ओर से कुल 6 गोल किए गए थे। रामोस ने 17वें, 51वें और 67वें मिनट में गोल कर टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक लगाई। इसके अलावा 39 वर्षीय डिफेंडर पेपे ने 33वें, राफेर गुएरेरो ने 55वें और राफेल लियायो ने इंजरी टाइम (90+2वें मिनट) में गोल किया। वहीं, स्विटजरलैंड की ओर से एकमात्र गोल मैनुअल अकांजी ने 58वें मिनट में किया।

**सिर्फ 16 मिनट के अंदर हुए 4 गोल :** पहले हाफ तक मैच में दो गोल ही हुए थे। दोनों गोल पुर्तगाल की ओर से किए गए थे। वहीं, हाफ टाइम के बाद 16 मिनट के अंदर 4 गोल हुए। इनमें से तीन गोल पुर्तगाल की ओर से किए गए, जबकि एक गोल स्विटजरलैंड की ओर से किया गया। मैच के 51वें मिनट में रामोस ने गोल कर टीम को 3-0 से आगे कर दिया। उनका मैच का यह दूसरा गोल था। वहीं, चार मिनट बाद यानी 55वें मिनट में राफेल ने गोल कर पुर्तगाल को 4-0 की बढ़त दिला दी। इसके ठीक तीन मिनट बाद, यानी 58वें मिनट में स्विटजरलैंड की ओर से मैनुअल अंकाजी ने गोल कर बढ़त की अंतर को कम करके 4-1 कर दिया। 67वें मिनट में रामोस ने अपना तीसरा गोल किया और टीम की बढ़त को 5-1 कर दिया।

# फीफा वर्ल्ड कप : ब्राजील को याद आया 'पेले' का जमाना




**दोहा (एजेंसी)।** फुटबॉल की दुनिया में ब्राजील का नाम आज से नहीं, जमाने से कायम है। हालांकि, आज के दौर में उसकी वो छवि थोड़ी धूमिल हुई है, लेकिन साउथ कोरिया के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 16 मैच में मिजाज और अंदाज सब वही पुराना वाला दिखा। ब्राजील का खेल उसके नाम से मेल खाता हुआ मैदान पर नजर आया। ऐसा इसलिए क्योंकि उसका खेल देख पेले का जमाना याद आ गया। अब आप कहेंगे कि भला ये कैसे? तो भई पेले के दौर के बाद 36 मिनट में चार गोल भी तो ब्राजील ने पहले कभी नहीं किये। जी हां, ब्राजील ने साउथ कोरिया को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल का टिकट कटाया और ये सभी चार गोल उसने मैच के पहले हाफ में दागे। ब्राजील ने आखिरी बार किसी वर्ल्ड कप मैच के पहले हाफ में चार गोल 1954 में मेक्सिको के खिलाफ किए थे। और ये तो वही दौर था जब ब्राजील के लिए मैदान पर ब्लैक पर्ल के नाम से मशहूर पेले खेला करते थे। शायद यही वजह भी है कि साउथ कोरिया पर जीत को ब्राजील की टीम ने पेले को डेडिकेट किया। मैच के बाद वो उनके नाम के बैनर पकड़े दिखे। बता दें कि पेले अभी खराब सेहत के चलते अस्पताल में भर्ती हैं। बहरहाल, साउथ कोरिया के खिलाफ मुकाबला ही ब्राजील के दबदबे से शुरू हुआ। 10 मिनट के अंदर यानी ठीक 7वें मिनट में ब्राजील ने पहला गोल साउथ कोरिया के गोलपोस्ट में दाग दिया। 1-0 की ये बढ़त कम न पड़ जाए इसलिए 13वें मिनट में एंकल इंजरी से उबरकर वापसी कर रहे स्टार फॉरवर्ड नेमार ने एक और गोल दाग दिया। अब साउथ कोरिया पर ब्राजील की बढ़त 2-0 की हो गई। लेकिन, अभी तो पार्टी शुरू हुई थी। गोल दागने का अगला मौका ब्राजील ने 29वें मिनट में बनाया और कर भी दिया। इस बार कामयाबी रिचार्लीसन को मिली। उसके बाद मैच के 36वें मिनट में ब्राजील की ओर से चौथा और आखिरी गोल लुकास पैक्वेटा ने दागा।

### सैमुअल इटो ने व्यक्ति को मारी लात, अब मांगी माफी

**दोहा (एजेंसी)।** कैमरून फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और पूर्व स्टार खिलाड़ी सैमुअल इटो ने मंगलवार को विश्व कप स्टेडियम के बाहर एक व्यक्ति को लात मारने के लिए माफी मांगी है जिसे उन्होंने एक हिंसक झड़प करार दिया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें वह कैमरा लिए एक व्यक्ति की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बार्सिलोना और इंटर मिलान के पूर्व फॉरवर्ड को शुरू में उनके दल के लोगों ने रोका लेकिन फिर उन्होंने इस व्यक्ति को लात मारी जिससे वह पीछे की ओर गिर गया। इटो ने अपने ट्विटर अकांउट पर फ्रेंच और इंग्लिश में बयान पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने लिखा कि मेरी एक व्यक्ति से हिसंक झड़प हो गयी जो शायद अल्जीरया का समर्थक था। उन्होंने कहा कि मैं अपना आपा खोने और इस तरह से प्रतिक्रिया करने के लिए माफी मांगना चाहूंगा जो मेरे जैसे व्यक्ति को शोभा नहीं देता।

# बांग्लादेश में लगातार दूसरी बार सीरीज हारी भारतीय टीम



■ आखिरी दो गेंद पर दो छक्कों की थी जरूरत, रोहित एक ही जमा सके

**मीरपुर (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा की 28 गेंद पर 51 रनों की नाबाद पारी के बावजूद भारत दूसरे वनडे में बांग्लादेश से 5 रन से हार गया। 272 रन के टारगेट का पीछा करते हुए भारत ने 49.4 ओवर में 9 विकेट पर 260 रन बना लिए थे। जीत के लिए आखिरी दो गेंद पर दो छक्कों की जरूरत थी। रोहित ने 5वीं गेंद पर छक्का जमा दिया, लेकिन आखिरी गेंद पर वे ऐसा नहीं कर सके। इसके साथ ही बांग्लादेश ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। यह भारत की बांग्लादेश में वनडे सीरीज में लगातार दूसरी सीरीज हार है। इससे पहले 2015 में बांग्लादेश ने भारत को वनडे सीरीज में 2-1 से हराया था। अंगूठे की चोट के कारण रोहित शर्मा इस मैच में ओपनिंग नहीं कर पाए। वे 9वें नंबर के बल्लेबाज के तौर पर उतरे। आखिरी तीन ओवर के खेल में भारत को 40 रन की जरूरत थी। 48वें ओवर में मोहम्मद सिराज स्ट्राइक पर थे और रोहित नॉन स्ट्राइक पर। मुस्तफिजुर रहमान ने इस ओवर में सिराज को 1 रन भी नहीं लेने दिया। अब आखिरी दो ओवर में भारत को जीत के लिए 40 रन की जरूरत थी। महमूदुल्लाह के इस ओवर में 20 रन आ गए। रोहित ने इस ओवर की पहली और तीसरी गेंद पर छक्का जमाया। इसके अलावा उन्होंने दो डबल और एक सिंगल भी लिया। तीन रन वाइड के रूप में मिले थे।

**इससे पहले** टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरे बांग्लादेश ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 271 रन बनाए। मेहदी हसन मिराज (100) उसकी ओर से टॉप स्कोरर रहे। जबकि महमूदुल्लाह ने 77 रन बनाए। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। जबकि उमरान मलिक और मोहम्मद सिराज को 2-2 सफलताएं मिलीं।

**अय्यर-पटेल के बीच शतकीय साझेदारी :** विराट कोहली की जगह नंबर-3 पर खेलने आए श्रेयस अय्यर और चौथे नंबर पर उतरे अक्षर पटेल ने 5वें विकेट के लिए 101 गेंदों पर 107 रनों की पार्टनरशिप की। दोनों ने अर्धशतक जमाए। पहले श्रेयस ने 69 बॉलों पर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 102 बॉल पर 82 रन बनाए। इस पारी में 6 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। यह अय्यर का 14वां वनडे अर्धशतक है। अय्यर ने इस फॉर्मेट के पिछले 11 मैचों में 6 अर्धशतक और एक शतक जमाया है। श्रेयस के बाद अक्षर ने 50 बॉल में अपना तीसरा वनडे अर्धशतक पूरा किया। वे 56 रन बनाकर आउट हुए।

### मेहदी हसन ने वनडे करियर का ठोका पहला शतक

**मीरपुर (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच ढाका में खेले गये दूसरे वनडे में मेजबान टीम ने भारत को 271 रनों का लक्ष्य दिया। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने आयी बांग्लादेशी की शुरूआत बेहद खराब रही। पहले 20 ओवरों में टीम ने छह विकेट के नुकसान पर मात्र 66 रन बनाए, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि, बांग्लादेश की टीम 100 से कम रनों पर सिमट जाएगी, लेकिन इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मेहदी हसन ने भारतीय गेंदबाजों को दांतो तले चने चबा दिए। उन्होंने 83 गेंदों में नाबाद 100 रन बनाए और इसके साथ ही उन्होंने अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़ा। पिछले मैच में भारत के खिलाफ एक विकेट से जीत दिलाकर टीम के हीरो रहे हसन एक बार फिर भारत के सामने दीवार की तरह खड़े हुए और उन्होंने टीम को सामानजनक स्कोर तक पहुंचाने में एक अहम भूमिका निभायी।

# मीराबाई चानू ने 'सिल्वर' जीत रचा इतिहास

## कलाई की चोट के बावजूद उठाया 200 किलो वजन




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश के ओलंपिक गेम्स में मेडल जीतने वाली मीराबाई चानू ने एक बार फिर से देश को गौरवान्वित किया है। वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू ने देश के सिल्वर मेडल जीता है। यह जीत इसलिए भी खास है, क्योंकि मीराबाई चानू की कलाई में चोट लगी थी, इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। चानू ने कुल 200 किलो वजह उठाया। उन्होंने स्नैच में 87 किलो और क्लीन एंड जर्क मों 113 किलोग्राम का वजन उठाया और देश को मेडल दिलाया। चीन की वेटलिफ्टर जियांग हुईहुआ ने कुल 206 किलो वजन उठाया और गोल्ड मेडल जीता। जबकि चीन की ही ओलंपिक चैंपियन होउ झिउआ तीसरे स्थान पर रहीं और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। मीराबाई चानू के कोच ने कहा कि हम इस टूर्नामेंट के लिए कोई दबाव नहीं ले रहे थे। यह वह वजन है जिसे मीरा हमेशा उठाती हैं। अब से हम वजन बढ़ाना और सुधार करना शुरू करेंगे। हम चोट को लेकर भी कुछ नहीं कर सकते, लेकिन विश्व चैंपियनशिप नहीं छोड़ना चाहते थे। अगले टूर्नामेंट के लिए अभी काफी समय है और हम उनकी कलाई पर ध्यान देंगे।

इस प्रतियोगिता में कुल 11 खिलाड़ी शामिल थे, लेकिन ज्यादातर खिलाड़ियों ने ज्यादा जोर नहीं लगाया और चोट से बचने की कोशिश की। कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीतने के बाद मीराबाई चानू पहली प्रतियोगिता में शामिल हुईं। चानू ने 84 किलोग्राम भार उठाने के साथ शुरूआत की, लेकिन 87 किलोग्राम भार उठाने के उनके दूसरे प्रयास को असफल माना गया। यही वजह रही कि उन्होंने ज्यादा वजन उठाने की कोशिश नहीं की। यह मीराबाई चानू का दूसरा विश्व चैंपियनशिप मेडल है। इससे पहले 2017 में उन्होंने देश के लिए गोल्ड मेडल जीता था। 2022 का विश्व चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है।

# टेस्ट : ईश्वरन का नाबाद शतक, भारत 'ए' ने बांग्लादेश 'ए' पर बनायी मजबूत बढ़त



**सिलहट (एजेंसी)।** कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के नाबाद शतक की मदद से भारत 'ए' ने बुधवार को यहां बांग्लादेश ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 324 रन बनाकर बढ़त हासिल की। ईश्वरन 144 रन बनाकर खेल रहे हैं जो उनके प्रथम श्रेणी करियर का 18वां शतक है। उन्होंने टेस्ट श्रृंखला की तैयारी में जुटे चेतेश्वर पुजारा (52) के साथ तीसरे विकेट के लिए 119 और विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत (77) के साथ पांचवें विकेट के लिए 151 रन की उपयोगी साझेदारियां की। इन तीनों बल्लेबाजों के प्रयास से भारत ने बांग्लादेश की टीम पर 72 रन की बढ़त हासिल कर ली है। बांग्लादेश ए ने अपनी पहली पारी में 252 रन बनाए थे। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ईश्वरन के साथ जयंत यादव चार रन पर खेल रहे थे।

भारत ए ने सुबह अपनी पारी बिना किसी नुकसान के 11 रन से आगे बढ़ायी, लेकिन उसने जल्द ही यशस्वी जायसवाल (12) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मुश्फिक हसन (68 रन देकर दो) ने शहादत हुसैन के हाथों कैच कराया। ईश्वरन ने इसके बाद पुजारा के साथ मिलकर पारी संवारी। बांग्लादेश के खिलाफ होनेवाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले पुजारा अच्छी लय में दिख रहे थे। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर मोमिनुल हक की गेंद पर विकेट के पीछे कैच थमाने से पहले 124 गेंदे खेली और सात चौके लगाये। भारत ए ने इसके बाद यश ढुल (17) और सरफराज खान (शून्य) के विकेट भी जल्दी गंवा दिये, लेकिन भरत ने अपने कप्तान का अच्छा साथ दिया। ईश्वरन ने अपनी पारी में अब तक 231 गेंदों का सामना करके 13 चौके और दो छक्के लगाए हैं। भरत ने अपनी पारी में 132 गेंदों का सामना किया और 10 चौके लगाए। सुमोन खान (67 रन देकर दो) ने उन्हें दिन के अंतिम क्षणों में बोल्ड किया।

### शानदार प्रदर्शन के चलते राहुल और अय्यर की रैंकिंग में सुधार

दुबई (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली बुधवार को जारी ताजा आईसीसी पुरूष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में क्रमशः नौंवे और 10वें स्थान पर बरकरार हैं, जबकि श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने छलांग लगाई है। अय्यर बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे में 24 रन और इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम मैच में 49 रन बनाकर सात पायदान के फायदे से संयुक्त 20वें पर पहुंच गए हैं। वहीं, राहुल ने मीरपुर में 73 रन की पारी खेलकर चार पायदान की छलांग लगाई है, जिससे वह 35वां स्थान हासिल करने में सफल रहे। रोहित और कोहली शीर्ष 10 में काबिज दो भारतीय बल्लेबाज हैं। गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी जोड़ी को भी बांग्लादेश के खिलाफ शुरूआती वनडे में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत लाभ हुआ। सिराज श्रीलंकाई लेग स्पिनर वानिंदु हसारंगा के साथ संयुक्त 26वें स्थान पर हैं।

# 2022 में सबसे अधिक टी-20 जीतकर भी भारत ने बहुत कुछ खोया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने 2022 में सबसे अधिक टी-20 इंटरनेशनल के मुकाबले जीते हैं। दूसरे नंबर पर रहनेवाली टीम से लगभग दोगुने, लेकिन फिर भी टीम के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा। रोहित शर्मा की अगुआई में टीम टी-20 एशिया कप के फाइनल में जगह नहीं बना सकी। वहीं, टी-20 वर्ल्ड कप की बात करें, तो वहां भी उसे सेमीफाइनल में हार मिली थी।

वर्ल्ड कप में मिली हार के बाद अब नये टी-20 कप्तान बनाये जाने की चर्चा है। इसमें हार्दिक पांड्या का नाम सबसे आगे है। इसकी बड़ी वजह भी है। वह बतौर कप्तान अपने पहले ही आईपीएल में गुजरात टाइटंस को चैम्पियन बना चुके हैं। दूसरी ओर सूर्यकुमार यादव टी-20 के नये सुपरस्टार बनकर उभरे हैं। टी-20 टीम की इस समय सबसे अधिक चर्चा हो रही है। भारतीय टीम 2007 के बाद से टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब नहीं जीत सकी है। 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होनेवाले टी-20 वर्ल्ड कप में कई सीनियर खिलाड़ी टीम में नहीं होंगे। ऐसे में अभी से नये कोच और नये कप्तान की बात हो रही है। दूसरी ओर पाकिस्तान के प्रदर्शन की बात करें, तो उसने 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक का सफर किया था। पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया में हुए टूर्नामेंट में खराब शुरुआत के बाद भी टीम खिताबी दौरे में जगह बनाने में सफल रही थी।

### सूर्या ने 1100 से अधिक रन बनाये

**सूर्यकुमार** यादव ने 2022 में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे अधिक रन बनाये। वे एक हजार रन बनानेवाले इकलौते खिलाड़ी भी रहे। सूर्या ने 31 पारियों में 47 की औसत से 1164 रन बनाये। दो शतक और नौ अर्धशतक लगाया। पाकिस्तान के रिजवान 996 रन के साथ दूसरे और विराट कोहली 781 रन के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### तीन सीरीज में किया क्लीन स्वीप

**टीम** इंडिया ने साल 2022 में तीन द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया। साल की शुरुआत उसने वेस्टइंडीज पर 3-0 से जीत के साथ की। इसके बाद उसने श्रीलंका को 3-0 से मात दी। फिर साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 2-2 से बराबर रही। इसके बाद टीम ने आयरलैंड को 2-0 से, इंग्लैंड को 2-1 से और वेस्टइंडीज को 4-1 से मात दी। इसके बाद हुए एशिया कप में टीम पांच में से तीन ही मैच जीत सकी। दो में उसे हार मिली। टीम फाइनल में भी जगह नहीं बना सकी। इसके बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से और साउथ अफ्रीका से 2-1 से जीत मिली। फिर टी-20 वर्ल्ड कप में टीम छह में से चार मैच जीतने में सफल रही। दो में उसे हार मिली। साल की अंतिम सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को 1-0 से जीत मिली।

**इंग्लैंड-न्यूजीलैंड दूसरे पर रहे :** साल 2022 की बात करें, तो टीम इंडिया ने 40 में से 28 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले जीते। 10 में उसे हार मिली। एक मैच टाई रहा, जबकि एक का रिजल्ट नहीं आया। इंग्लैंड ने 27 में से 15 और न्यूजीलैंड ने 22 में से 15 टी-20 जीते। यानी दोनों ही टीमें संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर रहीं। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब भी जीता। यह उसका ओवरऑल दूसरा टाइटल है। पाकिस्तान को 14 तो ऑस्ट्रेलिया को 12 टी-20 में जीत मिली।

